राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रातः किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 शुभमन बर्मिंघम टेस्ट जीतने वाले इकलौते भारतीय कप्तान

वनतारा की तर्ज पर गुरुग्राम में भी बनेगी जंगल सफारी, सीएम सैनी ने.... 12

वर्ष : 13 | अंक : 88 | पटना, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन : मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का किया आह्वान

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक शासन के ढांचे में सुधार, आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई और जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। विदेश मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री की शिखर सम्मेलन में सहभागिता पर जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री ने उद्घाटन सत्र में वैश्विक शासन और शांति-सुरक्षा पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को सतत विकास के लिए अधिक जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी की पहुंच की आवश्यकता है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और डब्ल्यूटीओ जैसे संस्थानों में तत्काल सुधार की मांग की। आतंकवाद पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले को मानवता पर आघात बताया। उन्होंने कहा कि आतंक को संरक्षण, वित्तपोषण या प्रोत्साहन देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने दोहरे मानकों से बचने और आतंकवाद के विरुद्ध शून्य सहिष्णुता नीति की वकालत की। बाद में मल्टीलेटरलिज्म, आर्थिक-वित्तीय मामलों और एआई सत्र में उन्होंने कहा कि विविधता और बहुध्रुवीयता ब्रिक्स की ताकत हैं। उन्होंने चार सुझाव दिए–ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक को दीर्घकालिक



और मांग आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए, विज्ञान एवं अनुसंधान रिपोजिटरी स्थापित किया जाए, आवश्यक खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित बनाया जाए और एआई के क्षेत्र में नवाचार और उत्तरदायित्व को संतुलित किया जाए। सम्मेलन के अंत में ब्रिक्स देशों ने रियो डी जेनेरियो घोषणा को अपनाया। रियो डी जनेरियो डिक्लेरेशन स्ट्रेंग्थनिंग ग्लोबल साउथ कोऑपरेशन फॉर अ मोर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल गवर्नेंस में विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ाने, वैश्विक संस्थानों में सुधार और समावेशी तथा सतत विकास को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। साथ ही आतंकवाद पर कड़ा रूख अपनाया गया है।

**भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक सफलता :**

पहलगाम हमले को अत्यंत निंदनीय और गंभीर अपराध करार देते हुए ब्रिक्स ने पहली बार इतने स्पष्ट शब्दों में भारत में हुए किसी आतंकी हमले की आलोचना की है। इस बयान को भारत की कूटनीतिक रणनीति की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिक्स नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में व्यापक सुधार की मांग को फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक संस्थाएं अब समकालीन वास्तविकताओं और विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण की चिंताओं को प्रभावी ढंग से प्रतिबिंबित नहीं कर पा रही हैं। यह सुझाव दिया गया कि परिषद की संरचना में बदलाव कर इसे अधिक समावेशी और लोकतांत्रिक बनाया जाए।

## पीएम मोदी ने अर्जेंटीना के उपराष्ट्रपति को मधुबनी चित्रकला गिफ्ट की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना के उपराष्ट्रपति को मधुबनी चित्रकला गिफ्ट की। यह मधुबनी सूर्य चित्रकला बिहार के मिथिला क्षेत्र की भारत की सबसे पुरानी लोक कला परंपराओं में से एक को खूबसूरती से प्रदर्शित करती है। मोटी रेखाओं, जटिल पैटर्नों और प्राकृतिक रंगों के लिए प्रसिद्ध, मधुबनी कला पारंपरिक रूप से त्योहारों के दौरान दीवारों को सजाने के लिए उपयोग की जाती थी ताकि समृद्धि लाई जाए और नकारात्मकता को दूर रखा जाए।यह चित्र सूर्य को दशार्ता है, जो ऊर्जा और जीवन का प्रतीक है, जिसके चारों ओर विस्तृत पुष्प बॉर्डर और मोटिफ्स हैं जो हर स्थान को भरते हैं–यह इस शैली की विशेषता है। सांस्कृतिक विरासत और सूक्ष्म शिल्प कौशल में निहित, यह एक सजावटी कृति होने के साथ-साथ भारत की स्थायी लोक कला का एक जीवंत श्रद्धांजलि है।

## संक्षिप्त खबरें

### मुजफ्फरपुर में कनिष्ठ अभिंयता की हत्या

मुजफ्फरपुर/। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक कनिष्ठ अभियंता की उसके परिवार के सामने कथित तौर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई और पटना में 50 वर्षीय कारोबारी को गोली मार दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के मादीपुर में तड़के करीब तीन बजे कनिष्ठ अभियंता मोहम्मद मुमताज की उनके घर में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। उसने बताया कि लुटेरों ने मुमताज की उनकी पत्न ी और बच्चों के सामने हत्या की तथा घर से कीमती सामान लूटकर फरार हो गए।

मुजफ्फरपुर के पुलिस अधीक्षक (शहर) कोटा किरण कुमार ने बताया, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मुमताज को नजदीकी सरकारी अस्पताल ले गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा, पुलिस ने घटनास्थल से अपराध में इस्तेमाल हथियार बरामद कर लिया है। फॉरेंसिक विशेषज्ञ और श्वान दस्ते को भी बुलाया गया है।

### पंजाबः दसुआ के पास मिनी बस पलटने से सात लोगों की मौत

होशियारपुर (पंजाब)। पंजाब में होशियारपुर के सगरां गांव के निकट सोमवार को एक मिनी बस पलट जाने से सात यात्रियों की मौत हो गई और 32 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुकेरियां के पुलिस उपाधीक्षक कुलविंदर सिंह विर्क ने बताया कि करीब 40 यात्रियों को लेकर बस हाजीपुर से दसुआ जा रही थी तभी चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। पुलिस ने बताया कि घायल यात्रियों को दसुआ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विर्क ने कहा, दुर्घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है और इनका पता लगाने के लिए गहन जांच की जाएगी।

# सीएम नीतीश ने 7468 नवनियुक्त एएनएम को दिया नियुक्ति पत्र

## मुख्यमंत्री ने निष्ठा से काम करने की जताई उम्मीद

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री सचिवालय में संवाद कार्यक्रम के दौरान 7,468 नई नियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से मोना कुमारी, नीलू कुमारी, अमृता कुमारी, प्रिया सिन्हा एवं रीमा कुमारी को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त एएनएम को बधाई एवं शुभकामनायें देते हुये कहा कि मेरा विश्वास है कि सभी नवनियुक्त कर्मी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और नियुक्ति




पत्र पाने वाली एएनएम मौजूद थीं। इस मौके पर बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हम बिहार के युवाओं को 30 लाख नौकरियां देने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं और इस लक्ष्य को जल्द हासिल कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार का मतलब है रोजगार ही रोजगार। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 7468 नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं को नियुक्ति प्रमाण-पत्र वितरित किए हैं। यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण की भी एक अप्रतिम मिसाल है। इससे हजारों परिवारों के जीवन में एक बदलाव आएगा। नारीशक्ति को सम्मान और आर्थिक सुरक्षा का भाव-बोध भी पैदा होगा। सभी नवनियुक्त महिला स्वास्थ्य कार्यकताओं (नर्स) को शुभकामनाएं देते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि आप सभी पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे जिससे मरीजों को लाभ होगा। वहीं, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में अभी और नियुक्तियां की जानी हैं। खाली पदों को भरने का लगातार काम चल रहा है।

उल्लेखनीय है कि इसी साल बिहार में विधानसभा चुनाव होना है, उससे पहले सरकार ने अधिक से अधिक नियुक्ति पत्र बांटने की योजना बनाई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, स्वास्थ्य विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, बिहार स्वास्थ्य सेवायें एवं आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक निलेश देवरे सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं नियुक्ति पत्र पानेवालीं एएनएम उपस्थित थीं।

**उच्चतम न्यायालय ने चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने की दी सहमति**

# मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 10 को

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने की सहमति दे दी। शीर्ष अदालत ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर 10 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। याचिकाओं में विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने और राज्य में मौजूदा मतदाता सूची के आधार पर ही विधानसभा चुनाव कराने की मांग की है। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकताओं से कहा कि वे याचिकाओं की प्रति निर्वाचन आयोग को मुहैया कराएं, हम इस पर गुरुवार को विस्तार से सुनवाई करेंगे। इससे पहले, बिहार में एसआईआर कराने के निर्वाचन आयोग के 24 जून के आदेश के खिलाफ याचिका दाखिल



करने वालों की ओर से कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी और अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने शीर्ष अदालत से तत्काल इस मामले की सुनवाई करने का आग्रह किया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने पीठ से कहा कि आयोग द्वारा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले, बिहार में कराए जा रहे मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है क्योंकि इससे राज्य में लाखों लोग अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं। राजद सांसद मनोज झा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शीर्ष अदालत से याचिकाओं पर तत्काल सुनवाई करने और निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा तय समय सीमा के भीतर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण करना असंभव कार्य है क्योंकि नवंबर में चुनाव होने की संभावना है)। एक अन्य याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ से कहा कि बिहार में लगभज 8 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें से करीब चार करोड़ मतदाताओं को इस प्रक्रिया के तहत अपने दस्तावेज जमा कराने होंगे। सिंघवी ने कहा कि समयसीमा बहुत सख्त है और यदि 25 जुलाई तक आप (मतदाता) दस्तावेज जमा

# बिहार में एसआईआर अभियान प्रगति पर : आयोग

## पिछले 24 घंटों में 1.18 करोड़ फॉर्म जमा

प्रातः किरण/एजेंसी

पटना। भारत निर्वाचन आयोग का दावा है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान तेजी से प्रगति पर है। भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के ताजे आंकड़े जारी किए हैं। बताया गया है कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को मतदाताओं के सक्रिय सहयोग से जमीनी स्तर पर पूरी गति के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। सोमवार शाम 6 बजे तक, कुल 2,87,98,460 गणना प्रपत्र प्राप्त हुए हैं, जो बिहार के कुल 7.90 करोड़ नामांकित मतदाताओं का 36.47 प्रतिशत है। केवल पिछले 24 घंटों में ही 1,18,49,252 फॉर्म एकत्र किए गए हैं। अभी भी फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि तक 18 दिन शेष हैं। आगे बताया गया है कि फॉर्मों की ऑनलाइन अपलोडिंग प्रक्रिया भी तेजी से जारी है और अब तक लगभग 7.90 करोड़ मतदाताओं 11.26 प्रतिशत फॉर्म पोर्टल पर शाम 06.00 बजे तक अपलोड किए जा चुके हैं। आंशिक रूप से भरे फॉर्म पोर्टल और एकिनेट मोबाइल ऐप पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध हैं। मतदाता स्वयं भी फॉर्म अपलोड कर सकते हैं। 77,895 इछड घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर फॉर्म भरवा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 20,603 नए इछड भी प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने हेतु तैनात किए जा रहे हैं। इस कार्य में लगभग 4 लाख स्वयंसेवक, वृद्ध, दिव्यांग और बीमार मतदाताओं की सहायता के लिए मैदान में सक्रिय हैं। राज्य के सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यरत 239 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, 963 सहायक 38 जिला निर्वाचन पदाधिकारी और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी इस अभियान की निगरानी और समन्वय में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ-साथ, 1,54,977 बूथ लेवल एजेंट्स, जो विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त किए गए हैं, एसआईआर प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

### मतदाता पुनरीक्षण मनमाना और दुर्भावनाग्रस्त : खेड़ा

दिल्ली/एजेंसी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन पवन खेड़ा ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने आज 9 अन्य प्रमुख विपक्षी दलों के साथ मिलकर चुनाव आयोग द्वारा बिहार में की जा रही त्रुटिपूर्ण और विनाशकारी विशेष गहन पुनरीक्षण को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है जिसकी दुर्भावनापूर्ण और मनमानी प्रक्रिया के कारण भारी संख्या में मतदाताओं के नाम आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव से पूर्व मतदाता सूची से हटाए जाने की पूरी आशंका है। संपूर्ण विपक्ष इस जनविरोधी कवायद के खिलाफ एकजुट होकर आम लोगों के साथ खड़ा है। साथ ही उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को सुनवाई के लिए गुरुवार, 10 जुलाई 2025 को सूचीबद्ध किया है।

# पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

## डायन का आरोप लगा सभी को जिंदा जलाया

प्रातः किरण

पूर्णिया। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत राजीगंज पंचायत के टेटगामा वार्ड-10 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। डायन का आरोप लगाकर गांव के ही एक ही परिवार के पांच लोगों की पीट-पीटकर और जिंदा जलाकर हत्या कर दी गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है और पुलिस महकमा अलर्ट पर है। जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ लोगों को सीता देवी पर डायन होने का शक था। रविवार रात गांव के मुखिया (मर्रर) नकुल उरांव की अगुवाई में करीब 200 ग्रामीणों की एक पंचायत बुलाई गई, जिसमें डायन बताकर सीता देवी, उनके पति बाबूलाल उरांव , सास कातो देवी, बेटे मंजीत उरांव और बहू रानी देवी को बुलाकर तालिबानी फरमान सुनाया गया। इसके बाद सभी को लाठीडंडों से बेरहमी से पीटा गया, फिर पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया गया। घटना को अंजाम मृतक के पुत्र सोनू कुमार के सामने ही दिया गया। किसी तरह जान बचाकर सोनू वहां से भाग निकला और पुलिस को सूचना दी। घटना कीजानकारी मिलते ही मुफस्सिल थाना के साथ-साथ आसपास के तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसपी स्वीटी सहरावत, एएसपी आलोक रंजन और अन्य वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। मुफस्सिल थानाध्यक्ष उत्तम कुमार ने बताया कि अब तक दो शव बरामद किए गए हैं, बाकी तीन की तलाश की जा रही है। घटना में शामिल गांव के मर्रर नकुल उरांव और ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस लगातार तलाशी अभियान चला रही है ताकि शेष शवों को भी बरामद किया जा सके और आरोपियों को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

**राष्ट्रीय विधि विवि कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान बोलें, उपराष्ट्रपति**

# न्यायाधीश के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना आपराधिक कृत्य, कार्रवाई जरूरीः धनखड़

प्रातः किरण

कोच्चि/नई दिल्ली/एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के घर से बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के मामले में अब तक प्राथमिकी दर्ज नहीं किये जाने का मुद्दा उठाते हुए कहा है कि किसी न्यायाधीश के विरूद्ध संवैधानिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है लेकिन इसे समाधान नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा है कि यह आपराधिक कृत्य है और इस तरह के मामलों में कार्रवाई किया जाना जरूरी है। श्री धनखड़ ने सोमवार को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, कोच्चि में छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ संवाद के दौरान कहा, संवैधानिक प्रावधानों के तहत किसी न्यायाधीश के विरुद्ध कार्रवाई करना एक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह समाधान नहीं है। हम लोकतंत्र होने का दावा करते हैं और वास्तव में हैं भी। दुनिया



हमें एक परिपक्व लोकतंत्र के रूप में देखती है,जहाँ कानून का शासन और कानून के समक्ष समानता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका तात्पर्य यह है कि हर अपराध की जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस मामले से संबंधित न्यायाधीश का नाम लिए बिना कहा कि यदि धनराशि इतनी अधिक है तो कई सवाल उठते हैं जिनका पता लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, यह जानना आवश्यक है कि क्या यह काला धन है? इसका स्रोत क्या है? यह किसी न्यायाधीश के सरकारी आवास में कैसे पहुंचा? यह धन किसका है? इस घटनाक्रम में कई दंडात्मक प्रावधानों के उल्लंघन का उल्लेख करते हुए उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। उन्होंने कहा, मुझे आशा है कि एफआईआर दर्ज की जाएगी। हमें इस मुद्दे की जड़ तक जाना होगा, क्योंकि लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण है। हमारी न्यायपालिका, जिस पर लोगों का विश्वास अडिग है, आज इस घटना के कारण उसकी नींव डगमगा गई है। यह गढ़ हिल गया है।

उप राष्ट्रपति ने शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक जूलियस सीजर का उल्लेख करते हुए कहा, कैसे एक ज्योतिषी ने सीजर को उनकी मृत्यु के प्रति चेताया था। जब सीजर ने कहा आइड्स ऑफ मार्च यानी 15 मार्च आ गया है तो ज्योतिषी ने उत्तर दिया हां, लेकिन गया नहीं और उसी दिन सीजर की हत्या हो गई। इसी तरह हमारी न्यायपालिका के लिए 14-15 मार्च की रात एक दुर्भाग्यपूर्ण समय रहा। उन्होंने कहा कि एक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के आधिकारिक आवास से भारी मात्रा में नकदी मिली। यह मामला अब सार्वजनिक डोमेन में है और उच्चतम न्यायालय ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा, इस स्थिति में सबसे पहले इसे एक आपराधिक कृत्य मानकर तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए थी। दोषियों की पहचान कर उन्हें न्याय के कटघरे में लाना चाहिए था, लेकिन अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के 1990 के दशक के एक निर्णय के कारण विवश है।उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से समस्याओं से जूझने का साहस रखने का आह्वान करते कहा, हमें समस्याओं का सामना करने का साहस रखना चाहिए। विफलताओं को तर्कसंगत ठहराने की प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए।

**ऑपरेशन सिंदूर में दिखी ताकत से स्वदेशी हथियारों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ी**

# भारत का रक्षा बजट दुनिया के कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा : राजनाथ

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने स्वदेशी हथियारों के जरिए जिस तरह अपना शौर्य दिखाया है, उसके बाद हमारे घरेलू उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर और भी बढ़ गई है। आज हम रक्षा क्षेत्र में एक तरह से लगभग आत्मनिर्भरता हासिल कर चुके हैं। हमारे अधिकांश उपकरण एक समय में विदेशों से आयात किए जाते थे, वह आज हम खुद अपने देश में बना रहे हैं। हमारा रक्षा व्यय कुछ ऐसा होना चाहिए, जिसमें सिर्फ हमारा बजट न बढ़े, बल्कि उसका सही आवंटन सही समय पर और सही उद्देश्य के लिए भी हो। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को यह बातें नई दिल्ली में डीआरडीओ की ओर से आयोजित नियंत्रकों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि दुनिया हमारे रक्षा क्षेत्र की ओर देख रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सैनिकों ने जो वीरता दिखाई है, साथ ही जिस तरह से हमने अपने घरेलू उपकरणों की क्षमताओं का प्रदर्शन किया है, उससे हमारे स्वदेशी रक्षा उत्पादों की मांग में वृद्धि हुई है। 2024 में विश्व सैन्य व्यय बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, इतना बड़ा बाजार हमारा इंतजार कर रहा है। अगर आप हमारे रक्षा बजट को देखें, तो यह दुनिया के कुछ देशों की जीडीपी से भी बड़ा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब लोगों की मेहनत की कमाई का एक बड़ा हिस्सा रक्षा मंत्रालय को आवंटित किया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड स्तरीय खेल कुद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फतुहा। सोमवार को स्थानीय हाईस्कूल में खेलो इंडिया के मशाल कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय खेल कुद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी हाईस्कूल व मध्य विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। दो दिवसीय आयोजन के तहत सोमवार को सौ मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में उसफा स्थित अनुग्रह नारायण सर्वोदय हाईस्कूल की छात्रा सोनाली कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल का गौरव बढ़ाया। वहीं 16 वर्षीय छात्र- छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता में ढीवर हाईस्कूल की टीम प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उसफा अनुग्रह नारायण सर्वोदय हाईस्कूल की टीम उपविजेता रही। दुसरी तरफ अंडर 14 वर्षीय छात्र छात्राओं की कबड्डी प्रतियोगिता में उसफा हाईस्कूल की टीम ही विजेता बनकर उभरी। सभी विजेता को बीडीओ प्रमोद कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधीकारी सुजीत कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उसफा हाईस्कूल के प्राचार्य प्रकाश चन्द्र, खेल शिक्षक मोहम्मद अशरफ तथा शिक्षिका बबीता गुप्ता, समृति रानी व कुमारी ज्योति भी मौजूद थी।

### सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को ट्रैक्टर से धक्का लगने से मौत

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिस्कूट फैक्ट्री मोड़ के निकट सोमवार की सुबह सड़क पार कर रहे एक वृद्ध का ट्रैक्टर से धक्का मार दी। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गये। गंभीरावस्था में उसे लेकर लोग सगुना मोड़ स्थित हाईटेक अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची दानापुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा सौप दिया। बतबाया जाता है कि थाना क्षेत्र के नासरीगंज बिस्कूट फैक्ट्री रोड निवासी स्व राम नगिना राय के पुत्र राम निवास राय 65 सोमवार की सुबह घर से निकले। चाय पीने के लिए वो सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान नासरीगंज की ओर से आ रही ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। जिससे वो गिड़ पड़े। आस पास के लोग दौड़े व उन्हे लेकर अस्पताल भेजा। वही चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। स्थानीय पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि राम नगिना राय चाय पीने के लिए सुबह सड़क पार कर रहे थे। तभी ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। यातायात थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिली है। छानबीन की जा रही है।

### रेल मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बिहारवासियों को दी जा रही है कई नई ट्रेनों का सौगात

पटना। पटना-नई दिल्ली के मध्य प्रतिदिन, दरभंगा-लखनऊ एवं मालदा टाउन-लखनऊ के मध्य एक-एक साप्ताहिक अमृत भारत ट्रेन तथा सहरसा और अमृतसर के मध्य अमृत भारत ट्रेन शामिल हैं। इसके साथ ही सीमांचल से दक्षिण भारत के लिए एक नई ट्रेन जो जोगबनी से इरोड के मध्य चलायी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही बिहार के कुछ नई परियोजनाओं की मंजूरी दी जाएगी जिनमें 1156 करोड़ की लागत से 53 किमी लंबी भागलपुर-जमालपुर तीसरी लाईन, 2017 करोड रुपये की लागत से 104 किमी लंबी बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया का दोहरीकरण तथा 3000 करोड़ की लागत से 177 किमी लंबी रामपुर हाट-भागलपुर का दोहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में जल्द ही दो सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क आफ इंडिया (एसटीपीआई) का उद्घाटन किया जाएगा। इनमें 53 करोड की लागत से पाटलिपुत्र में तथा 10 करोड़ की लागत से दरभंगा में निर्मित एसटीपीआई शामिल हैं।

### ट्रेन यात्रियों को झांसा में लेकर सुनसान जगह ले जाकर लूट लेते हैं चार पहिया वाहन

दानापुर खगौल रेल थाना क्षेत्र के यात्रियो के सामान लूटने वाला गिरोह दानापुर स्टेशन के पास सक्रिय है। ट्रेन से उतरने वाले यात्रियो को ये लोग झांसा में लेकर बैठा लेते है। फिर कुछ दूर आगे जाकर उनका सामान लूट कर उतार देते है। ऐसे ही बदमाशो के शिकार दुमका के हंसडिहा बनियारी निवासी छोटू कुमार बन गया। बदमाशो ने उसके बैग मोबाइल व तीन हजार रुपए छीन की रास्ते में मारपीट कर उतार कर भाग निकले। किसी तरह पैदल चल कर छोटू रेल थाना पहुंच कर आप बीती सुनायी। छोटू ने बताया कि शनिवार को वो मुम्बई के लोकमान्य तिलक से घर आने के लिए ट्रेन पकड़ा। सोमवार की अहले सुबह दानापुर स्टेशन पर उतरा।

# सात जिलों के 10 स्वास्थ्य केंद्र को मिला राज्य स्तरीय लक्ष्य प्रमाणन

## स्वास्थ्य विभाग के सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है लक्ष्य प्रमाणीकरण

- लक्ष्य सर्टिफिकेट से सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ रहा विश्वास

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। राज्य में लक्ष्य प्रमाणन स्वास्थ्य संस्थानों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में राज्य के सात जिलों के 10 स्वास्थ्य संस्थानों को राज्य स्तरीय ह्यलक्ष्य सर्टिफिकेशनह्न प्राप्त हुआ है। लक्ष्य प्रमाणन में सबसे ज्यादा अंक वैशाली के जिला अस्पताल को मिला है। लेबर रूम के लिए जिला अस्पताल वैशाली को 94 तथा मेटरनल ओटी के लिए 90 अंक मिले हैं। अभी तक राज्य में कुल 25 स्वास्थ्य संस्थानों को लक्ष्य सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है। इसमें 18 राज्य स्तरीय तथा 9 नेशनल स्तर से सर्टिफाइड है। मालूम हो कि लक्ष्य प्रमाणीकरण स्वास्थ्य विभाग के सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है।

लक्ष्य कार्यक्रम से सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव कराने वाली हर गर्भवती महिला और नवजात को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम से लेबर रूम, ओटी और प्रसूति गहन देखभाल इकाइयों (आईसीयू) और उच्च निर्भरता इकाइयों (एचडीयू) में गर्भवती महिलाओं की देखभाल की गुणवत्ता में सुधार होगा। राज्य के अंदर लक्ष्य सर्टिफिकेशन के अंदर मेडिकल कॉलेज,प्रथम रेफरल इकाई को भी जोड़ा गया है। इसके अलावा लक्ष्य प्रमाणीकरण संस्थानों की संख्या में बढ़ोतरी किए जाने के लिए एक्सटर्नल असेसर द्वारा आनसाइट मॉनिटरिंग भी किया जा रहा है।

लक्ष्य सर्टिफिकेट के कारण प्रसव सेवा में एवं संतुष्टि का लाभ उठा चुकी सीतामढ़ी की नगमा अब्जा कहती हैं कि गर्भकाल के दौरान मेरी पहचान एक उच्च जोखिम वाली महिला के रूप में हुआ था। सदर अस्पताल में मेरा सिजेरियन हुआ। सारी व्यवस्था,कर्मियों का व्यवहार,सुविधाएं ऐसी थी कि लगा ही नहीं की यह कोई सरकारी अस्पताल है।

जिला अस्पताल हाजीपुर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका (लक्ष्य प्रमाणित संस्थान) ने कहा कि लक्ष्य कार्यक्रम मातृ व नवजात देखभाल की गुणवत्ता सुधारने का एक सशक्त मॉडल है, जो कई अंतरराष्ट्रीय मूल्यांकन पद्धतियों से बेहतर सिद्ध हुआ है. इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि यह प्रसव के समय और उसके तुरंत बाद की सेवाओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और गरिमामय बनाता है. इस कार्यक्रम के अंतर्गत लेबर रूम व ऑपरेशन थियेटर का मानकीकरण, प्रसव के दौरान निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन, और महिलाओं को सम्मानजनक देखभाल सुनिश्चित की जाती है।

## सर्वजन पार्टी का व्यवस्था परिवर्तन का आह्वान



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। सर्वजन पार्टी (भारत) की कार्य समिति की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय सुडी टोला, महेंद्रु ,पटना में ओमप्रकाश पंजियार, राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। ओमप्रकाश पंजियार, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्री संजय प्रसाद सरस्वती राष्ट्रीय प्रधान महासचिव ने सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय व्यवस्था परिवर्तन देशभक्ति बैनर यात्रा का शुभारंभ करने का निर्णय लिया। शिक्षा में परिवर्तन, न्याय व्यवस्था में परिवर्तन, चुनावी व्यवस्था में परिवर्तन, जनसंख्या नियंत्रण आदि का सरकार से मांग किया गया। मांग की पूर्ती नहीं होने पर सर्वजन पार्टी भारत की ओर से आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ-साथ संगठन को मजबूत करने संबंधित कई विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

इसमें सक्रिय सदस्यगण श्री विजय कुमार अधिवक्ता, प्रवीण कुमार अधिवक्ता, गोकुल प्रसाद, छोटे प्रसाद अधिवक्ता, पंकज कुमार इन्कम टैक्स अधिवक्ता, रविंद्र कुमार , अनिल कुमार, राजकिशोर प्रसाद, बिहारी प्रसाद एवं अन्य उपस्थित हुए।

## पटना में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर किया गया भव्य आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना । भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी और विचारशील राजनेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 124वीं जयंती के अवसर पर राजधानी पटना में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की स्वायत्त संस्था के तत्वावधान में राम जानकी प्रगति सेवा संस्थान, उसकी इकाई चंड़ी वाहिनी एवं पर्यावरण संरक्षण फोरम की पटना जिला समिति द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। पटना के शिवाजीनगर स्थित कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। दीप प्रज्वलन संस्थान की सचिव अर्पणा बाला, चंड़ी वाहिनी की जिला अध्यक्ष ललिता देवी, एवं पर्यावरण संरक्षण फोरम की जिला अध्यक्ष मंजू देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को नमन किया। कार्यक्रम की एक विशेष कड़ी में युवाओं ने एक जागरूकता रैली निकाला, जिसमें राष्ट्रवाद, एकता और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संदेश दिया गया। रैली के दौरान उपस्थित युवाओं को डॉ. मुखर्जी के बताए राष्ट्रहित के मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया गया। उक्त अवसर पर वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे उन्होंने देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वे न केवल एक शिक्षाविद थे, बल्कि एक दूरदर्शी नेता भी थे, जिन्होंने ह्लएक देश, एक विधान, एक निशानह्न की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम में सचिव अर्पणा बाला, पटना सिटी कार्यालय प्रभारी शाकंभरी, अंशुमली, शिवम् जी सहाय, सुंदरम, प्रेम सिंह त्यागी, आदित्य, रानी, मनु कुमार, राज, राजेश, गौरी कुमारी, एवं संस्थान के सभी सदस्यगण मौजूद रहे। सभी ने कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय योगदान दिया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान की सचिव अर्पणा बाला ने सभी उपस्थित सदस्यों और सहभागियों का आभार व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और देशहित में कार्य करें। यह कार्यक्रम न केवल एक स्मरण आयोजन था, बल्कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला मंच भी साबित हुआ। डॉ. मुखर्जी की विचारधारा आज भी हर भारतीय को राष्ट्र के लिए समर्पण का संदेश देती है।

## पटना के सनातन महाकुंभ में : आयुष्मान भारत संगठन के चिकित्सा सेवा ने लगाया कैम्प

प्रात :किरण संवाददाता



पटना । सनातन संस्कृति के गौरवशाली पर्व सनातन महाकुंभ में जब देशभर से संत, महात्मा, साधु और भक्तों का महासंगम हुआ, तब श्रद्धा और सेवा दोनों का अद्भुत मेल देखने को मिला। इस भव्य आयोजन में जहां जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज, बागेश्वर धाम सरकार के पूज्य पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सहित कई प्रमुख आध्यात्मिक गुरु उपस्थित रहे, वहीं उनके सान्निध्य में देशभर के साधु-संतों और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। इसी महापावन अवसर पर देश के अग्रणी संगठन ह्लआयुष्मान भारतह्न की ओर से निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर. के. गुप्ता, जो देश के प्रसिद्ध चर्म रोग विशेषज्ञ भी हैं, ने अपनी सेवा समर्पित की। इस विशेष सेवा शिविर में डॉ. गुप्ता के साथ उनकी अनुभवी टीम में डॉ. प्रियंका गौतम, डॉ. बबिता कुमारी, अमन सहनी और चन्दन कुमार ने भी पूरी निष्ठा और सेवा-भाव से कार्य किया। शिविर में सैकड़ों साधु-संतों, तीर्थयात्रियों और आम श्रद्धालुओं को निःशुल्क परामर्श, औषधि वितरण और प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान की गई। डॉ. गुप्ता ने कहा कि सनातन महाकुंभ में सेवा देना सिर्फ एक कर्तव्य नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक सौभाग्य है। यहां आने वाले हर संत और श्रद्धालु की सेवा ही सच्ची पूजा है। पूरे महाकुंभ में भगवा ध्वज, शंखनाद, वैदिक मंत्रों और साधना की दिव्यता के बीच, जब श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी सहयोग की आवश्यकता पड़ी, तब आयुष्मान भारत की चिकित्सा टीम ने सेवा का मोर्चा संभाला। यह सेवा केवल औषधि वितरण तक सीमित नहीं रही, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता, जीवनशैली परामर्श और मानसिक संतुलन जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन किया गया। सनातन महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रधर्म, सेवा और संस्कृति का पर्व है। इस आयोजन में आयुष्मान भारत की भूमिका ने यह सिद्ध कर दिया है कि आधुनिक चिकित्सा और सनातन मूल्य साथ-साथ चल सकते हैं। सेवा भाव और संतों का आशीर्वाद इस कार्य को विशेष बनाता है। सनातन महाकुंभ में जहां अध्यात्म का प्रवाह बह रहा था, वहीं आयुष्मान भारत टीम ने सेवा की गंगा बहाई। यह आयोजन सिर्फ पुण्य का नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और चिकित्सकीय सहयोग का भी प्रतीक बन गया। संतों और आमजन का स्वस्थ रहना ही सनातन परंपरा की स्थायी शक्ति है और इस विश्वास को मजबूती दी डॉ. आर. के. गुप्ता एवं उनकी समर्पित टीम।

## आपदा प्रभावित इलाकों में पशुओं की जीवन-रक्षा के लिए होगा चारे का वितरण

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बाढ़ जैसी आपदा से प्रभावित इलाकों में पशुओं की जीवन की रक्षा एक बड़ी चुनौती होती है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार का पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग आगे आया है। विभाग ने बाढ़ या किसी अन्य आपदा के समय निःशुल्क पशुओं के लिए चारा मुहैया कराने की घोषणा की है। विभाग द्वारा की गई घोषणा में कहा गया है कि, आपदा प्रभावित पशुओं के जीवन की रक्षा के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से चारा वितरण के अस्थाई शिविर लगाए जाएंगे।

इन शिविरों में पशुओं के आकार और संख्या के आधार पर चारा वितरण किया जाएगा। आपदा से प्रभावित पशुओं के जीवन रक्षण के लिये सामान्यत बड़े जानवरों के लिये 6 किलोग्राम और छोटे जानवरों के लिए 3 किलोग्राम तथा भेड़-बकरियों के लिये 1 किलोग्राम प्रतिदिन के हिसाब चारा की आवश्यकता होती है। जिला प्रशासन द्वारा लगाए गए शिविरों में एक बार में तीन दिन से लेकर एक सप्ताह के लिए चारा वितरण कराया जाता है। साथ ही, बाढ़ की स्थिति के अनुसार शिविर संचालन और वितरण कराया जाता है। चारा वितरण सुचारु रुप से हो सके इसके लिए पहले ही सभी प्रभावित पशुओं के प्रकार और संख्या के आधार पर गणना कर पशुपालकवार टोकन वितरण किया जाता है। उस टोकन के आधार पर क्रमानुसार चारा का प्रबंध कर वितरित किया जाता है। इस संबंध में अधिक जानकारी पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना स्थित आपदा कोषांग (टेलीफोन नंबर 0612-2230942) या पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना (टेलीफोन नंबर 0612-2226049) से प्राप्त की जा सकती है। माना जा रहा पशुपालन निदेशालय की इस पहल से बाढ़ जैसी आपदा के समय हजारों बेजुबान मवेशियों के जीवन की रक्षा में मदद मिलेगी। बिहार के एक बड़े हिस्से में हर वर्ष बाढ़ आती है, ऐसे में बाढ़ प्रभावित इलाकों के पशुपालकों को विभाग के इस कदम बड़ी राहत मिलेगी।

## मृतक के परिजन से मिले भाजपा नेता प्रमोद सिंह चंद्रवंशी व जहानाबाद के पूर्व सांसद



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !प्रखंड क्षेत्र के नूरा पंचायत के कोरियावा गढ़ में बीते शुक्रवार को क्रिकेट मैच खेलने के दौरान हुई विवाद में अपराधियों द्वारा सतेंद्र चंद्रवंशी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. सोमवर को भाजपा नेता सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी व जहानाबाद के पूर्व सांसद चंदेश्वर चंद्रवंशी गांव जाकर पीडित परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।मिलकर शोक प्रकट करते हुए सांत्वना दी। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया।वही डॉ प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने राज्य सरकार से एसआईटी का गठन कर निर्धारित समय सीमा में जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और अपराधियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की,यह समय राजनीति करने का नहीं है।इस समय हम सबको मिलकर यह संदेश देना होगा कि कोई भी अपराधी बच नहीं सकता,चाहे वह कितना भी ताकतवर क्यों न हो।मृतक के परिजनों को जीवनयापन के लिए सरकार और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा सहायता प्रदान करने को कहा।

## स्कूल संचालक की हत्या का अभी तक नही खुला रहस्य

प्रात : किरण संवाददाता



दानापुर खगौल रविवार रात लगभग 10 बजे के आस पास सगुना मोड़ से खगौल रोड के बीच स्थित डीएवी स्कूल के सामने एक स्कूल संचालक अजीत कुमार की बेखौफ अपराधियों ने उसके सर पर गोली मारकर हत्या कर दी थी। सिर में गोली लगाने के बाद उनकी स्कूटी दूर जा गिरी और वे वहीं गिर गए जहां मौके पर उनकी मौत हो गई। मृतक अजीत लेखानगर स्थित आरएन स्कूल चलता था और वह मुस्तफापुर गांव के रहने वाले था। मृतक के चेचेरे भाई सुशील कुमार ने बताया कि वह लेखा नगर के पास अपना आर.एन. सिन्हा नाम का निजी स्कूल के संचालक थे। रविवार को मृतक अजीत अपने मुस्तफापुर वाले मकान से रात 7 के आसपास लेखा नगर स्थित गणेश अपार्टमेंट अपने फ्लैट मे कुछ काम से गए हुए थे। लेखा नगर से लौटने के क्रम में जब उनकी स्कूटी डीएवी स्कूल के सामने पहुंची ही थी जहां बेखौफ अपराधियों ने उन्हें सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी।सूचना मिलने के बाद पटना वेस्ट एसपी भानु प्रताप सिंह, खगौल थानेदार राजकुमार सिंह और दानापुर थानेदार पहुंचकर छानबीन मे जुट गई। मौके वारदात से पुलिस ने एक खोखा भी बरामद किया है। पुलिस ने मृतक के शव को अपने में कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाते हुए उनके परिजनों को सौंप दिया है। घटना की सूचना मिलते ही मुस्तफापुर गांव में मातम का माहौल छा गया। मृतक तीन भाई में से सबसे छोटा था। सूत्रों की माने तो लेखा नगर स्थित आर एस सिन्हा स्कूल के एमडी रीता सिन्हा से पिछले 6 महीनो से अजीत एवं रीता सिंह के बीच घर व जमीन को लेकर वाद विवाद चल रहा था। दोनो मे झगड़ा होने के कारण पिछले 6 महीना से मृतक अजीत स्कूल को छोड़कर अपने मुस्तफापुर वाले मकान मे रह रहे थे। वहीं मृतक को मुख अग्नि देने वाले बड़े भाई सुजीत कुमार का कहना है कि मेरे छोटे भाई अजीत के मृत्यु का कारण आर. एन. स्कूल के संचालक रीता सिन्हा है। हालाकि पुलिस कि एफएसएल की टीम भी अपने स्तर से छानबीन मे जुटी है। वही सोमवार को मृतक के पिता नरेश चंद्र प्रसाद ने खगौल थाना मे आवेदन देते हुए कहा है कि मेरे पुत्र को रीता सिन्हा पिछले 20 सालों से अपने प्रेम जाल में फंसा रखी थी। रीता सिन्हा कि नजर हमारे पैतृक जमीन पर थी । वही रीता सिन्हा ने बैंक से 2से 3 करोड़ का ऋण ले रखा था जिसका गारंटी मेरा पुत्र अजीत के कंधे पर था अजीत के नाम से ही लॉन का इंश्योरेंस भी था इसको लेकर दोनों में काफी बाद विवाद हुआ करता था। अजीत पिछले 6 महीना से वह रीता सिन्हा को छोड़कर मुस्तफापुर गांव हम लोगों के साथ रह रहा था। नरेश चंद्र प्रसाद ने रीता सिन्हा पर आरोप लगाते हुए कहा है कि रीता सिन्हा ने ही उनके पुत्र कि मौत का जिम्बाबर है। वही खबर थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस हर बिंदु पर छानबीन कर रही है, घटना मे संलिप्त दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बिक्रम में प्रखंड स्तरीय अंडर-14 मशाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : स्थानीय पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय के क्रीड़ा मैदान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शिक्षा पदाधिकारी रविकांत शर्मा, नोडल पदाधिकारी नीरज कुमार कमल व मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर तथा फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं अत्यंत आवश्यक हैं, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास संतुलित रहता है। वहीं बीईओ रविकांत शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीआरसी स्तर पर चयनित खिलाड़ियों की सहभागिता हो रही है। प्रतियोगिता में 14 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं हिस्सा ले रहे हैं। प्रतिभागियों के बीच रनिंग, कबड्डी, साइकिलिंग एवं वॉलीबॉल इत्यादि खेल शामिल हैं। आगे उन्होंने बताया कि प्रत्येक खेल में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, प्रखंड स्तर पर चयनित खिलाड़ीयों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेंगा। प्रतियोगिता के दौरान क्रीड़ा मैदान में छात्र-छात्राओं के बीच उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। वहीं नीरज कुमार कमल ने कहा कि आज अंडर-14 स्तर के खिलाडियों के लिए एथलेटिक्स, कबड्डी और फुटबॉल आदि समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मंगलवार को अंडर-16 स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए साइकिलिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। वहीं प्रतियोगिता के समापन पर प्रखंड प्रमुख रामेश्वर पासवान ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा कपूर्रीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं कपूर्रीग्राम स्टेशन के पश्चिम छोर पर सब-वे के निर्माण का किया गया शिलान्यास

प्रात :किरण संवाददाता



पटना/हाजीपुर । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे । इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सर्वप्रथम दीघा ब्रिज हाल्ट का निरीक्षण किया । तत्पश्चात रेल मंत्री ने दीघा ब्रिज हाल्ट से कपूर्रीग्राम के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रेल मंत्री के बिहार के दौरे के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, दरभंगा के सांसद गोपाल ठाकुर, समस्तीपुर की सांसद शांभवी, बिहार विधान परिषद के विधायक डॉक्टर तरूण कुमार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे । कपूर्रीग्राम स्टेशन पर माननीय रेल मंत्री द्वारा कपूर्रीग्राम स्टेशन के उन्नयन एवं कपूर्रीग्राम स्टेशन के पश्चिमी छोर पर सब-वे के निर्माण का शिलान्यास किया गया । शिलान्यास के उपरांत माननीय रेल मंत्री कपूर्रीग्राम स्टेशन पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए कहा कि कपूर्रीग्राम स्टेशन का 3.30 करोड़ रुपये की लागत से उन्नयन कार्य किया जाएगा जिसके तहत स्टेशन का रिमॉडलिंग एवं स्टेशन पर यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा ।साथ ही कपूर्रीग्राम स्टेशन पर 18 फीट चौड़ा एफओबी का निर्माण किया जाएगा इसके साथ ही स्टेशन के पश्चिमी छोर पर 14 करोड़ रुपये की लागत से एक सब-वे का निर्माण कराया जाएगा ।यह सब-वे न केवल रेल परिचालन को अधिक सुगम और संरक्षित बनाएगा बल्कि रेलवे लाइन के दोनों ओर स्थित गांवों और बस्तियों को जोड़ते हुए सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को भी एक नई गति प्रदान करेगा । इसके उपरांत रेल मंत्री कपूर्रीग्राम से विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए समस्तीपुर स्टेशन पहुंचे जहां उन्होंने स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा यात्रियों से बातचीत कर उनसे फीडबैक लिए । इसके बाद उन्होंने समस्तीपुर मंडल के उन्नयनीकृत कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर ट्रेनों के संरक्षित एवं सुचारू परिचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए । इसके उपरांत रेल मंत्री की अध्यक्षता में समस्तीपुर मंडल के सभागार में एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मंत्री द्वारा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए और परियोजनाओं को समय-सीमा के अंदर पूरा करने पर बल दिया । आज के इस दौरे के दौरान माननीय रेल मंत्री जी ने कहा कि माल यातायात में रेल की हिस्सेदारी 20 से 29 प्रतिशत हो गया जिसे बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले 11 सालों में भारतीय रेलवे पर 35000 किमी से ज्यादा का नया रेलवे ट्रैक का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब रेल ओवर ब्रिज (फ्ढ्ढ) का निर्माण केन्द्र सरकार द्वारा ही बनाया जाएगा । उन्होंने रेलवे में नियुक्ति हेतु वार्षिक कैलेण्डर जारी किया गया है जिसमें और सुधार किया जा रहा है ताकि तय समय पर परीक्षा का आयोजन किया जा सके । उन्होंने कार्य की गुणवत्ता के लिए अतिरिक्त प्रयास करने निर्देश दिए ताकि जमीन पर लोगों को गुणवत्ता युक्त कार्य दिख सके । समस्तीपुर मंडल में वर्तमान में 1265 कोचों के रख-रखाव किया जा रहा है । इन प्रत्येक कोचों में 06 कैमरा तथा प्रत्येक इंजनों में 08 कैमरा निर्धारित समय में लागने का माननीय रेल मंत्री जी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया । उन्होंने सघन आबादी वाले क्षेत्रों में जहां आरओबी बनाया जाना संभव न हो वैसे जगहों पर लाइट आरओबी के निर्माण का निर्देश दिए । कंटेनर सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार कंटेनर डिपो के निर्माण का निर्देश दिए ।उन्होंने पूर्व मध्य रेल को भारतीय रेल का पहला ऐसा जोन बनाने का निर्देश दिया जो शत-प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिग से युक्त हो । निरीक्षण के दौरान पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह तथा दानापुर, सोनपुर एवं समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

# उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने पटना नगर निगम की 1.7 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास

## बीएमपी 10 तालाब मैदान का1.7 करोड़ की लागत से होगा सुदृढ़ीकरण



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को बीएमपी 10 तालाब मैदान में पटना नगर निगम की 1.7 करोड़ की विभिन्न योजनाओं के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। गौरतलब है कि बीएमपी 10 तालाब मैदान में 1.7 करोड़ की लागत से मैदान में बाउंड्री वॉल, भूगर्भनाली, गेस्ट हाउस, बिजली, रेलिंग, कोटा स्टोन, टाइल्स, मोजेक टाइल्स, मुख्य गेट एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा, जिससे आमजनों को सुविधा मिलेगी। पटना नगर निगम द्वारा आयोजित इस शिलान्यास कार्यक्रम में मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग जीवेश कुमार, विधायक संजीव चौरसिया, महापौर सीता साहू एवं उपमहापौर रेशमी कुमारी, वार्ड पार्षद उषा देवी, नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर, अपर नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं पटना नगर गणमान्य पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रति घंटे ली जा रही डीपीएस के वाटर लेवल की रिपोर्ट

● संप हाउस पर तीन स्तरीय की जा रही है मॉनिटरिंग

पटना। बरसात के दौरान पटना नगर निगम एवं बुडको की टीम अलर्ट मोड में है। एक तरफ जहां शहर के सभी वार्डों में जल निकासी के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जा चुके हैं वहीं दूसरी तरफ क्विक रिस्पांस टीम द्वारा बरसात के 2 घंटे के अंदर जल निकासी का लक्ष्य भी निश्चित है। नगर आयुक्त सह बुडको एमडी द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि संप हाउस की मॉनिटरिंग प्रति घंटे लेवल की जांच के साथ की जाएगी।

**संप हाउस पर तीन स्तरीय मॉनिटरिंग का दिया गया निर्देश**

जल निकासी के लिए सभी संप सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं इसकी मॉनीटरिंग अब तीन स्तरीय होगी। एक तरफ जहां आई ट्रिपल सी में लगे सीसीटीवी कैमरे से संप हाउस की मॉनिटरिंग एवं स्काडा सिस्टम से ऑन ऑफ किया जा रहा है। दूसरी तरफ सभी संप हाउस पर वॉकी टॉकी से लैस कर्मियों की प्रति नियुक्ति की जा चुकी है जिससे की बरसात के दौरान यह सुचारू रूप से जल निकासी सुनिश्चित करें। वहीं अब पटना नगर निगम के कंट्रोल रूम से भी इसकी प्रति घंटे मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है सभी संप हाउस में वाटर लेवल की जांच प्रति घंटे की जा रही है एवं उसकी रिपोर्ट भी वरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया जा रहा है। गौरतलब है की बरसात के दौरान गंगा का जल स्तर भी बढ़ गया है। ऐसे में संप हाउस के लेवल का विशेष तौर पर ध्यान रखा जा रहा है।

# मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरे जोश के साथ समर्पण जुटना है : उमेश

## कहा- लोकतंत्र में एक-एक वोट की कीमत अमूल्य

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश कार्यालय में सोमवार को मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने की। इस बैठक में पार्टी के माननीय विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं वरिष्ठ नेतागण वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। बैठक में मतदाता पुनरीक्षण अभियान से जुडे.तकनीकी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई तथा यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए कि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। अपने संबोधन में उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट की कीमत अमूल्य होती है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि पार्टी के सभी साथीगण 26 जुलाई तक अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में पूरी सक्रियता से इस अभियान में भाग लें और आमजन के बीच व्यापक जनजागरूकता फैलाएं।

उन्होंने यह भी कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश के लक्ष्य को साकार करने के लिए मतदाता पुनरीक्षण अभियान में पूरे जोश और समर्पण के साथ जुटना है। इसके साथ ही उन्होंने 8 जुलाई को जदयू द्वारा प्रदेशभर में पंचायतवार आयोजित की जाने वाली साइकिल रैली को भी पूर्ण सफलता दिलाने का आह्वान किया। इस बैठक में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता सह कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश उपाध्यक्ष सह माननीय विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं परमहंस कुमार उपस्थित थे।

# विकसित बिहार की दिशा में महत्वपूर्ण होगा मोतिहारी में पीएम मोदी का दौरा : दिलीप

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोतिहारी जिले का दौरा करेंगे। यह उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद बिहार का 53वां दौरा होगा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री का हर दौरा बिहार के लिए विशेष होता है और इस बार भी वे विकास के लिए नई सौगात लेकर आएंगे। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का आना बिहार के लिए शुभ है। यह विकसित बिहार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को बिहार के मोतिहारी जिले का दौरा करेंगे। यह उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद बिहार का 53वां दौरा होगा। यह दौरा विकसित बिहार के लक्ष्य को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण होगा। हर बार की तरह इस बार भी पीएम मोदी बिहार के लिए नई सौगात लाएंगे, जो राज्य के विकास को गति देगी।

वहीं, उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का मतदाता सत्यापन कार्यक्रम सुचारू रूप से चल रहा है और इसमें किसी भी मतदाता को कोई परेशानी नहीं हो रही है। उन्होंने विपक्ष से अनुरोध किया कि जनता की समस्याओं को पक्ष और विपक्ष मिलकर हल करें। दिलीप जायसवाल ने कहा, यदि मतदाताओं को कोई दिक्कत होगी, तो हम सभी मिलकर चुनाव आयोग से बात करेंगे, लेकिन जब सब कुछ ठीक चल रहा है, तो बंद या विरोध उचित नहीं है। साथ ही, उन्होंने कहा कि बिहार सरकार और पुलिस विभाग अपराध रोकने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि बिहार में कोई भी कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने की हिम्मत नहीं जुटा सके और अगर कोई ऐसा करेगा, तो निश्चित तौर पर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कानून अपना काम कर रहा है और गृह विभाग पूरी तत्परता से विधि के शासन का नियंत्रण स्थापित करने में जुटा है। दिलीप जायसवाल ने बिहार के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सभी पक्षों से सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं और किसी भी समस्या का समाधान संवाद के जरिए किया जाएगा।

## 10 से 15 जुलाई तक पटना में होगा मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन

# 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी पाने का मिलेगा अवसर : मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। श्रम संसाधन विभाग के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा राज्य के युवाओं के लिए 10 जुलाई से 15 जुलाई तक मेगा जॉब फेयर 2025 का आयोजन पटना के दशरथ मांझी, श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान (वेटनरी कॉलेज ग्राउंड के नजदीक) में किया जा रहा है। इसकी जानकारी श्रम संसाधन विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यह रोजगार मेला बिहार के युवा प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहाँ उन्हें देश की 70 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता है कि राज्य के योग्य युवाओं को उनके कौशल के अनुरूप रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान किए जाएं। वहीं, विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने बताया कि 10 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक आयोजित होने वाले मेगा जॉब फेयर 2025 राष्ट्रीय स्तर की जो प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग ले रही हैं, उनमें एमआरएफ टायर्स, सुब्रोस लिमिटेड, एलएंडटी, सुधीर पावर लिमिटेड, बारबेक्यू नेशन, केपीआर मिल्स, जोमैटो, मुथूट फाइनेंस, मैक्सिकस कोचर टेक (बीपीओ), क्रीम स्टोन, एआईआईपीएल लिमिटेड, यूनिकॉनवर्ज टेक्नोलॉजीज, धूत ट्रांसमिशन, एचसीएसी हेल्थ केयर, श्रमिन प्रमुख हैं।

उन्होंने बताया कि मेगा जॉब फेयर 2025 में बिहार के 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, पॉलीटेक्निक, बीटेक, एमबीए और अन्य स्नातक डिग्रीधारकों के लिए रोजगार के विविध अवसर उपलब्ध होंगे। इसमें भाग लेने के लिए युवाओं को बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा जारी दफ कोड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण निःशुल्क है और चयन पूरी तरह योग्यता के आधार पर होगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के हर जरुर प्रयास को संकल्पित है।

### 5-6 जुलाई को पटना में फॉग्सी क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस

पटना। पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा आगामी 5 और 6 जुलाई को होटल मौर्य, पटना में फॉग्सी क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की महत्वपूर्ण चिकित्सा संगोष्ठी मातृ स्वास्थ्य पर केंद्रित है।

इस बार का मुख्य विषय है – समय पर पहचान और त्वरित हस्तक्षेप से बचती है माँ की जान। इसी जानकारी आज कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. विनीता सिंह और मीडिया की प्रभारी डॉ. रेनू रोहतगी ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की शुरूआत 5 जुलाई को दोपहर 12:15 बजे होगी, जिसका उद्घाटन बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया जाएगा। फॉग्सी की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीता तंदुलवाडकर इस अवसर की मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि होंगी। उन्होंने कहा कि पटना ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनकोलॉजिकल सोसाइटी द्वारा हर वर्ष पटना में इस तरह का कॉन्फ्रेंस आयोजित किया जाता रहा है।

# चुनाव आयोग के लगातार बदलते दिशा निर्देशों से भ्रम की स्थिति : तेजस्वी

## नेता प्रतिपक्ष ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और महागठबंधन समन्वय समिति के प्रमुख तेजस्वी यादव ने बिहार में कराए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर भ्रम की स्थिति है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके अपने ही आदेशों में अंतर है। तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग को आदेश या अधिसूचना निकालनी चाहिए। महागठबंधन के संयुक्त प्रेस वार्ता में उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या संवैधानिक संस्थाओं के लिए विज्ञापन और सोशल मीडिया पोस्ट ही अब नीति वाहक बन गए हैं। तेजस्वी ने चुनाव आयोग की वेबसाइट के एक फॉर्म में अभी भी आधार कार्ड शामिल होने को लेकर भी सवाल उठाया।

उन्होंने बिहार से बाहर काम कर रहे लोगों को लेकर भी कहा कि उनका मतदाता पुनरीक्षण कैसे होगा। क्या उनका नाम वोटर लिस्ट से काटना ही एकमात्र रास्ता है? ऐसे लोगों की संख्या करीब चार करोड़ है। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से इस प्रक्रिया को तुरंत रोकने की मांग करते हुए कहा कि चुनाव के बाद इसे शुरू किया जाए, ताकि लोकतंत्र की गरिमा और जनता का विश्वास बना रहे। इस मुद्दे को लेकर कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने भी चुनाव आयोग के पूरी तरह भ्रम में रहने की बात करते हुए कहा कि आयोग किसी दबाव में निष्पक्ष निर्णय नहीं ले पा रहा है, इस कारण बराबर आदेश बदल रहा है। उन्होंने पूछा कि जब 25 जनवरी 2025 को मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया जा चुका था, तो अब उसे क्यों नकारा जा रहा है? राजेश राम ने कहा कि ट्रेड यूनियन के 9 जुलाई को प्रस्तावित भारत बंद का महागठबंधन के सभी घटक दल समर्थन कर रहे हैं। पूरे बिहार में चक्का जाम होगा और घटक दलों के प्रमुख नेता राजधानी पटना में सड़क पर उतरेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी इस बंद में हिस्सा लेने पटना आ रहे हैं। पटना में एक विरोध मार्च निकाला जाएगा। महागठबंधन ने चुनाव आयोग से विधानसभा वार प्रतिदिन का डेटा सार्वजनिक करने की मांग की है, जिससे मतदाता पुनरीक्षण में पारदर्शिता बनी रहे। इस प्रेस वार्ता में राजद के संजय यादव, प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी मौजूद रहे।

### बिहार में मतदाता पुनरीक्षण से स्कूलों का कार्य ठप : मुकेश

पटना। विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख और बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने चुनाव आयोग से मतदाता पुनरीक्षण कार्य को रोकने की मांग की है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। महागठबंधन के संयुक्त प्रेस वार्ता में वीआईपी के संस्थापक मुकेश सहनी ने कहा कि आज मतदाता पुनरीक्षण कार्य के दौरान बिहार के सभी स्कूलों का कार्य ठप है। सभी शिक्षकों को इस कार्य में लगाया गया है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या चुनाव आयोग और बिहार सरकार यहां के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर रहा है? दो-तीन महीने अगर स्कूल ठप रहेगा तो यहां के बच्चों की पढ़ाई कैसे संभव है? उन्होंने चुनाव आयोग से आग्रह करते हुए कहा कि वे सोशल साइटों पर किए जा रहे कमेंटों को पढ़ें, उसे समझ में आ जाएगा कि बिहार की जनता सोच क्या रही है। बिहार की जनता चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रही है, जिसे आयोग को गंभीरता से समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग मतदाता पुनरीक्षण कार्य को वापस लेना चाहिए।

# मनीष कश्यप ने जन सुराज पार्टी का थामा दामन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारतीय जनता पार्टी को हाल में अलविदा कहने वाले बिहार के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष कश्यप ने सोमवार को प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी का दामन थाम लिया। वह यहां किशोर की मौजूदगी में अपने समर्थकों के साथ जन सुराज पार्टी में शामिल हुए। कश्यप के यूट्यूब अकाउंट पर लगभग एक करोड़ सब्सक्राइबर हैं। कार्यक्रम के दौरान मंच पर प्रशांत किशोर के साथ जन सुराज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह भी मौजूद रहे। मनीष कश्यप ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर प्रशांत किशोर और उदय सिंह के साथ तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि, बुझी हुई आश जलाएंगे हम, घर-घर रोशनी पहुंचाएंगे हम, पलायन का दर्द मिटाएंगे हम, फिर से नया बिहार बनाएंगे हम। सूत्रों के अनुसार, मनीष कश्यप जन सुराज के टिकट पर पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया विधानसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। मनीष कश्यप ने 7 जून को फेसबुक लाइव के माध्यम से इखढ से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। उन्होंने महज डेढ़ साल पहले 25 अप्रैल 2024 को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली थी लेकिन पार्टी से असहमति जताते हुए उन्होंने खुद को अलग कर लिया। वह कुछ साल पहले पहली बार तब सुर्खियों में आए थे, जब उन्हें तमिलनाडु पुलिस ने दक्षिणी राज्य में बिहारी प्रवासियों के साथ दुर्व्यवहार के कथित फर्जी वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हुए थे, लेकिन टिकट नहीं दिया गया। कश्यप ने जून में एक वीडियो संदेश में भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा की थी और आरोप लगाया था कि भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनावों तक उनका इस्तेमाल किया और उसके बाद उन्हें मझधार में छोड़ दिया।

# 9 जुलाई को बिहार बंद में पहुंचेंगे देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी : राजेश

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष और इंडिया गठबंधन के कॉर्डिनेशन कमिटी के चेयरमैन तेजस्वी यादव के सरकारी आवास 1, पोलो रोड, पटना में आयोजित इंडिया गठबंधन के संयुक्त विशेष प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राजेश राम जी ने तेजस्वी यादव के चुनाव आयोग के खिलाफ उठाए सवालों का समर्थन किया और साथ ही उन्होंने चुनाव आयोग से और सवालों को रखें। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग बिहार में पूरी तरीके से दिग्भ्रमित है और ईआरओ को जो निर्णय लेने की एकल जिम्मेदारी दी गई है वो गलत है जबकि वो सरकारी व्यक्ति होंगे इसलिए सरकार के दबाव में काम करेंगे और सरकार के अनुसार फैसले लेने को विवश होंगे।

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर 25 जनवरी 2025 को जब मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है तो फिर विशेष गहन पुनरीक्षण की क्या जरूरत थी? आखिर यह किसके इशारे पर किया जा रहा है ?9 जुलाई को बिहार में आहुत ट्रेड यूनियन के चक्का जाम का इंडिया गठबंधन समर्थन करती है।

इस कार्यक्रम में कई स्वयंसेवी संगठन और अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा भी बिहार बंद का आयोजन किया जा रहा है जिसमें समर्थन में हमारे पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम में इनकम टैक्स गोलंबर से वीरचंद पटेल पथ होते हुए शहीद स्मारक पहुंचने के बाद चुनाव आयोग तक विरोध प्रदर्शन करेंगे।

संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अलावे प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ भी उपस्थित रहें।

# जनता को अब सड़कों पर उतर कर अपने मताधिकार की रक्षा करनी होगी : दीपंकर

## बोले-9 जुलाई को करेंगे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय का घेराव

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के महासचिव का. दीपंकर भट्टाचार्य ने पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष मतदाता पुनरीक्षण भारत के चुनावी इतिहास में एक अभूतपूर्व और चिंताजनक घटना है। यह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि करोड़ों लोगों के मताधिकार को संकट में डालने वाला है। इससे पहले ऐसा कोई उदाहरण देश के किसी भी राज्य में नहीं देखने को मिला।उन्होंने बताया कि इंडिया गठबंधन ने दिल्ली जाकर चुनाव आयोग से मुलाकात की थी, लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आयोग का रवैया बेहद असंवेदनशील और टालमटोल भरा था। बिहार में करोड़ों लोग इस प्रक्रिया से परेशान और आशंकित हैं, लेकिन आयोग केवल इतना कह रहा है -सब ठीक हो जाएगा। का. भट्टाचार्य ने सवाल उठाया कि यदि यह प्रक्रिया संविधान के अनुसार है, तो क्या पिछले 70 वर्षों से जो चुनाव हो रहे थे, वे संविधान के विरुद्ध थे? चुनाव आयोग की नजर में 2003 के बाद बने सभी मतदाता संदिग्ध नागरिक हैं। यहां तक कि 2003 से पहले बने मतदाता भी सुरक्षित नहीं हैं - उन्हें भी फॉर्म भरने को कहा जा रहा है। यदि इनमें कोई त्रुटि रह जाती है, तो उनके नाम भी मतदाता सूची से हटा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अनुमान है कि 8 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 5 से 5.5 करोड़ लोग इस प्रक्रिया की चपेट में आ सकते हैं। का. भट्टाचार्य ने विशेष रूप से प्रवासी मजदूरों के अधिकारों को लेकर चिंता जताई। हमारी मांगें हैं किबिहार में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को तत्काल रद्द किया जाए। पुरानी मतदाता सूची के आधार पर आगामी चुनाव कराए जाएं। भाकपा (माले) के राज्य सचिव का. कुणाल ने जानकारी दी कि भाकपा (माले) और इंडिया गठबंधन की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि 9 जुलाई 2025 को पूरे बिहार में चक्का जाम किया जाएगा और पटना में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी, एमएलसी शशि यादव और वरिष्ठ नेता का. केडी यादव भी उपस्थित थे।

### वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर राजद सांसद ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की

पटना। बिहार में गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य कराने लिए के चुनाव आयोग के द्वारा 24 जुन 2025 को जारी आदेश को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद प्रोफेसर मनोज कुमार झा ने राष्ट्रीय जनता दल की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर आदेश को चुनौती दी है। जिसकी सुनवाई 10 जुलाई को होगी। इस संबंध में प्रदेश राजद के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के फैसले के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पहले ही कहा था कि इससे सबसे अधिक परेशानी गरीबों ,शोषितों ,वंचितों , पिछड़ो,अति पिछड़ो, आदिवासियों, और अल्पसंख्यकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा ।और जिस तरह के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं वह उपलब्ध कराना आम जनों के लिए काफी मुश्किल होगा। राष्ट्रीय जनता दल ने पहले से ही मांग किया है कि गरीबों को वोट से वंचित न किया जाए।

### चुनाव आयोग के रास्ते में टांग अड़ाना अनुचित : प्रभाकर

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया एक्स पर तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार प्रहार करते हुए कहा कि कुछ लोग संवैधानिक संस्थाओं के कार्यों में अपनी टांग लड़ाने में अपनी काबिलियत समझते हैं। वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का विरोध करनेवाले वहीं लोग हैं, जिन्हें देश की संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। ये लोग अपने मनमुताबिक कार्य करना चाहते हैं। ये लोग अपने कुकृत्यों पर किसी तरह की रोक नहीं चाहते। श्री मिश्र ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दुर्भाग्यवश देश में कुछ ऐसे राजनीतिक दल हैं, जो हर काम के लिए हमेशा गलत रास्ता चुनते आये हैं। वोट के लिए तुष्टीकरण की नीति अपनायी। जातीय गोलबंदी के लिए समाज में नफरत के बीज बोये और लोकतंत्र को लूटतंत्र में बदलने की कोशिश की। लेकिन, पाप का खड़ा भरने में ज्यादा देर नहीं लगता। बिहार में 2005 तक इनके पाप का घड़ा भर गया और बिहार की जनता ने इन्हें सत्ता की कुर्सी से नीचे धकेल दिया।

# श्रावणी मेला में श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोपरि : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों की सुविधा एवं सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने फकुली मोड़ से बाबा गरीब नाथ मंदिर तक भ्रमण किया। इस अवसर पर अधिकारीद्वय ने श्रद्धालुओं के लिए कांवरिया पथ पर जगह - जगह आवासन की सुविधा तथा जगह- जगह शौचालय ,पेयजल की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, कंट्रोल रूम की स्थापना, चिकित्सा शिविर, यातायात, साफ सफाई , नाला पर जगह जगह स्लैब लगाने आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को पूरी सक्रियता एवं तत्परता से अपने-अपने विभागीय दायित्व का जिम्मेदारी से ससमय पूरा करने को कहा। उन्होंने अपर समाहर्ता राजस्व को संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने, प्रतिदिन के कार्यों का मॉनिटर कर तेजी लाने तथा सभी कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने कर्तव्य के प्रति जवाबदेह होने तथा सावधान करते हुए कहा कि कार्य में कोताही एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे ,बल्कि कठोर कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय में श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। इस स्थल पर जिला शिक्षा पदाधिकारी को खोजे जाने पर वे अनुपस्थित पाये गये। इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने डीईओ को शो- -काउज करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया। उन्हें सरकारी कार्य के प्रति गंभीर एवं उत्तरदायी होने की सीख दी। गर्मी के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवासन स्थल एवं कांवरिया पथ पर पर्याप्त संख्या में जगह-जगह शौचालय एवं चापाकल लगाया जाना है। इसके लिए कार्यपालक अभियंता मोतीपुर की खोज की गई तथा वे अनुपस्थित पाये गये। इनसे भी शो- काउज करने तथा वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया।बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा आरडीएस कॉलेज, अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय तुर्की में कांवरियों के आवासन हेतु सुविधा संपन्न टेंट सिटी बनाया जाना है। किंतु कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए अपर समाहर्ता राजस्व को प्रतिदिन मॉनिटर कर 10 जुलाई तक सभी कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।कांवरिया पथ पर श्रद्धालु भक्तों को कोई कष्ट न हो, इसका विशेष ध्यान रखा गया है। उनका निर्वाध, सुगम एवं सुरक्षित गमनागमन बनाए रखने एवं सहयोग प्रदान करने हेतु जगह-जगह पर 80 कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएंगे। कंट्रोल रूम में अधिकारियों एवं कर्मियों की तैनाती की जाएगी। कांवरिया पथ पर श्रद्धालु भक्तों की चिकित्सीय सहायता हेतु जगह-जगह पर 18 मेडिकल कैंप लगाये जाएंगे तथा डॉक्टर, स्वास्थ कर्मी, दवा की व्यवस्था के साथ ही पर्याप्त एंबुलेंस की तैनाती की जायेगी। कांवरियों की सुविधा एवं सुरक्षा के अतिरिक्त उनके मनोरंजन का भी ध्यान रखा गया है। इसके लिए बाबा नगरी मुजफ्फरपुर स्थित आरडीएस कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें कलाकारों द्वारा बाबा भोलेनाथ पर आधारित भक्ति गीत- संगीत प्रस्तुत किये जाएंगे।

कांवरिया पथ पर भयमुक्त, निर्वाध एवं सुरक्षित गमनागमन बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था संधारित रखने के लिए महत्वपूर्ण जगहों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। साथ ही जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 150 ट्रॉली की व्यवस्था की गई है जिसका उपयोग पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकता के अनुसार यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाये रखने हेतु किया जाएगा। कांवरिया पथ, मंदिर तथा निकटवर्ती अन्य शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता को श्रद्धालुओं के रूट लाइन का भ्रमण कर जर्जर तारों ,विद्युत पोल को हटाने तथा नया बिजली तार और पोल लगाने का निर्देश दिया गया।आगामी 13 जुलाई को द्वारिका नाथ उच्च विद्यालय में श्रावणी मेला 2025 का उद्घाटन किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### टभका का लाल ने प्रथम प्रयास में ही सीए इंटरमीडिएट के प्रथम ग्रुप की परीक्षा में पाया सफलता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के पंडित टोल टभका निवासी उमेश कुमार ठाकुर एवं शिक्षिका रंजू कुमारी का पुत्र आदित्य आनंद ने प्रथम प्रयास में ही सीए इंटरमीडिएट के प्रथम ग्रुप की परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दलसिंहसराय शहर के प्रतिष्ठित कॉमर्स शिक्षण संस्थान शुमार कैरियर वर्ल्ड के छात्र आदित्य आनंद ने द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित सीए इंटरमीडिएट की 200 अंकों की परीक्षा में 162 अंक प्राप्त कर माता पिता के साथ साथ क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। बता दें कि आदित्य आनंद 2022 इंटरमीडिएट में भी 450 अंक हासिल कर जिला का नाम रौशन किया है। आदित्य आनंद की सफलता पर माता पिता के अलावा संस्थान के निदेशक उत्सव जायसवाल, प्रशासनिक प्रबंधन डॉ अनिल कुमार गुप्ता, शिक्षक गुरुदेव कुमार पटेल, श्रेया सिन्हा, सुनील कुमार, सुधीर कुमार चौधरी, संतोष कुमार सुरेखा, संजय कुमार झा,मो. सुलेमान, संजीव प्रकाश,एस के मंडल, विरेन्द्र, अभिजीत पांडेय, पृथ्वीराज सिंह, जिगर गुप्ता, विवेक दत्त, चन्द्र मणि सिंह, तनीषा गुप्ता, मोती कुमार,मो. चांद आदि ने बधाई दिया है।

### बच्चों को किया गया प्रशिक्षित

कल्याणपुर समस्तीपुर क्षेत्र अंतर्गत स्वास्थ्य उप केंद्र कुशियारी के आंगनबाड़ी केंद्र पर खसरा रूबेला से बचाव को लेकर 9 महीना से लेकर 5 साल के बच्चों का ओ आर आई विशेष अभियान के अंतर्गत लक्ष्य के अनुरूप उपस्थित बच्चों को प्रतिरक्षित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मोहम्मद हैदर ने बताया कि इस अभियान के तहत 10 टीम बनाई गई है। जिसकी मॉनिटरिंग यूनिसेफ के मॉनिटर के अलावा मेरे द्वारा भी सहायक पर्यवेक्ष न किया गया। मौके पर बीएमसी शंकर सुमन, रणधीर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, मोहम्मद शाहनवाज आलम एवं सुरेंद्र प्रसाद सहित एएनएम सुनीता कुमारी रूबी कुमारी आदि मौजूद थे।

### विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में 15 लोग हुए जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों पर आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में 15 लोग जख्मी हो गए।जख्मी लोगों में परना गांव के शहजाद, जितवारिया के जुनैद खातून, रामभरोस राय, मिजार्पुर के सुशीला देवी ललिता देवी, गोपालपुर के विकास कुमार, रामभद्रपुर के मोहम्मद यूसुफ, जितवारिया के मुकेश राय, मिजार्पुर के पवनिया देवी, मुन्नी कुमारी एवं अशोक कुमार, शोर मार गांव के मोहम्मद आदिल, जख्मी हो गए ।तो वहीं सड़क दुर्घटना में रतनपुर के मुकेश कुमार, फुलहरा के चांद बाबू, माली नगर के आदर्श कुमार जख्मी हो गए।सभी जख्मी का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया जहां जख्मी लोगों के प्राथमिक उपचार के बाद उनके स्वास्थ्य में सुधार होने की जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर हैदर ने बताइ।

### बाईक सवार युवक सड़क पर गिरा, जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर पूसा मुख्य सड़क के रमोली के समीप एक युवक अचानक बाइक से गिर गया ।जिससे वह गंभीर जख्मी हो गया। बाईक थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराई गई ।जहां चिकित्सक ने उसकी पहचान जटमलपुर गांव के विपिन नाम के 25 वर्षीय पुत्र शिव शंकर राम के रूप में की। बेहतर इलाज के लिए उसे डीएमसीएच रेफर किया गया। जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर मोहम्मद हैदर ने दी।

# चंद्रधर शर्मा गुलेरी की कहानियां जीवन का आईना है: चंद्र भूषण सिंह चंद्र

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।हिंदी कहानी के जनक माने जाने वाले प्रसिद्ध साहित्यकार चंद्रधर शर्मा ह्यगुलेरीह्व की जयंती नूतन साहित्यकार परिषद की ओर से सोमवार को मनाई गई। इस अवसर पर साहित्य भवन कांटी में साहित्यिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रभूषण सिंह ह्यचंद्रह्व ने की। चंद्र ने अपने संबोधन में कहा कि गुलेरी जी की कहानियां केवल साहित्य नहीं, बल्कि जीवन का दर्पण हैं। ह्यउसने कहा थाह्व जैसी कालजयी रचना आज भी पाठकों के मन को छू जाती है। इस कहानी ने उन्हें हिंदी साहित्यकार आश का जाज्वल्य मां नक्षत्र बना दिया। 5 खंडों एवं 25 वर्षों के लबे अंतराल के युद्ध में सिमटी यह कहानी प्रेम,कर्तव्य व देशप्रेम का त्रिकोण बनाती है। वस्तुतः इन तीनों के मूल में प्रेम ही है। प्रेम की सात्विकता में उत्सर्ग की चरम अभिव्यक्ति इस कहानी में दिखती है, जो इसे अमर बनाती है। चंद्रधर शर्मा ह्यगुलेरीह्व (1883झ्र1922) हिंदी साहित्य के उन प्रारंभिक लेखकों में गिने जाते हैं, जिन्होंने आधुनिक हिंदी कहानी को आकार दिया। वे एक साथ कहानीकार , व्यंग्यकार और निबंध लेखक के साथ- साथ विद्वान,भाषाविद, इतिहासकार व आलोचक भी थे। लेकिन उन्हें सबसे अधिक ख्याति उनकी कहानी ह्लउसने कहा थाह्व के लिए मिली। जिसे हिंदी की पहली श्रेष्ठ कहानी कहा जाता है। उन्होंने कहानी कहने की कला में नवीनता लाई। संवादों की स्वाभाविकता व पात्रों की सजीवता ने उन्हें खास बनाया। भावनात्मक गहराई, विशेष रूप से प्रेम व कर्तव्य के टकराव को उन्होंने बड़े कौशल से प्रस्तुत किया। उन्हें हिंदी कहानी का ह्लप्रथम शिल्पकारह्व कहा जाता है। इस अवसर पर परशुराम सिंह, स्वराजलाल ठाकुर,नंदकिशोर ठाकुर,रामेश्वर महतो, नीरज शर्मा,महेश कुमार सहित अन्य साहित्यप्रेमियों ने गुलेरी के जीवन, कृतित्व व हिंदी साहित्य में उनके योगदान पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

# दलाई लामा के जन्म दिवस पर विमर्श कार्यक्रम आयोजित



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव पर रविवार को श्री कृष्णा जुबली लॉ कॉलेज में प्रेम करुणा और शांति विषय पर विमर्श आयोजित किया गया` कार्यक्रम का संचालन प्रभात कुमार महासचिव, भारत तिब्बत मैत्री संघ ,मुजफ्फरपुर ने किया` विषय प्रवेश प्रो0 विश्व आनन्द ने कराया` उक्त अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो0 प्रमोद कुमार, सदस्य, सिंडिकेट बी0 आर0 ए0 बिहार विश्वविद्यालय ने कहा कि आज दुनिया में चारों तरफ चल रहे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष युद्ध के समय में शांति की विशेष प्रासंगिकता है परम पावन दलाई लामा को नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्त होने के समय महात्मा गांधी और अन्य के विरुद्ध उनके प्रयोग अहिंसा सत्याग्रह का उत्तराधिकारी कहा गया थो श्री कुमार ने कहा कि जब दुनिया स्टेट्समैन को पैदा करने की कुवत धीरे-धीरे खो रही है , वहीं दलाई लामा एक धार्मिक राजनीतिक नेतृत्व के तौर पर दुनिया को शांति का संदेश दे रहे हैं ।दलाई लामा वर्तमान में विभिन्न धार्मिक विश्वासों के बीच संवाद और सार्थक लोकतंत्र की नीति का समर्थन कर रहे हैं। उनके दर्शन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि मानव का अस्तित्व प्रकृति के साथ ही जुड़ा हुआ है। दलाई लामा का करुणा, प्रेम और त्याग सिर्फ तिब्बती लोगों या बौद्ध तक ही सीमित नहीं है ,यह विश्व स्तर पर लोगों को संदेश दे रहा है। धार्मिक देश और उन्माद की स्थिति के बीच परम पावन दलाई लामा जैसे आध्यात्मिक व्यक्तित्व की उपस्थिति आशा की एक किरण है ।प्रो0 अरुण कुमार सिंह ने परम पावन दलाई लामा के 90वें जन्मोत्सव पर शुभकामनाएं देते हुए उनके 2011 में लिए गए संकल्प को दोहराया, जिसमें उन्होंने 90वें जन्मदिन पर दलाई लामा के पद को जारी रखने और संस्था को जिंदा रखने की बात की थी। उन्होंने चीनी दमन के विरुद्ध दलाई लामा की मध्यम मार्ग का समर्थन करते हुए कहा कि भारतीय सरकार इस मामले में हस्तक्षेप का राजनीतिक एवं धार्मिक अधिकार रखती है ।भारत तिब्बत मैत्री संघ बिहार के अध्यक्ष डॉ हरेंद्र कुमार ने अपने अध्यक्षीय भाषण में परम पावन को उनके जन्मोत्सव पर लंबे जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने दलाई लामा के प्रेम करुणा और शांति के संदेश को विश्व के लिए आवश्यक बताया साथ ही उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि परम पावन दलाई लामा को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर प्रदान किया जाए ।चीन के विरुद्ध यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत होगी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रीना झा ने किया` अन्य वक्ताओं में प्रो0 अजीत कुमार, सतीश कुमार साथी, डॉ0 धनंजय कुमार, अंबरीश कुमार सिंह, अनिल शंकर ठाकुर, डॉक्टर एच के पी सिंह आदि प्रमुख रहे कार्यक्रम में राजीव रंजन रोहित सिंह रमन कुमार अंकित आनंद श्याम सुंदर गुप्ता समरेंद्र कुमार पवन प्रभात कुमार शाही विनय प्रशांत दिनेश प्रसाद सिंह शंभू मोहन प्रसाद सोनू सरकार कृष्ण कुमार दीनबंधु कुमार राजेश कुमार रविंद्र नाथ साहू श्रवण कुमार झा अमित कुमार हरिशंकर मिश्रा अनिल कुमार ठाकुर बबली कुमारी शिवानी कुमारी सुमित प्रकाश आयुष हर्षित अभिषेक कुमार सुनील कुमार विक्रम जयनारायण निषाद आदि उपस्थित थे।

# मुसरीघरारी में मोहर्रम का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया



समस्तीपुर प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के मुसरीघरारी में दसवीं मोहर्रम का पर्व मुजाहिद उल इस्लाम मोहर्रम कमिटी के तत्वावधान में बड़ी धूमधाम, उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस मौके पर प्रशासन और स्थानीय वॉलंटियरों की कड़ी व्यवस्था के चलते कार्यक्रम शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्तीपुर के जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह, एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी सोहेब, पूर्व एमएलसी रमा भारती (राजद महिला जिला अध्यक्ष), तथा मुसरीघरारी नगर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुसरीघरारी चौक पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। पारंपरिक ताजिया मिलन के साथ खिलाड़ियों ने आकर्षक खेल प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए बड़ी भीड़ उमड़ी। मुसरीघरारी में हर साल की तरह इस बार भी लगभग 20 से 25 ताजिए एकत्र हुए, जो अपने-अपने अखाड़ों के साथ सांस्कृतिक मेल-जोल का प्रतीक बने। कार्यक्रम की निगरानी के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरे इलाके में 36 सीसीटीवी कैमरे और 6 ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की गई। हर मोड़ पर पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात थे ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। समस्तीपुर जिले में मोहर्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण, अनुशासित और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया।

# साईकिल रैली के माध्यम से किया जायेगा मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता : ईश्वर मंडल

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।मतदाता पुनरीक्षण के कार्यो को ससमय पूर्ण कर लिए जाने को लेकर आयोजित वर्चुअल मीटिंग में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में ने शिरकत करते हुए राज्य के सभी जिलाध्यक्षों सहित विभिन्न प्रकोष्ठों के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसी कड़ी में जदयू जिलाध्यक्ष ईश्वर मंडल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में मौजूद विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं को संबोधित करतें हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के लिए जनजागृति को लेकर आगामी 8 जुलाई को सूबे के सभी वार्ड एवं पंचायतों में पार्टी द्वारा साईकिल रैली निकाली जायेगी साईकिल रैली में संबंधित पंचायत के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं की भूमिका अहम रहेगी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 8 जुलाई को दरभंगा में मिथिला विश्वविद्यालय प्रांगण स्थित बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थल से आयकर चौक भाया दरभंगा जंक्शन होते कपूरी चौक तक साईकिल रैली निकाल आम नागरिकों के बीच जनजागरुकता को ऐतिहासिक बनाए जाने का निर्णय लिया गया हैं। बैठक में जिला संगठन प्रभारी केदार नाथ भंडारी,महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष अंजुला शर्मा, प्रदेश महासचिव सुभाष यादव, प्रवक्ता रबीन्द्र यादव, अवन कुमार राय, विनोदानंद झा, नरेश मिश्र, नागेंद्र पासवान, प्रदीप कुमार महतो, अजय सत्संग, नंद किशोर यादव, ठाकुर ईश्वर प्रसाद बिट्टू, श्याम मंडल जी, सुनील ठाकुर,इकबाल राईन, राकेश रौशन,मनोज झा,अशोक ठाकुर, हरिशंकर पासवान, रौशन महतो,मनोज ठाकुर ,राकेश यादव,राजीव झा, शशि पटेल एवं जितेन्द्र दास सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकताओं ने साइकिल रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# समस्तीपुर सहित हिंदू जनजागृति समिति द्वारा बिहार में 3 स्थानों पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर ।संपूर्ण विश्व युद्ध की दिशा में बढ रहा है। भारत में भी जिहादी आतंकवादी हिन्दुओं की हत्या कर भारत को युद्ध हेतु उद्युक्त कर रहे हैं। श्रीराम, श्रीकृष्ण जैसे अवतारों से लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप को भी जनता पर हो रहे अन्याय नष्ट करने के लिए युद्ध करना पड़ा। उस कार्य में उन्हें गुरुपरंपरा का भी मार्गदर्शन मिला। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्र की रक्षा के लिए भी गुरु-शिष्य परंपरा आवश्यक है। इसलिए राष्ट्रप्रेम बढानेवाली गुरुपूर्णिमा मनाने के उद्देश्य से गुरुवार, 10 जुलाई 2025 को हिंदू जनजागृति समिति की ओर से गुरुपूर्णिमा महोत्सवों का आयोजन किया गया है ।इस वर्ष यह महोत्सव देशभर के 45 स्थानों पर और समस्तीपुर जिले में प्रीतिका इंटरनेशनल होटल, बारह पत्थर चौक ,सदर हॉस्पिटल के बगल में गुरुपूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया गया है। निम्नलिखित स्थानों पर महोत्सव संपन्न होंगे : हाजीपुर : कुशवाहा आश्रम, एस डी ओ रोड चौक, जी एन इन्टर कालेज के बगल में, हाजीपुर, वैशाली समय - शाम 5 से 7 बजे तक मुजफ्फरपुर - चेम्बर ऑफ कॉमर्स,जवाहर लाल रोड,मुजफ्फरपुर, बिहार समय - शाम 5 से 7 बजे तक समस्तीपुर : प्रीतिका इंटरनेशनल होटल, बारह पत्थर चौक ,सदर हॉस्पिटल के बगल में, समस्तीपुर समय : शाम 5 से 7 इस महोत्सव में श्री व्यासपूजन एवं प.पू. भक्तराज महाराजजी की प्रतिमा का पूजन, संतसंदेश, लघुपट, स्वरक्षा प्रात्यक्षिक और सामूहिक रामनाम जप होगा विविध मान्यवरों के विचार तथा ह्यराष्ट्र और धर्मरक्षा हेतु साधना एवं युद्धकालीन कर्तव्यह्व इस विषय पर विशेष मार्गदर्शन भी होगा यहां पर आध्यात्मिक, राष्ट्र व धर्मविषयक ग्रंथों की प्रदर्शनी और फ्लेक्स फलक प्रदर्शन भी लगाए जाएंगे अतः सभी राष्ट्र एवं धर्मप्रेमी इस अमूल्य अवसर का सहपरिवार इस महोत्सव का लाभ ले, ऐसा आवाहन हिंदू जनजागृति समिति की ओर से किया है ।ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव : देश-विदेश के श्रद्धालुओं को भी गुरुपूर्णिमा का लाभ मिल सके, इसलिए हिंदू जनजागृति समिति की ओर से अंग्रेजी, कन्नड़, तेलुगु और बंगाली भाषाओं में ऑनलाइन गुरुपूर्णिमा महोत्सव आयोजित किया गया है ।अंग्रेजी भाषा में महोत्सव 10 जुलाई को रात 8.00 बजे इस यूट्यूब लिंक पर लाइव प्रसारण किया जाएगा

# एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने किया आम हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।एसयूसीआई (कम्युनिस्ट)की मुजफ्फरपुर जिला कमिटी की बैठक मोतीझील स्थित जिला कार्यालय में हुई। बैठक में केंद्र सरकार की मजदूर -किसान एवं आमजन विरोधी नीतियों के खिलाफ 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर 9 जुलाई को हो रहे आम हड़ताल को सक्रिय समर्थन देने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार की कॉर्पोरेट पक्षी नीतियों के कारण गरीबों की विशाल संख्या तथा अति धनवानो के बीच असमानता तीव्र गति से बढ़ रही है। धनवानो की 5 प्रतिशत आबादी ने मेहनतकश जनता के कठिन परिश्रम से निर्मित देश की लगभग 70 प्रतिशत संपत्ति हड़प ली है। वहीं आबादी के निचले 50 प्लोरतिशत गों के पास इसका केवल लगभग तीन प्रतिशत हिस्सा है। मेहनतकश वर्ग के कड़े संघर्षों से अर्जित 29 श्रम कानूनों को रद्द कर उसकी जगह चार श्रम कोड लाकर श्रमिकों के अधिकारों में भारी कटौती की गई है। 700 किसानों की शहादत के उपरांत किसानों द्वारा 13 महीने तक किए गए लंबे संघर्ष के बाद वापस लिए गए तीन काले कृषि कानून को पिछले दरवाजे से पुनः लाया जा रहा है। सरकारी संपत्तियों को औने-पौने दामों पर पूंजी पत्तियों के हवाले किया जा रहा है तथा अस्थाई नौकरियां खत्म कर ठेके पर बहाली हो रही है। इन नीतियों के कारण आम जनता के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या बढ़ रही है। महिलाओं पर अपराध सहित अन्य अपराधिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। शिक्षा नीति 2020 के जरिए शिक्षा प्रणाली के केंद्रीकरण, व्यापिरीकरण और सांप्रदायिकरण का फासीवादी डिजाइन तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर पार्टी के कार्यकर्ता 9 जुलाई को सड़कों पर उतरेंगे। बैठक में पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य लालबाबू महतो, जिला कमिटी सदस्य तारकेश्वर गिरि, मोहम्मद इदरीस, काशीनाथ सहनी,नरेश राम,लालबाबू सहनी, विपिन ठाकुर, लालबाबू राय और रामप्रीत राय ने भी अपने विचार रखे।

# कांटी के माटी पैदा लिया इंसान हूं, जनता के दु:ख- दर्द समझता हू : अजीत कुमार

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर । कांटी के माटी मे पैदा लिया इंसान ही स्थानीय जनता के दुःख- दर्द को समझ सकता है। बीते 10 वर्षों में कांटी विधानसभा क्षेत्र के जनता के वोट चुने गए विधायक सिर्फ अपने मतलब के कार्य को साधने में लगें रहे , उन्हें जनता के कार्य व विकास से कोई मतलब नहीं रहा। उक्त बातें कांटी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 6 के महादलित बस्ती, साइन छपरा देवानंद पासवान टोला, असनगर दलित बस्ती, पानापुर लोहार टोला, लसगरिपुर रविदास बस्ती में सोमवार को आयोजित जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता ई. अजीत कुमार ने उपस्थित लोगों से कही। इस अवसर पर श्री कुमार का स्थानीय पार्षद इनरदेवराम उर्फ पप्पू राम, विजय राम, पूर्व पार्षद राजकुमारी देवी समेत कई गणमान्य लोगों ने फूलमाला व अंग वस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने उपस्थिति अति उत्साहित महिलाएं , पुरुष व युवाओं वर्ग को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय आपका होगा। लेकिन इसके लिए आपको जिम्मेदार जनप्रतिनिधि चुनना होगा ।उन्होंने कहा कि पांच वर्ष तक गायब रहने वाले नेता फिर इस बार आपसे मिलकर लोक लुभावने वादे करेगें , लेकिन वैसे लोगों से आपको पूरी तरह सावधान रहना पड़ेगा। श्री कुमार ने कहा कि वे पिछले दो बार से चुनाव हारने के बाद भी कांटी - मड़वन के लोगों के बीच बने रहें एवं एवं लोगों के सुख-दुख में शरीर होकर न केवल उन्हें व्यक्तिगत स्तर पर मदद किया बल्कि सामाजिक समस्याओं का भी लड़कर निदान कराया। उन्होंने कहा कि मेरे इस अभियान में कांटी के हर समाज के लोगों का सहयोग मिला है, हम इसके लिए कांटी क्षेत्र के लोगों का आजीवन आभारी रहेंगे ।जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने अपने कई समस्या से श्री कुमार को अवगत कराया जिस पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर निष्पादन भी कराया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री अजीत कुमार का स्थानीय पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम ने अपने वार्ड 6 में ही विवाह भवन समेत अन्य विकास कार्य नगर विकास व आवास विभाग के मंत्री जीवेश कुमार मिश्रा से पहल कर करवाने की अनुरोध किया, जिस पर श्री कुमार ने विभागीय मंत्री से मिलकर इस कार्य को शीघ्र करने का आश्वासन दिया। वहीं, उपस्थित महिलाएं, पुरुष व युवाओं ने श्री कुमार को आश्वस्त किया कि इस बार के विधानसभा चुनाव में अपना- अपना समर्थन आपको ही देंगे एवं सभी ने अपना-अपना हाथ उठाकर इसका संकल्प भी लिया।

# अभी तक मधुबनी के सभी विधानसभा क्षेत्रों से 496634 गणना प्रपत्र का किया संग्रह

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र का वितरण तेजी के साथ किया जा रहा है। बीएलओ एवं बीएलओ सहायक के द्वारा प्रपत्र भरने में सहयोग भी किया जा रहा है और भरे हुए प्रपत्र का संग्रह भी तेजी से हो रहा है। अभी तक मधुबनी के सभी विधानसभा क्षेत्रों से अब तक 496634 गणना प्रपत्र का संग्रहण भी किया जा चुका है। जिला पदाधिकारी, मधुबनी के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण लगातार मॉनिटरिंग किया जा रहा है। जिलाधिकारी सहित तमाम वरीय पदाधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण के अभियान को लेकर अपने क्षेत्र भ्रमण के क्रम मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के कार्यो का निरीक्षण भी कर रहे है,साथ ही मतदाताओं से मिलकर उनका फीड बैक भी ले रहे है। जिलाधिकारी ने कहा कि 07 जनवरी,2025 को प्रकाशित निर्वाचक सूची में जिन मतदाताओं के नाम शामिल हैं, सभी को फॉर्म भरना है। यह कार्य निर्वाचक सूची की शुद्धता के लिए करना आवश्यक है। फॉर्म 26 जुलाई तक भरे जाने हैं। अभी 19 दिन शेष है ।उन्होंने बताया है कि इस कार्य में पर्याप्त संख्या में बीएलओ सहयोगी बीएलओ को सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि 2003 की मतदाता सूची निर्वाचन आयोग के वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध है जिसे कोई भी देख सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि संग्रहण किए गए फॉर्म का तेजी के साथ अपलोड भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि हाउस टू हाउस सर्वेक्षण का कार्य 25 जून से प्रारंभ हुआ है जो 26 जुलाई तक चलेगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 01अगस्त 2025 को कराया जाएगा। इसके पश्चात दावा-आपत्ति की अवधि 01अगस्त से 01 सितंबर तक निर्धारित की गई है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर 2025 को किया जाएगा।

# सड़क और बेली ब्रिज निर्माण के लिए 45.68 करोड़ रुपए : सम्राट

## साध बाबा स्थान से बैजू स्थान वैरियापुर और गोपालपुरी से कोनीपार पीडब्ल्यूडी रोड 19.08 करोड़ की योजना स्वीकृति

- लखीसरायझ्रकिऊल रेलमार्ग पर बेली ब्रिज अधिष्ठापन हेतु 26.60 करोड़

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लखीसराय में दो सड़कों और रेलमार्ग पर एक बेली ब्रिज के निर्माण के लिए 45.68 करोड़ रुपए से अधिक राशि स्वीकृत की गई है। इससे लखीसराय जिले में सड़क संपर्कता बढ़ेगी। श्री चौधरी ने बताया कि साध बाबा स्थान से बैजू स्थान वैरियापुर और गोपालपुरी से कोनीपार पीडब्ल्यूडी रोड तक 10.85 कि.मी. लंबी सडक इस परियोजना के लिए कुल 19.08 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि यह सड़क स्थानीय निवासियों की आवाजाही को सुलभ बनाएगी और क्षेत्रीय विकास को गति प्रदान करेगी। साथ ही, इससे आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि, ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापारिक सुविधा और सामाजिक बुनियादी ढांचे को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास और संपर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य में भी इस प्रकार की योजनाओं को निरंतर स्वीकृति देती रहेगी। श्री चौधरी ने बताया कि लखीसरायझ्रकिऊल रेलमार्ग पर बेली ब्रिज अधिष्ठापन हेतु 26.60 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। किऊल नदी पर स्थित पुराने रेलवे पुल के स्थान पर 9७45.72 मीटर आकार का बेली ब्रिज अधिष्ठापन प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि यह परियोजना सड़क सुरक्षा के साथ-साथ दोहरे रेलवे संपर्क के विकल्प के रूप में कार्य करेगी, जिससे यात्रियों की सुविधा और आपात परिस्थितियों में राहत व्यवस्था दोनों को मजबूती मिलेगी। श्री चौधरी ने बताया कि तकनीकी विशेषज्ञों के साथ हुए संयुक्त निरीक्षण में यह पाया गया कि किऊल नदी पर मौजूद पुराना रेलवे पुल आंशिक मरम्मत के बाद बेली ब्रिज अधिष्ठापन के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने बताया कि बेली ब्रिज की संरचनाः 9७45.72 मीटर की लंबाई होगी, कैरिजवेः 4.25 मीटर चौड़ा होगा और प्रोजेक्शनः दोनों ओर 1.5 मीटर होगा। श्री चौधरी ने कहा कि सड़कों के साथ बेली ब्रिज का निर्माण न केवल यातायात का प्रवाह सुनिश्चित करेगा, बल्कि क्षेत्र की आपातकालीन सेवाओं, प्रशासनिक आवागमन एवं स्थानीय नागरिकों की दैनिक गतिविधियों में भी सहूलियत होगी।

# शांति समिति के सदस्यों को चिन्हित कर विशेष मौके पर सम्मानित किया जायेगा : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।मुहर्रम के दसवीं की शाम कोतवाली चौक पर जब मंच पर जिलाधिकारी कौशल कुमार और वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारड्डी पहुंचे तो वहां माइक से भीड़ कंट्रोल कर रहे शांति समिति सदस्य नवीन सिन्हा को आधा दर्जन लोगों के साथ यातायात व्यवस्था में पुलिस की मदद कर रहे लोगों में से एक दुबले पतले अधेड़ व्यक्ति को बुलाने को कहा। पहले तो कुछ समझ में नहीं आया, फिर माइक से ही उस व्यक्ति को मोती कुरैशी नाम से मंच पर बुलवाया। मोती कुरैशी जब मंच पर आए तो जिलाधिकारी श्री कुमार ने सहज भाव से पूछा कि अगर मैं भूल नहीं रहा तो लगभग दस वर्ष पूर्व भी आप मुहर्रम और रामनवमी में घंटों यातायात व्यवस्था में लगे हुए थे। मोती कुरैशी सहित सभी ने कहा कि ये वर्षों से शांति समिति सदस्य के रूप में सेवा देते रहे हैं। जिलाधिकारी ने एस एस पी से कहा कि जब मैं दस वर्ष पहले यहां प्रशिक्षण में पदस्थापित था तो उस समय भी मैने इस व्यक्ति को निरंतर सेवा देते देखा था। आज भी वही जज्बा है। एक सच्चा सेवक शांति समिति सदस्य से प्रशाशन मजबूत होता है। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि जिला शांति समिति अंतर्गत 40 सदस्यों की कोतवाली थाना क्षेत्रीय शांति समिति सक्रिय रूप से मोहर्रम और रामनवमी सहित सभी विशेष आयोजन पर सेवारत रहता है। डीएम ने थाना प्रभारी से कहा कि वर्षों से लगातार सेवारत शांति समिति सदस्यों की अलग सूची चिन्हित कर रखें, जो जमीन पर कार्यरत हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, मंगलवार, 08 जुलाई, 2025



# बिहार बंद को लेकर कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बिहार सरकार पर उठाए सवाल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिला कांग्रेस कार्यालय में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवेक्षक राज बहादुर निषाद की उपस्थिति और जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में गहन मतदाता पूर्ण निरीक्षण, माय बहिन मान योजना और 9 जुलाई को महागठबंधन द्वारा बिहार बंद की समीक्षा बैठक और प्रेस वार्ता आयोजित हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रवेक्षक ने कहा कि बिहार में भाजपा की डबल इंजन की सरकार अपना जनाधिकार खो चुकी है इसलिये बिहार निर्वाचन आयोग का सहारा लेकर गहन मतदाता पुनरीक्षण के बहाने शोषित गरीब और विशेष कर अल्पसंख्यक को मताधिकार के अधिकार से वंचित करना चाहती है और एक महीने के अंदर यह संभव नहीं है। इससे पहले मोदीजी ने महाराष्ट्र, दिल्ली हरियाणा आदि प्रदेशों में चुनावीं खेल कर बेईमानी के रास्ते से चुनाव जीते है और भाजपा के नस नस में बेईमानी है। नितीश जी भी सुशासन और कानून का राज कायम करने के लिए जनता ने इन्हें मुख्यमंत्री बनाया था लेकिन इनके राज में कानून राज तो दूर कोई भी सुरक्षित नहीं है रोज राज्य में हत्याएं हो रहीं है। नितीश जी को अपनी जवाबदेही स्वीकार करते हुये मुख्य मंत्री पद से इस्तीफा दें देना चाहिये। उपस्थित कांग्रेस जनों से कहा कि हर घ जा जा कर जनता को मतदाता गणना का फार्म भरवाये और माई बहिन मान योजना की जानकारी साझा करें। जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने कहा कि दिनांक 9 जुलाई को महागठबंधन के बिहार बंद में कांग्रेस शामिल होगी और चुनाव आयोग के तुगलक फरमान का विरोध करेंगी। इसके लिए सभी ट्रेड यूनियनों, जनता और व्यापरी भाई से सहयोग लिया जा रहा है और डबल इंजन की हत्यारी, निकम्मी और भ्रष्ट सरकार को इस चुनाव में बिहार से उखाड़ फेकना है। जिला के चारों विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस के कार्यकर्त्ता और पार्टी के बीएलए को निर्देश दिया गया है कि मतदाता गणणा फॉर्म को भरवाया जाय ताकि एक भी मतदाता वोट से वंचित नहीं रहे और भाजपा के साजिश को कामयाब नहीं होने देना है और मनसूबे पर पानी फेर दें तथा कांग्रेस आयोग से मांग करती है कि वोटर को परेशान नहीं कर अपनी तुगलकी आदेश तुरंत वापस ले। बैठक और प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, मनोज कुमार मिश्र, बद्री प्रसाद यादव, प्रदेश प्रतिनिधि मो मजनू हैदर कैश, राम शरण कुमार, महेंद्र त्यागी, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, गमन कुमार सिंह, राम कुमार पासवान, मुशहर समाज के अध्यक्ष प्रेम लाल सादा, शोभा कांत झा, दिवाकर गिरी, श्री मती इला कुमारी, प्रतिभा सिंह डोली, सलमा खातून, बीरेंद्र पासवान मुखिया, जवाहर झा, भरत झा, प्रमोद कुमार सिंह, अब्दुल नकीम, बैधनाथ झा, दीपक कुमार साहु, शिव कुमार सादा, गौरी कांत झा, सुमन यादव, चन्दन कुमार यादव, शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रमुखता से करने का दिया गया निर्देश

### कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में लखीसराय जिले के सभी सीआरसी विद्यालय के प्रधान, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा वीसी के माध्यम से की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को प्रमुखता से करने का निर्देश दिया गया, और इस कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2025 हेतु 25 जून से 27 जुलाई तक का समय निर्धारित किया गया है। इस गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें, कोई भी अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो और मतदाता सूची में नाम जोड़ना या हटाने की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार,भूमि सुधार उपसमाहर्ता सितु शर्मा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुश्री पम्मी रानी,जिला शिक्षा पदाधिकारी यदुवंश राम, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सुश्री नैंसी मुर्मु, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका पिंटू कुमार एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में नक्सलियों ने एसटीएफ के साथ मुठभेड़ कर नक्सली अपने मौजूदगी का एहसास दिलाया

मुंगेर। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के नक्सल प्रभावित राजा सराय में रविवार को सुबह नक्सली सुरेश कोड की मौजूदगी की सूचना पर घेराबंदी करने पहुंची एसटीएफ और नक्सलियों के बीच जमकर मुठभेड़ हुई। इस दौरान दोनों के बीच जमकर गलीवारी की गई। बताया जाता है कि फायरिंग के बाद नक्सली सुरेश कोड़ा अन्य नक्सलियों के साथ भाग निकलने में सफल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार नक्सली सुरेश कोड़ा की राजा सराय में साथियों के साथ मौजूदगी की सूचना पर एसटीएफ की टीम डीएसपी सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी के लिए पहुंची थी। इसकी भनक मिलते ही नक्सली सुरेश कोड़ा एवं उसके साथियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवाब में एसटीएफ ने भी फायरिंग शुरू की इस दौरान दोनों ओर से सैकड़ो राउंड से अधिक गोलियां चली। हवेली खड़गपुर थाना अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस गोलीबारी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मामले को लेकर एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर विनय कुमार राय ने हवेली खड़गपुर थाना में आवेदन देकर नक्सली सुरेश कोड़ा सहित तीन नाम जदऔर कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच लखीसराय जिले में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न





**● डीएम मिथिलेश मिश्र व एसपी अजय कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था की खुद संभाली कमान**

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !पूरी चौक-चौबंद और अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था के बीच गम और अकीदत का त्योहार मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से लखीसराय जिले में संपन्न हो गया !अकीदतमंदो ने पूरे अकीदत के साथ आपसी भाईचारे व सद्भाव का मिशाल पेश करते हुए मुहर्रम का त्योहार मनाया !जिले के बड़ी दरगाह,छोटी दरगाह,इंग्लिश,सूर्यगढा,मेदनीचौकी, बड़हिया आदि स्थानों पर ताजिया जुलुस निकाला गया !सबसे आकर्षण का केंद्र लखीसराय नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी दरगाह का ताजिया रहा !ऑपरेशन सिंदूर के तर्ज पर बनाए गए ताजिया लोगों को राष्ट्रभक्ति की याद दिलाया !डीएम मिथलेश मिश्र तथा एसपी अजय कुमार स्वंय भारी सुरक्षाबलों के साथ लगातार जिले का भ्रमण करते दिखे !वहीं सूर्यगढा में एसडीएम प्रभा कर कुमार तथा एसडीपीओ शिवम कुमार सूर्यगढा का कमान संभालते दिखे !कुल मिलाकर देखा जाए तो मुहर्रम का त्योहार लखीसराय जिले में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया! किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई !ज्ञात हो की मुहर्रम को लेकर युवाओं में गजब का जोश दिखा !बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी अखाड़े में दिखे !

## जमालपुर की लौह नगरी में नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर जिले के लोकल कॉलोनी रोड में एक विक्षिप्त नाबालिग युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है पुलिस सूत्रों के अनुसार नाबालिक युवती की उम्र लगभग 15 से 16 साल की है। बताया जाता है कि भागलपुर की रहने वाली है। घटना शनिवार की देर रात की है। घटना लोको कॉलोनी की एक खंडहर रेलवे क्वार्टर में उस समय हुई जब युवती भागलपुर से जमालपुर स्टेशन पहुंची तथा रास्ता भटक कर लोको कॉलोनी की ओर चली गई। जहां चार-पांच युवकों ने युवती को अपना हवस का शिकार बनाया। युवती अपना नाम बता रही है लेकिन अपने माता-पिता का नाम नहीं बता पा रही है। घटना की सूचना मिलते ही जमालपुर आदर्श थाना अध्यक्ष राजेश कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा महिला पुलिस के साथ पीड़िता को महिला थाना मुंगेर को सुपुर्द कर दिया गया। लोजपा रामविलास पार्टी के नगर अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल एवं अन्य लोगों ने बताया कि सुबह पीड़िता रो रही थी। लोगों के साथ जब पहुंचे तो पीड़िता से पूछताछ की गई। पता चला कि युवती भागलपुर से भटक कर जमालपुर स्टेशन आई और रास्ता भटक कर लोको कॉलोनी पहुंच गई थी। जहां रात्रि में चार-पांच युवकों ने युवती से जबरन दुष्कर्म किया। एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पीड़िता को फिलहाल महिला थाना को सुपुर्द कर दिया गया है तथा महिला थाना अध्यक्ष इस घटना की जांच करेगी। जांचों प्रांत अगर ऐसी घटना हुई हो तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नाबालिग युवती मानसिक रूप से बीमार लग रही है। इनका मेडिकल भी कराया जाएगा। वैसे सामूहिक दुष्कर्म की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।


## कूड़े की दुर्गंध से छात्राओं को स्कूल जाना हुआ दुर्लभ, नाक पर रूमाल रखकर जाना पड़ता है स्कूल

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा नगर निगम बनने के बावजूद शहर के सभी वार्ड एवं सड़क से गंदगी हटने का नाम नही ले रहा है। जबकि नगर निगम के द्वारा प्रतिमाह लाखों रुपए खर्च किए जा रहे है। इसके बावजूद नगर निगम सहरसा के अकर्मण्यता का जीता जागता नमूना फोटो के ही द्वारा आप देख सकते हैं। खबर लिखे जाने के समय सोमवार दोपहर के 12:35 मिनट हो रहे है कुड़ा अभी तक नही उठा है। शहर के अति व्यस्ततम रोड बनगाँव रोड रूपवती गेट से लगभग 40 फीट पश्चिम तक बीच रोड पर कुडा का अंबार आप देख सकते है। अब तो हद हो गई। घर घर गीला ओर सुखा कूड़ा भी यही पर गिराने लगा है। लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है लोग नाक पर रूमाल रखकर सड़क पार करते हैं।आसपास के दुकानों पर भी दुर्गंध के कारण बैठना मुश्किल हो गया है। रूपवती स्कूल में पढ़ने वाले 8 सौ के करीब छात्रा भी अपने नाक पर रूमाल रखकर स्कूल जाने आने को विवश है। लोगों ने समाचार पत्र के माध्यम से नगर निगम के सक्षम पदाधिकारी का इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए इस पर संज्ञान लेने को कहा। लोगों का कहना है कि यहाँ कूड़ा डम्प करना बंद करें। अनयत्र खाली जगह पर कूड़ा डम्प हो जिससे सभी लोग राहत की सांस ले सके। छात्राओं ने बताया कि स्कूल के गेट पर बना मूत्रालय एवं कुड़ा कचरा रखने का स्थान बना दिया गया है जिसके कारण नाक पर रूमाल रखकर स्कूल जाना पड़ता है। वही गंदगी के कारण बिमार पड़ने की आशंका बनी हुई रहती है।

## सहरसा पुलिस कि पेट्रोलिंग गाड़ी हो गया धक्का मार गाड़ी, ऐसे में कैसे होगा अपराधियों पर कंट्रोल




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा विपक्ष बढ़ते क्राइम को लेकर सरकार को घेरने में लगी है। वहीं सहरसा पुलिस की धक्का मार गाड़ी के कारण किरकिरी हो रही है। क्राइम कंट्रोल के लिए सरकार ने थानों में गाड़ी की कमी नहीं होने दी है लेकिन कमी है तो गाड़ी के रखरखाव और मेंटेनेंस की। पटरी के बीचो-बीच फंसी पुलिस की गाड़ी बात करतेर है सहरसा के धक्का मार पुलिस गाड़ी की, जिसे कभी सदर थाना की एक गाड़ी दूसरे गाड़ी को टोचन कर रहा है तो कभी धक्का मारकर किसी तरह थाना तक ले जाने का काम कर रहा है। इसी दौरान बंगाली बाजार स्थित रेलवे ढाला के समीप टोचन रेलवे पटरी के बीचों बीच खुल गया। टोचन काफी मशक्कत के बाद जब नहीं लगा तो रेलवे पटरी के बीचों बीच धक्का मारकर ढाला से बाहर निकाला गया। धक्का मार गाड़ी से कैसे होगा क्राइम कंट्रोल गनीमत थी कि उस वक्त कोई ट्रेन नहीं थी। नहीं तो हादसा भी हो सकता था। फिर जाकर किसी तरह सहरसा सदर की पुलिस की खराब गाड़ी सदर थाना तक पहुंच पाई। ऐसे में सरकार का क्राइम कंट्रोल पर किए जाने वाले दावों का पुलिस वाले और उसकी खराब गाड़ी हवा निकलती नजर आ रही है। क्या ऐसे में क्राइम कंट्रोल हो पायेगा, अपराधियों पर लगाम लगाया जाएगा।

## खेत में धान रोपने के दौरान सर्प के काटने से हुई 7 वर्षीय बच्चे की मौत, लोगों ने सर्प को मार डाला



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चकला गांव में मां के साथ खेत में धान रोपने गए एक 7 वर्षीय बच्चे की सर्पदंश से मौत हो गई। जिसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पीड़ित सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के चकला गांव, वार्ड नंबर 12 निवासी जीतो सादा ने बताया कि उनका 7 वर्षीय पुत्र सुजीत कुमार अपनी मां के साथ रविवार को धान रोपने खेत गया था। इसी दौरान विषैले कोबरा सर्प ने उसे डस लिया। सांप के डसने के बाद उसे अस्पताल लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई। वे लोग विषैले कोबरा को भी मारकर अपने साथ लेकर अस्पताल पहुंचे थे। लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो गई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृत बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। सिमरी बख्तियारपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि सर्प के काटने से बच्चे की मौत हुई थी। कार्रवाई की जा रही है।

## जीविका दीदी का सिलाई केन्द्र का शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय । महिला स्वावलंबन एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जीविका द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जीविकोपार्जन हेतु अब उनकी योग्यता और रुचि के अनुरूप सिलाई केंद्रों से भी जोड़ा जा रहा है । ये महिलाएं जीविका से संबद्ध स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं। इसके लिए जीविका से संबद्ध संकुल स्तरीय संघों के तत्वाधान में सिलाई केंद्र खोले जा रहे हैं। सोमवार को 3 सिलाई केंद्र का लखीसराय जिला अंतर्गत सूर्यगढ़ा प्रखंड के बरियारपुर और महेशपुर मे शुभारंभ हुआ । यह सिलाई केंद्र ज्ञान गंगा एवं सरल जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ के द्वारा संचालित किए जाएंगे । इस प्रकार के दीदी का सिलाई केंद्रों को जिले के सभी प्रखंडों में खोला जायेगा। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर प्रदान करना है। इन सिलाई केंद्रों से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के लिए ड्रेस की सिलाई होगी और मांग के अनुरूप आपूर्ति की जाएगी । बाद में अन्य विद्यालयों में भी ड्रेस की आपूर्ति की जाएगी। इन तीन आंगनवाड़ी केंद्रों से सौ से अधिक जीविका दीदियों को रोजगार मिला है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर ड्रेस की आपूर्ति के लिए 1 जुलाई 2025 को ग्रामीण विकास विभाग , बिहार सरकार एवं समाज कल्याण विभाग , बिहार सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ है। निशिकांत पटेल, प्रबंधक गैर कृषि ने बताया कि इन सिलाई इकाइयों के माध्यम से स्थानीय महिलाएं स्कूल ड्रेस और अन्य प्रकार के परिधानों की सिलाई करेंगी । इसके लिए इन्हें प्रशिक्षण , मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया का रहा है । बढ़ते क्रम में इन सिलाई केंद्रों को बाजार से जोड़ा जाएगा, जिससे जीविका दीदियों द्वारा निर्मित परिधानों को उचित कीमत मिल सकें और वो आत्मनिर्भर भी बनेंगी । साथ ही निर्मित उत्पादों को अच्छी कीमत मिल सके। सिलाई केंद्रों से होनेवाली आमदनी से जीविका दीदियों को जीविकोपार्जन का नया आयाम मिलेगा ।

## श्रावणी मेले को लेकर बाबा नगरी अशोक धाम में जिला प्रशासन की बड़ी बैठक



**● डीएम मिथलेश मिश्र व एसपी अजय कुमार ने तैयारीयों की,कि समीक्षा,अधिकारियों को दिए निर्देश**

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में श्रावणी मेला के अवसर पर इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर ( अशोक धाम ) में श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण निमित्त बैठक अशोक धाम मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं के भीड़ के मद्देनजर आवश्यक महिला एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति,पार्किंग की समुचित व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल, चलंत शौचालय, बिजली की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए शेड, चिकित्सा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई, एवं संबंधित पदाधिकारी को श्रावणी मेला की आवश्यक तैयारी हेतु कार्य करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता सुधांशु शेखर,उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मुकुल पंकज मणि, सिविल सर्जन बी0पी0 सिन्हा, स्थापना उप समाहर्ता शशि कुमार,जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी -सह- प्रभारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री प्राची कुमारी, सचिव इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अराजपत्रित कर्मियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को सौपा मांग पत्र

प्रात : किरण संवाददाता




सहरसा बिहार अनुसचिवीय कर्मचारी संघ एवं बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ संबद्ध बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के राज्य कमिटी के निर्णयानुसार सोमवार को भोजनावकाश में समाहरणालय के गेट पर नारेबाजी कर जिलाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र मुख्य सचिव को समर्पित किया गया। मुख्य रूप से मांग में समाहरणालय के लिपिक संवर्ग में निम्न वर्गीय लिपिक को 2800 ग्रेड पे, उच्च वर्गीय लिपिक को 4200ग्रेड पे, प्रधान लिपिक को 4800 और सहायक प्रशासी पदाधिकारी को 5400 ग्रेड पे की मांग किए है। साथ ही समाहरणालय के कर्मचारियों का राज्यस्तरीय संवर्ग से मुक्त रखा जाए। सामुहिक बीमा के राशि को पचास लाख किया जाए। वहीं राजस्व कर्मचारियों के आंदोलन के दौरान सरकार से हुए समझौता का अक्षर सह पालन करने की मांग गृह जिले में पदस्थापन सहित अन्य मांगों का मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से अपर मुख्य सचिव राजस्व विभाग के नाम सौंपा गया। मौके पर बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के जिला मंत्री शरद कुमार, महासंघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार सिंह, समाहरणालय संघ के अध्यक्ष रमन कुमार, मंत्री समरेंद्र सिंह, राजस्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संतोष झा, मंत्री श्रवण कुमार, सुरज कुमार, मणीकांत पाल, अभिषेक, पवन पटेल, बिरेंद्र लाल, नीरज कुमार, चन्द्रहास सिंह सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

## शराब तस्करी की जूर्म में दो व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया

दरभंगा। दरभंगा जिला के सिविल कोर्ट दरभंगा के उत्पाद अधिनियम के विशेष न्यायाधीश रविशंकर कुमार की अदालत ने दो शराब तस्करों को दोषी घोषित किया है।दोनों तस्कर समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर थानाक्षेत्र के फुलहारा निवासी बैजनाथ पासवान का पुत्र बीरो पासवान और लक्ष्मण पासवान का पुत्र शक्ति कुमार बताया जाता है।अदालत ने मामले की सूनवाई पुरी कर दोषसिद्ध दोनों अभियुक्तों को शराब तस्करी की जूर्म में दोषी पाते हुए न्यायिक हिरासत में मंडल कारा भेज दिया है। मामले में अभियोजन पक्ष का संचालन कर रहे उत्पाद अधिनियम के स्पेशल एपीपी हेमंत कुमार एवं मनोज कुमार मनमौजी ने बताया कि बर्ष 2022 में सिमरी थाना की पुलिस ने अभियुक्त बीरो पासवान एवं शक्ति कुमार को ट्रक के साथ 528.720 लीटर विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ घटनास्थल से गिरफ्तार किया था।

## जमीनी विवाद में कुदाल से सिर पर वार कर किया घायल, हालत गंभीर



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा जिले के पतरघट थाना क्षेत्र के गोलमा पश्चिमी पंचायत स्थित पीपरा बस्ती में दो पक्षों के बीच जमीनी विवाद में जमकर मारपीट हुई। जिसमें एक पक्ष के लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए। मारपीट में घायल पवन देव कुमार उर्फ मंटू यादव को परिजनों ने पीएचसी पतरघट में भर्ती कराया था। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया था। जहां वे इलाजरत है। घायल के पिता उपेन्द्र यादव ने बताया कि उनके निजी जमीन पर शनिवार को उनका गोतिया सिकन्दर यादव, पुलेन यादव, बिपीन यादव, धीरेंद्र यादव सहित अन्य सदस्य हरबै हथियार से लैस होकर मिट्टी भराई कर कब्जा कर रहे थे। उनके द्वारा मना करने पर सभी एकजुट होकर उन्हें मारपीट करने लगे। हल्ला पर जब उनका पुत्र पवन देव बचाने पहुंचा तो उनके सिर पर कुदाल से प्रहार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया। लूटपाट भी की गई थी। पतरघट थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट की बात बताई जा रही है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भारत उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में सहरसा एवं मधेपुरा में हुई विशेष गहन पुनरीक्षण के अद्यतन प्रगति की समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा । मधेपुरा भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में सहरसा एवं मधेपुरा में संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के अद्यतन प्रगति की समीक्षा हेतु सहरसा सूचना विज्ञान केंद्र में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में दीपेश कुमार, जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक हिमांशु एवं जिलांतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। जबकि जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मधेपुरा एवं संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। समीक्षा क्रम में उप निर्वाचन आयुक्त द्वारा बैठक में सभी ईआरओ से विधानसभावार कार्य योजना तथा अद्यतन प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। समीक्षात्मक बैठक के दौरान सभी संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या,मतदान केंद्रों की संख्या,मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों की संख्या सहित प्रगणन प्रपत्र के वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग तथा निर्धारित कार्य के सम्यक निर्वहन हेतु प्रतिदिन की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा कार्य के त्वरित व गुणवतापूर्ण निष्पादन निमित अतिरिक्त कर्मियों के रूप में स्वयंसेवकों की तैनाती, स्वयं एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा कैंप मोड में की जा रही प्रभावी मॉनिटरिंग प्रणाली से भी अवगत कराया गया। उप निर्वाचन आयुक्त द्वारा सहरसा एवं मधेपुरा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों समीक्षा के क्रम में इसके क्रियान्वयन में और तेजी लाने हेतु कार्ययोजना के संबंध में सहरसा व मधेपुरा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से पूछताछ की गई एवं इसके ठोस क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया है।

# मकान, फ्लैट या जमीन खरीदने से पहले - 21 जरूरी दस्तावेजों की जांच अवश्य करना चाहिए

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत में आम आदमी की सबसे बड़ी आर्थिक योजना होती है एक अपना घर और इसके लिए वह जीवन भर की पूंजी लगाता है। लेकिन अक्सर देखा गया है कि भावनाओं के बहाव में लोग दस्तावेजों की सही जांच नहीं करते हैं, जिससे बाद में उन्हें कानूनी विवादों, धोखाधड़ी और संपत्ति विवादों का सामना करना पड़ता है। दस्तावेज सेल डीड संपत्ति की बिक्री और ट्रांसफर का प्रमाण होता है। यह, यह पुष्टि करता है कि विक्रेता ने संपत्ति बेची है और अब खरीदार कानूनन मालिक हैं। सेल डीड रजिस्टर्ड होनी चाहिए और विक्रेता के पास इसका ऑरिजिनल होना चाहिए। चेन ऑफ टाइटल डीड (दस्तावेज) संपत्ति के स्वामित्व के इतिहास को दशार्ता है, यह दिखाता है कि पिछली बार किसने यह संपत्ति खरीदी थी, उससे पहले कौन मालिक था, आदि। अगर चेन टूटी हुई हो या कहीं गड़बड़ हो, तो संपत्ति विवाद में फँस सकती है। टाइटल डीड यह पुष्टि करता है कि विक्रेता संपत्ति का वैध और निर्विवाद मालिक है। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टाइटल डीड पर किसी प्रकार का रोक, ऋण, बकाया या मुकदमा दर्ज न हो। मदर डीड, इसमें संपत्ति की उत्पत्ति से लेकर अब तक के सारे ट्रांसफर दर्ज होते हैं। यह दस्तावेज विशेषकर तब जरूरी होता है जब आप बैंक से लोन लेना चाहते हैं। उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, यदि संपत्ति किसी की मृत्यु के बाद उत्तराधिकार में मिली है, तो वारिस को यह प्रमाण पत्र प्राप्त करना होता है। बिना इस प्रमाण पत्र के प्रॉपर्टी का लेन-देन अवैध हो सकता है। वसीयत और प्रमाणिकता, अगर संपत्ति वसीयत के जरिए मिली है, तो उसकी प्रामाणिकता कोर्ट से प्रमाणित होनी चाहिए। यह जरूरी है ताकि कोई दूसरा उत्तराधिकारी बाद में दावा न कर सके। इनकम्ब्रेंस सर्टिफिकेट, यह प्रमाणित करता है कि संपत्ति पर कोई कानूनी रोक, ऋण, गिरवी या बकाया नहीं है। इसे सब-रजिस्ट्रार कार्यालय से 12झ30 वर्षों की अवधि तक के लिए लिया जाता है। अनापत्ति प्रमाण पत्र, विभिन्न सरकारी विभागों से ठडउ प्राप्त करना आवश्यक होता है, जैसे- नगरपालिका, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, अग्निशमन विभाग, पर्यावरण विभाग का ठडउ सुनिश्चित करता है कि संपत्ति पर कोई सरकारी प्रतिबंध नहीं है। कानूनी राय, किसी अनुभवी रियल एस्टेट वकील से दस्तावेजों की विधिक जांच करवाना चाहिए ताकि भविष्य में कोर्ट-कचहरी के झंझट से बच सके। लेआउट और नक्शा, यदि फ्लैट या मकान खरीद रहे हैं, तो इसका लेआउट स्थानीय नगर निगम/विकास प्राधिकरण से स्वीकृत होना चाहिए। नक्शा से अलग निर्माण, अवैध माना जाएगा। ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट, यह प्रमाण पत्र बताता है कि निर्माण कार्य स्वीकृत नक्शे के अनुसार हुआ है और भवन रहने योग्य है। इसके बिना बिजली-पानी के कनेक्शन में समस्या आती है। कंप्लीशन सर्टिफिकेट, इससे पता चलता है कि निर्माण कार्य तय समय सीमा में, मानकों के अनुसार पूरा हुआ है। बिना इस सर्टिफिकेट के बैंकों से लोन में परेशानी हो सकता है। भूमि उपयोग परिवर्तन प्रमाण पत्र, यदि आप जिस जमीन पर मकान बना रहे हैं वह कृषि भूमि थी, तो उसे गैर-कृषि में परिवर्तित करने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है। भू-राजस्व रिकॉड, इसमें भूमि का प्रकार (कृषि या गैर-कृषि), मालिक का नाम, क्षेत्रफल, बकाया टैक्स आदि होता है। जमीन खरीदते समय पिछली 2 3 जमाबंदी कॉपी अवश्य जांचना चाहिए। म्यूटेशन रिकॉड, यह दशार्ता है कि सरकारी रेकॉर्ड में संपत्ति का मालिक कौन है। कृषि भूमि के मामलों में यह दस्तावेज अनिवार्य होता है। प्रॉपर्टी टैक्स रसीद, संपत्ति पर कोई टैक्स बकाया तो नहीं? इसके लिए पिछले 3झ5 वर्षों की टैक्स रसीदें चेक करना चाहिए। RERA पंजीकरण, यदि संपत्ति रियल एस्टेट प्रोजेक्ट का हिस्सा है, तो यह RERA में पंजीकृत होना चाहिए इससे प्रोजेक्ट की वैधता और समयसीमा की जानकारी मिलती है।

# भारत के तीन दुश्मन

भारत के उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न के एक महत्वपूर्ण पक्ष का रहस्योद्घाटन किया है। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ प्रत्यक्ष संघर्ष लड़ा था, लेकिन चीन और तुर्किए भी भारत के ह्यप्रत्यक्ष दुश्मनह्न की भूमिका में थे। चीन ने पाकिस्तान की हरसंभव मदद की और खुफिया सूचनाएं भी साझा कीं। चीन ने सेटेलाइट और अन्य माध्यमों के जरिए खुफिया लीड्स हासिल कीं कि भारत की सैन्य तैयारियां कैसी और क्या हैं? कहां, कौनसा लड़ाकू विमान, मिसाइलों सहित, मौजूद है और कभी भी हमला कर सकता है। चीन ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष को ह्यलाइव लैबह्न की तरह खूब इस्तेमाल किया और अपने हथियारों और सैन्य उपकरणों की टेस्टिंग की। बेहद संवेदनशील पक्ष यह था कि जब दोनों देशों के डीजीएमओ में बातचीत चल रही थी, तो पाक डीजीएमओ ने हमारे समकक्ष अधिकारी को कहा था कि भारत का एक अहम वेक्टर तैयार है। भारत पहले उसे हटा कर पीछे करे। लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने सवाल उठाया कि इतनी महीन और सटीक जानकारी पाक डीजीएमओ को कहां से मिली? जाहिर है कि ऐसे खुफिया इनपुट चीन ने ही पाकिस्तान को दिए थे। बेशक यह चीन की प्राचीन सैन्य रणनीति ह्य36 स्ट्रैटेजम्सह्न में से एक थी। इसके मायने हैं-ह्यकिराए की छुरी से वार करनाह्न अर्थात इस रणनीति के तहत चीन ने, भारत के खिलाफ, पाकिस्तान को ह्यकिराए की छुरीह्न के तौर पर इस्तेमाल किया। इस तरह ह्यऑपरेशन सिंदूरह्न संघर्ष के दौरान भारत को एक साथ तीन मोर्चों-पाकिस्तान, चीन, तुर्किए-पर लड पड़ा। ये तीनों ही देश ह्यभारत के दुश्मनह्न साबित हुए और भविष्य में भारत का विरोध करते रहेंगे, यह बिल्कुल तय है। लिहाजा हमें अपनी सैन्य तैयारियां उसी स्तर की करनी होंगी। सेना ऐसा कर भी रही है। पाकिस्तान के पास जो हथियार, विमान हैं, उनमें से करीब 81 फीसदी चीन ने उसे बेचे अथवा उधार पर मुहैया कराए हैं। तुर्किए ने पाकिस्तान को आधुनिक ड्रोन ही नहीं दिए, बल्कि उसके लड़ाकों और पायलटों ने भी पाकिस्तान की ओर से संघर्ष में शिरकत की, लेकिन न तो चीन और न ही तुर्किए संघर्ष की दशा और दिशा बदल सके। भारत के हवाई हमलों ने चीन की मिसाइलें और तुर्किए के ड्रोन, हवा में ही, चकनाचूर कर दिए। पाकिस्तान के जितने एयरबेस और उधार के लड़ाकू विमानों को हमारी सेना ने ह्यमिट्टी-मलबाह्न किया, उसके खुलासे दुनिया के सामने हैं। पाकिस्तान सैन्य रूप से कब तक हमलावर की स्थिति में लौट पाएगा, इसमें सालों भी लग सकते हैं। उप सेना प्रमुख ने ये तमाम खुलासे उद्योगपतियों के संगठन ह्यफिक्कीह्न के मंच से किए। उन्होंने वह मंच ही क्यों चुना? क्या निवेश का आह्वान किया जाना था? उप सेना प्रमुख ने ही लगभग दो माह बाद यह रहस्योद्घाटन क्यों किया? क्या सरकार के शीर्ष स्तरों से उन्हें यह काम करने का दायित्व सौंपा गया? कई सवाल हैं। भारतीय सेना तीन मोर्चों पर एक साथ लड़ी, यह खुलासा मीडिया के जरिए देश के सामने आ चुका था। देश के दुश्मन तीन देश ही नहीं हैं, बल्कि बांग्लादेश में तुर्किए और चीन नए रणनीतिक मोर्चे बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। आज का बांग्लादेश भारत-विरोधी है। क्या भविष्य में भारत को कई मोर्चों पर लड़ाई लड पड़ सकती है? क्या हमारी उतनी बहुआयामी सैन्य तैयारियां हैं? यदि दुश्मन भविष्य में सघन आबादी वाले इलाकों को निशाना बनाते हैं, तो क्या उतने व्यापक स्तर पर हमारे पास बंकर आदि की व्यवस्था है? लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने यह भी खुलासा किया है कि पाकिस्तान और पीओके में किए गए हमलों की योजना ठोस डाटा पर आधारित थी। भारत ने 21 संभावित टारगेट चिह्नित किए थे। उनमें से 9 को अंतिम समय में कार्रवाई के लिए चुना गया। इस दौरान तकनीक और मानव खुफिया से जुटाई जानकारी इस्तेमाल की गई। उप सेना प्रमुख ने कहा कि इस ऑपरेशन ने भारत की वायु रक्षा प्रणाली की अहमियत को उजागर कर दिया। चूंकि चीन खुफिया सूचनाओं के संदर्भ में पाकिस्तान की मदद भविष्य में भी करेगा, ऐसे में हमें मजबूत और आधुनिक वायु रक्षा प्रणाली की जरूरत है, जो दुश्मन की निगरानी और उसके हमलों को रोक सके। बहरहाल भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चुनौती मिल रही है, लेकिन बड़े देश हमें समर्थन भी कर रहे हैं। भविष्य के लिए भारत को बड़ी तैयारियां करनी हैं।

# सावन मनभावन: भीगते मौसम में साहित्य और संवेदना की हरियाली

वन आ गया है। वर्षा ऋतु की पहली दस्तक के साथ ही जब बादल घिरते हैं और बूँदें धरती को चूमती हैं, तो केवल पेड़-पौधे ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी हरा होने लगता है। यह महीना केवल वर्षा का नहीं, स्मृति, संवेदना और सृजन का है। सावन जब आता है, तो कविता झरने लगती है, लोकगीत गूंजने लगते हैं, पायलें छनकने लगती हैं और रूठा प्रेम भी नमी में घुलकर लौट आता है। सावन एक ऋतु नहीं, एक मनःस्थिति है भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है। इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है। नइहर से भैया बुलावा भेजवा दे, कजरारे नयनवा काहे भर आईलह्न, जैसे कजरी गीत सिर्फ आवाज नहीं, पीड़ा का पानी बनकर झरते हैं। लोक संस्कृति में सावन का रंग सावन का महीना भारतीय लोक परंपरा का सबसे रंगीन अध्याय है। कहीं तीज मनाई जा रही होती है, कहीं झूले पड़ रहे होते हैं, कहीं मेंहदी लग रही होती है तो कहीं बहनों के लिए राखी के गीत तैयार हो रहे होते हैं।





डॉ. सत्यवान सौरभ

(लेखक)

सावन आ गया है। वर्षा ऋतु की पहली दस्तक के साथ ही जब बादल घिरते हैं और बूँदें धरती को चूमती हैं, तो केवल पेड़-पौधे ही नहीं, मनुष्य का अंतर्मन भी हरा होने लगता है। यह महीना केवल वर्षा का नहीं, स्मृति, संवेदना और सृजन का है। सावन जब आता है, तो कविता झरने लगती है, लोकगीत गूंजने लगते हैं, पायलें छनकने लगती हैं और रूठा प्रेम भी नमी में घुलकर लौट आता है।

सावन एक ऋतु नहीं, एक मनःस्थिति है भारतीय मानस में ऋतुएँ केवल मौसम नहीं, जीवन के प्रतीक रही हैं। वसंत प्रेम का, ग्रीष्म तपस्या का और सावन प्रतीक्षा का महीना बनकर आता है। सावन में अक्सर प्रेयसी अकेली होती है, प्रियतम किसी दूर देश गया होता है, और प्रतीक्षा के बीच में विरह का काव्य जन्म लेता है।

इसलिए साहित्य में सावन का आगमन केवल प्राकृतिक नहीं, आत्मिक घटना है। नइहर से भैया बुलावा भेजवा दे, कजरारे नयनवा काहे भर आईलह्न, जैसे कजरी गीत सिर्फ आवाज नहीं, पीड़ा का पानी बनकर झरते हैं।

लोक संस्कृति में सावन का रंग सावन का महीना भारतीय लोक परंपरा का सबसे रंगीन अध्याय है।

कहीं तीज मनाई जा रही होती है, कहीं झूले पड़ रहे होते हैं, कहीं मेंहदी लग रही होती है तो कहीं बहनों के लिए राखी के गीत तैयार हो रहे होते हैं। यह महीना नारी मन की सृजनात्मक उड़ान का समय होता है।

दादी-नानी की कहानियाँ, माँ के गीत, और बेटियों की प्रतीक्षा झ सब कुछ सावन की हवा में घुल जाता है।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में कजरी, झूला गीत, सावनी और हरियाली तीज लोककाव्य का रूप ले लेती हैं। ये गीत सिर्फ मनोरंजन नहीं, महिला सशक्तिकरण के सांस्कृतिक दस्तावेज हैं – जहाँ स्त्रियाँ अपनी भावनाएँ, शिकायतें, प्रेम और विद्रोह तक गा डालती हैं।

साहित्य में सावनः बरसते बिम्ब और प्रतीक साहित्यकारों ने सावन को केवल प्रकृति-चित्रण के लिए ही नहीं, बल्कि मानवीय भावनाओं के प्रतिनिधि के रूप में देखा है। महादेवी वर्मा के शब्दों में सावन अकेलेपन की पीड़ा हैःनीर भरी दुख की बदली।

मैथिलीशरण गुप्त ने सावन को श्रृंगार रस में देखा झ चपला की चंचल किरणों से, छिटकी वर्षा की बूँदें गुलजार की कविता हो या नागार्जुन की भाषा, सावन हर किसी के लिए कुछ कहता है।

किसी के लिए वो टूटे रिश्तों की याद है, किसी के लिए माँ की गोद में बिताया बचपन, और किसी के लिए प्रेम की भीगी पहली रात।

भीतर की बारिश को समझना जरूरी है आज जब हम एसी कमरों में बैठे, मोबाइल पर मौसम का अपडेट पढ़ते हैं, तब सावन की असली खुशबू कहीं खो जाती है। हमने बारिश को केवल ट्रैफिक की समस्या बना दिया है।

सावन अब इंस्टाग्राम स्टोरी बनकर रह गया है।

पर क्या हमने कभी भीतर की बारिश को महसूस किया है? वह बारिश जो हमें धो देती है – अहंकार से, शुष्कता से, थकान से। सावन हमें फिर से नम करता है – हमें इंसान बनाता है।

प्रकृति की गोद में लौटने का आमंत्रण है ये मौसम। आज के कवियों के लिए सावन क्या है?

आज के कवियों को सावन का सिर्फ चित्रण नहीं करना चाहिए, बल्कि उसके भीतर छिपी विसंगतियों को भी पकड़ना चाहिए। जब ग्रामीण भारत के खेतों में पानी नहीं और शहरों में जलभराव है, तब यह असमानता भी साहित्य का विषय बननी चाहिए।

कविता को झूले और कजरी के अलावा किसानों के अधूरे सपनों, बर्बाद फसलों, और जलवायु परिवर्तन के संकट को भी शब्द देना होगा।

सावन और रंगमंचः नाट्य का मौसम सावन केवल काव्य का विषय नहीं, रंगमंच और लोकनाट्यों का भी प्रिय समय है। उत्तर भारत के कई हिस्सों में इस मौसम में झूला महोत्सव, सावनी गीत प्रतियोगिताएँ, लोकनाट्य और कविता गोष्ठियाँ आयोजित होती हैं। यह मौसम कलाकारों के पुनर्जन्म जैसा होता है।

उनके रंग, उनके स्वर और उनके मंच, सभी में नमी आ जाती है – जो सीधे दर्शक के हृदय तक पहुँचती है। आधुनिक मन और सावन की चुनौती आज का मानव सावन को देख तो रहा है, पर महसूस नहीं कर रहा। उसका मन इतनी सूचनाओं, मशीनों और तथ्यों में उलझ गया है कि वह बारिश को केवल मौसम विभाग के पूवार्नुमान के रूप में लेता है।

पर सावन को समझना है तो, खिड़की खोलनी होगी झ मन की भी और कमरे की भी। बूँदों को केवल त्वचा पर नहीं, आत्मा पर भी गिरने देना होगा। प्रकृति का मौसमी संदेश सावन हमें याद दिलाता है कि विकास और विनाश के बीच संतुलन जरूरी है।

बारिश से पहले आई भीषण गर्मी, जल संकट, जंगलों में आग – यह सब बताता है कि हमने प्रकृति के संतुलन को बिगाड़ा है।

सावन की बारिश इस बिगाड़ को थोड़ी राहत देती है, पर चेतावनी भी देती है कि अगर हमने अब भी नहीं सुधारा, तो सावन केवल स्मृति बनकर रह जाएगा।

समाप्ति की ओर एक सादगी भरा संदेश सावन को आने दो। उसे भीतर आने दो। जब वह बूँद बनकर गिरे, तो केवल छतों पर नहीं, तुम्हारी कविता में भी गिरे। जब वह झूला बनकर डोले, तो केवल पेड़ों पर नहीं, तुम्हारी कल्पना में भी डोले। यह मौसम मन का है, बस उसे पहचानने की जरूरत है

बचपन के वे झूले, माँ के लगाए मेंहदी के रंग, छत पर रखे बर्तन, और खेत में दौड़ता नंगाधड़ंग बच्चा – सब अब भी हमारे भीतर कहीं जिंदा हैं। उन्हें जरा सावन में बाहर आने दो। निवेदनः जब भी बादल घिरें, मोबाइल मत उठाना, खिड़की खोल लेना। और मन करे तो एक पुराना गीत गा लेना झ कभी तो मिलने आओ सावन के गीत गाने.

# आंशिक फैसला वापस मगर विपक्ष को पूर्ण फैसला वापसी तक लड़ना होगा

तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अखबार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अखबार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अखबार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी। तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं।





शकील अख्तर

(लेखक)

भाजपा के मनुवाद और जिसे अभी तेजस्वी ने कहा सामंतवाद के कारण उससे दूर रहते हैं। भाजपा फंस गई है। पहलगाम के आतंकवादी हमले फिर अचानक सीज फायर और उसके बाद सेना द्वारा लगातार यह बताए जाने कि किस तरह भारत अकेला पड़ गया था मोदीजी का ग्राफ लगातार गिरता जा रहा है। उनकी बातें बेअसर होने लगी हैं। हम थोड़ा संभल कर कह रहे हैं कि गलत काम करने वाले डरपोक होते हैं। तेजस्वी यादव ने तो अभी सीधे कायर कह दिया और असर दिखने लगा है। तेजस्वी ने कहा तो मीडिया को है। बहुत ही सख्त भाषा में देश और बिहार को बर्बाद कर दिया। बिके हुए लोग हैं। बेशर्म। चुनौती दी कि अखबार लाओ। दिखाओ कितनी जगह विपक्ष को दी है कितनी भाजपा को। बायकाट की चेतावनी दी। क्या नहीं कहा। सब कह दिया। यह भी कि देश को बर्बाद करने में सबसे बड़ी भूमिका मीडिया की है और मैं तुम्हारे एडीटर फेडिटर किसी से नहीं डरता। नेता के कहने का असर होता है और उसका तो बहुत ज्यादा जिसके पास बड़ी तादाद में मजबूत समर्थक हों। तेजस्वी ने कहा कि हम अपने समर्थकों से कह देंगे गांव में अखबार नहीं घुस पाएगा। सही बात है। मुलायम सिहं यादव ने यूपी में किया था- हल्ला बोल के नाम से। जिस अखबार के खिलाफ किया था उसे माफी मांगना पड़ी थी। तो असर मीडिया में तो इतनी जल्दी दिखेगा नहीं। क्योंकि विपक्ष की ही कुछ बड़ी पार्टियों के नेता उन्हें पुचकारते रहते हैं। अपने स्वार्थ से कि हमारा चेहरा दिखाते रहो। बाकी देश के बर्बाद करना या हमारी पार्टी के नेता को ही बदनाम करना जो भी करना है करते रहो। अभी राहुल गांधी के खिलाफ बीजेपी ने एक गंदा अभियान चलाया। बिहार से ही संबंधित है। महिलाओं को बांटे जाने वाले सेनेटरी पेड़ पर राहुल का फोटो चिपका कर राहुल के बारे में अनाप शनाप लिखा गया। पूरी तरह फर्जी फोटो था मगर कांग्रेस द्वारा समय पर काउंटर नहीं करने से उसी तरह लोगों ने यकीन कर लिया जैसे इस बात पर कर लिया था कि राहुल ने आलू से सोना बनाने की बात कही है। खुद कांग्रेस के लोगों ने कहा था कि देखिए राहुल कैसी बात कर रहे हैं। उस समय के मीडिया संभालने वालों ने कोई प्रतिकार नहीं किया कि वीडियो फर्जी है। बाद में उसे बनाने वाली ऐजेंसी ने भी माना कि उसे पैसे देकर यह फर्जी वीडियो बनवाया गया था। मगर कांग्रेस ने उस वीडियो के खंडन में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। वैसे ही आज भी सोशल मीडिया के दूसरे एक्टीविस्टों ने इस सेनेटरी पेड़ वाली खबर की झूठ का पदार्फाश करने की कोशिश की। मगर बीजेपी की आई टी सेल की बड़ी ताकत के सामने छुट-पुट कोशिशें कितनी कामयाब हो सकती हैं? जैसा अभी तेजस्वी ने किया वैसे ही राहुल भी मीडिया को आईना दिखाते रहते हैं। मगर फर्क यह है कि तेजस्वी की पार्टी का कोई आदमी अकेले में मीडिया से यह नहीं कह सकता कि अरे छोड़िए वह तो ऐसे ही कहते रहते हैं। कांग्रेस में तो बुला-बुला कर मीडिया को राहुल के खिलाफ बताया जाता है और पत्रकार कांग्रेस के बड़े पदाधिकारियों से कहते हैं कि आप राहुल को क्यों नहीं समझाते? कांग्रेस में राहुल का यह संघर्ष बड़ा है कि वह अपनी पार्टी के होस्टाइल ( राहुल की नीचा दिखाने वाले) नेताओं के बीच रहकर इतने शांत और संयत बने रहते हैं। कांग्रेस के नेताओं की मजबूरी है कि बिना राहुल के पार्टी एक रह नहीं सकती। नहीं तो वे राहुल को ही यह आरोप लगाकर पार्टी के बाहर कर सकते हैं कि यह आदमी मीडिया की बहुत आलोचना करता है। मीडिया उनके लिए सगी हो जाएगी और राहुल सौतेले! खैर बात तेजस्वी की थी। उन्होंने मीडिया को जिस तरह टाइट किया उसका असर चुनाव आयोग पर भी दिखा। हमने पहले ही कहा था डीबी लाइव पर बात करते हुए भी और अखबारों में लिखते हुए भी कि चुनाव आयोग को यह असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक फैसला वापस लेना पड़ेगा। एक महीने में आठ करोड़ लोगों के वोटों की जांच संभव ही नहीं है। और मूल सवाल विधानसभा चुनाव के तीन महीने पहले ही क्यों याद आया आपको? पत्रकार इसको नहीं लिख रहे कि बरसात में बिहार की सबसे बड़ी खबर बाढ़ ही हुआ करती है। कौन सा अखबार, टी वी चैनल है जो हर साल बिहार की बाढ़ की भयावह खबरें नहीं छापता नहीं दिखाता? जहाज से सहायता पहुंचाना बाढ़ से घिरे पानी में पेड़ के ऊपर चढ़े आदमी और साथ में सांप तक दिखाना। मगर अब कोई नहीं लिख रहा कि बरसात के मौसम में यह विशेष गहन पुनरीक्षण ( एसआईआर) कैसे होगा? बहरहाल तेजस्वी का रौद्र रूप देखकर मीडिया तो सहमा ही चुनाव आयोग भी घबरा गया। पटना में जब तेजस्वी बिहार चुनाव आयुक्त से मिलने गए तो समर्थकों की भारी भीड़ उनके साथ थी। नारे लगाती हुई उस भीड़ का आक्रोश देखकर कोई भी समझ सकता था कि लोग किस मूड में हैं। तेजस्वी से मुलाकात के अगले दिन ही शनिवार को चुनाव आयोग को कहना पड़ा कि बीएलओ द्वारा बांटे गए फार्म के साथ कोई दस्तावेज जरूरी नहीं हैं। केवल साइन करके वैसे ही फार्म जमा करा दें। इससे पहले पासपोर्ट जैसे डाक्यूमेंट मांगे गए थे और आधार को अमान्य कर दिया था। यह फैसला वापस लेने की शुरूआत है। 9 जुलाई बुधवार को विपक्षी दलों ने बिहार बंद का आह्वान किया है। जैसा माहौल है उसे देखते हुए बंद अभूतपूर्व होगा। मीडिया, चुनाव आयोग और भाजपा सब समझ रहे हैं। और यह भी कि अगर ऐतिहासिक बंद हो गया तो महागठबंधन को चुनाव डिक्लेयर होने से पहले ही निर्णायक बढ़त मिल जाएगी। जनता फैसला करती है मुख्यमंत्री का चेहरा कौन? तेजस्वी के इस समय के फार्म के सामने नीतीश कुमार का थका-मांदा चेहरा नहीं चलेगा। और भाजपा में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह अपना कोई चेहरा अभी से सामने ला सके। अगर भाजपा ने ऐसा किया तो नीतीश का समर्थक एकदम से उससे टूट जाएगा। और बिना नीतीश के जनाधार के भाजपा के लिए महागठबंधन से लड़ना बहुत मुश्किल है। भाजपा और चुनाव आयोग ने यह गहन पुनरीक्षण उन वोटों को छांटने के लिए किया था जो गरीब कमजोर हैं,

# नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्यारह वर्षों में श्रेष्ठ भारत की बना दी तस्वीर

प्रियरंजन भारती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे हो चुके हैं। तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष नौ जून को पूरा हो चुका है। इन ग्यारह वर्षों में विश्व ने भारत की आर्थिक और सामरिक शक्ति को बड़ी नजदीक से देखा और अपना नजरिया बदला है। लेकिन आर्थिक विकास को अपनी तरह से जिस तरह मोदी सरकार ने नई पहचान दी वह सबसे अनूठी है। पिछड़ेपन और गरीबी की छाया से छुटकारा दिलाते हुए मोदी सरकार ने गरीबों के कल्याण और आर्थिक विकास की मुख्य धारा में उनकी भागीदारी के लिए कल्याणकारी और बेहद उपयोगी योजनाएं शुरू करके क्रांतिकारी पहल की। प्रधानमंत्री मोदी की जन धन योजना और डिजिटल पेमेंट भारत के लिए आर्थिक क्रांति के नये युग का दर्शन कराता है। जन धन योजना में किसी खोमचे और रेहड़ी वाले का जीरो बैलेंस जन धन योजना का बैंक खाता नहीं खुलता तो वह न कभी बैंक खाता खोलने का सपना पूरा होते देखता और न ही यूपीआई से डिजिटल पेमेंट के जरिए कारोबार को लाभकारी बना पाता। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में में यह भारत की आर्थिक क्रांति के नये दौर की चमत्कारिक उपलब्धि है। योजनाओं से बदली तस्वीर अगस्त 2014 में प्रधानमंत्री बनने के चंद महीनों में ही नरेंद्र मोदी ने जन धन योजना शुरू कर दी। यही आज बड़ी उपलब्धियों में अव्वल बन चुका है कि इस योजना के जरिए 55 करोड़ से अधिक खाते खुले। इनमें ग्रामीण और अर्द्धशहरी क्षेत्रों के लोगों के करीब 36.63 करोड़ खाते हैं। इन खातों में 2.30 लाख करोड़ से अधिक राशि जमा है। यह एक और खास उपलब्धि है कि इनमें 55.6 यानी 29.37 करोड़ खाते महिलाओं के हैं। इनमें दिसंबर 2023 तक 20% खाते निष्क्रिय जरूर थे पर इन निष्क्रिय खातों में भी 12,779 करोड़ रुपये जमा हैं। डिजिटल पेमेंट की क्रांतिकारी पहल से इन खातों के उपयोग से ही गरीब कारोबारी मालामाल हो गये। यूपीआई से रुपये सीधे बैंक खातों में जाते हैं। इतनी बड़ी संख्या में जन धन योजना के बैंक खाते यदि नहीं खोले जाते तो यह अभियान भी आज जितना सफल हो सका है उतना हो पाना संभव नहीं होता। डिजिटल पेमेंट के मामले में आज भारत सबसे अव्वल है। डिजिटल भुगतान के मामले में आज भारत विश्व में पहले स्थान पर इसलिए खड़ा है क्योंकि 2022 में ही भारत ने 89.5 मिलियन डिजिटल लेन-देन पूरा करने वाला देश बना। दुनिया के दस शीर्ष देशों में भारत इस श्रृंखला में सबसे ऊपर खड़ा है। भारत सरकार इसे और अधिक बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। इसने वास्तव में भारत के अंदर आर्थिक प्रगति में बड़ी क्रांति ला दी। जन धन योजना का बैंक खाताधारी भी डिजिटल पेमेंट के माध्यम से कारोबार शुरू कर लाभकारी व्यापार की कतार में शामिल हो गया। ऐसे अनेक छोटे कारोबारी हैं जो नकद भुगतान से कारोबार चला रहे और यूपीआई से बैंक खातों में गई राशि को सीधे लाभांश मानकर गदगद हैं। नरेंद्र मोदी सरकार यह पहल नहीं करती तो शायद भारत आज आर्थिक क्रांति के इस नये अध्याय का हिस्सा नहीं बन पाता। इसी तरह से स्वच्छ भारत मिशन के जरिए भी भारत की तस्वीर बदल चुकी है। देश में लगभग बारह करोड़ से अधिक शौचालय बनाकर खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों को खुले में शौच के श्राप से मुक्ति दिला दी गई। यह इस दृष्टि से भी बड़ी उपलब्धि है कि इससे महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव रेखांकित किए जा सके। भारत के सिर से यह कलंक भी सिरे से मिट गया कि यह गंदगी फैलाने वाला देश है। आज ग्रामीण भारत में स्वच्छता मिशन एक आंदोलन का स्वरूप धारण कर चुका है। ऐसा इसलिए ही संभव हो सका कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत, श्रेष्ठ भारत निर्माण की कल्पना को साकार करने की ठान ली और इसमें सफलता का परचम लहराया। राजनीतिक और सामरिक मोर्चे पर बड़ी कामयाबी नरेंद्र मोदी सरकार ने ग्यारह वर्षों के कार्यकाल में अब तक 11 बड़े निर्णय किए और भारत की तस्वीर बदल दी। उज्ज्वला योजना के तहत 10.3 करोड़ से कहीं अधिक गरीब महिलाओं को मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन दिए और गरीबों के घरों में बहार ला दी। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से चार करोड़ से ज्यादा गरीबों को पक्का मकान दिला दिया। पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना के माध्यम से बिना गारंटी के छोटे व्यापारियों और पहली पीढ़ी के उद्यमियों को सस्ती दर पर कर्ज उपलब्ध कराकर भी आर्थिक तरक्की के कदम बढ़ाने का काम किया। सबसे खास तो यह कि किसान सम्मान निधि की शुरूआत करके 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7लाख करोड़ की राशि से लाभान्वित कर कृषि क्षेत्र में बड़े क्रांतिकारी बदलाव का परचम लहराया। पीएम स्वनिधि योजना के जरिए 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स यानी रेहड़ी पटरी वालों को उनके कामकाज के लिए आसानी से कर्ज. उपलब्ध कराए गए। सौभाग्य योजना में सौ प्रतिशत इच्छुक घरों को बिजली उपलब्ध कराई गई। आयुष्मान भारत योजना के दौरान मोदी सरकार ने अब तक 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करा डाला। और पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से 81 करोड़ मुफ़्त अनाज दिलाने की व्यवस्था उनके लिए सुनिश्चित करा दी जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन को विवश हैं।

# विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था करें : जिला पदाधिकारी

## विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिगत यह कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण

● जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सोमवारीय बैठक सम्पन्न

● सोमवारीय बैठक को लेकर जिला पदाधिकारी ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि जिले के जिन सरकारी विद्यालयों में अभी भी पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहां जल्द से जल्द चपाकल अथवा नल-जल योजना के तहत पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर इस दिशा में ठोस कार्रवाई करें ताकि छात्र-छात्राओं को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े। उन्होंने कहा कि यह कार्य आगामी विधानसभा निर्वाचन के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। जिला पदाधिकारी समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देशित कर रहे थे। जिला पदाधिकारी ने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्य प्रगति की समीक्षा किया। उन्होंने सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सोमवारीय बैठक में संबंधित विभागों के स्लाईड अनिवार्य रूप से रहने चाहिए। आईटी मैनेजर को शनिवार की संध्या तक स्लाईड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने निर्देश दिया कि स्लाईड में कार्य प्रगति दिखनी चाहिए। साथ ही वर्तमान सप्ताह में क्या-क्या कार्य किया जाना है, इसे भी दर्शानां सुनिश्चित करें। डीपीओ आइसीडीएस तथा डीपीएम जीविका द्वारा बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में आंगनबाड़ी सेविका एवं जीविका दीदियां बेहतर तरीके से कार्य कर रही हैं। मतदाताओं को एन्युमेरेशन फॉर्म भरने हेतु जागरूक कर रही हैं। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संतोष प्रकट किया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। ईंख विभाग की समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन सुगर मिलों की शिकायत ज्यादा प्राप्त हो रही हैं उनके साथ एरिया सम्बन्धन में ध्यान रखेंगे। उनके साथ ज्यादा एरिया रिजर्व नहीं करेंगे। जिलास्तर पर इस कार्य का सत्यापन होगा। गन्ना कृषकों के सुझाव भी अत्यंत जरूरी हैं। जिला पदाधिकारी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले में पशु चिकित्सालय के लिए भूमि की उपलब्धता हेतु सक्रिय होकर कार्य करें। मुख्यालय एवं राजस्व शाखा से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को गति प्रदान करें। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# सारण में मतदाता सूची अद्यतन को लेकर जीविका दीदियों को दिया गया प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत सारण जिले में मतदाता सूची के अद्यतन हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम सोमवार को जिला प्रेक्षागृह श्री भिखारी ठाकुर आर्ट गैलरी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 600 जीविका कैडरों एवं जिला परियोजना प्रबंधक के नेतृत्व में जिला स्तर के कर्मियों ने भाग लिया। जिलाधिकारी ने दिए स्पष्ट निर्देश इस अवसर पर सारण के जिलाधिकारी अमन समीर (भा.प्रा.से) ने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह अभियान योग्य मतदाताओं को सूची में शामिल करने तथा अयोग्य व्यक्तियों (जैसे मृतक, पलायन कर चुके लोग आदि) के नाम हटाने हेतु संचालित किया जा रहा है। उन्होंने जीविका दीदियों से अपेक्षा की कि वे सामुदायिक जागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाएं और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। दस्तावेजों से संबंधित निर्देश दस्तावेजों को लेकर स्पष्टीकरण देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति का नाम 2003 या 2025 की मतदाता सूची में मौजूद है, तो उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। माता या पिता के नाम का उल्लेख ही पर्याप्त होगा जीविका दीदियों की भूमिका महत्वपूर्ण सारण जिला अंतर्गत 3.5 लाख जीविका दीदियों की क्षमता पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि यदि प्रत्येक दीदी चार व्यक्तियों को जागरूक करें, तो लगभग 14 लाख मतदाताओं तक प्रभावी संपर्क संभव है। जिले के 32,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों में इस विषय पर चर्चा कराई जाएगी और महिला संवाद केंद्रों को सहायता केंद्रों के रूप में क्रियाशील किया जाएगा। नाम जोड़ने की प्रक्रिया हुई सरल नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाया गया है, जिसे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। जिनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं ऐसे मामलों में पंचायत सचिव या पारिवारिक सदस्यता सूची के माध्यम से प्रमाणन कराया जा सकता है। अफवाहों का खंडन और जीविका दीदियों का संकल्प कार्यक्रम के अंत में यह दोहराया गया कि यह पहल लोकतांत्रिक सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें जीविका दीदियों की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। उनका सहयोग इस अभियान की सफलता की कुंजी है। इस दौरान उपस्थित सभी जीविका दीदियों को इस कार्य हेतु प्रशिक्षण भी दिया गया, जहां उन्होंने खुलकर सवाल-जवाब किए और लोगों के बीच फैले इस अफवाह को दूर किया गया कि यह लोगों के नाम काटने हेतु किया जा रहा है। सभी जीविका दीदियों ने एक स्वर में कहा कि वे इस कार्य को ससमय संपन्न कराने में पूर्ण सहयोग देंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बिहार लोक सेवा आयोग की कोचिंग सुविधा अल्पसंख्यक छात्रों को अब जिला में मिलेगाः डीएमडब्ल्यूओ

छपरा। बिहार लोक सेवा आयोग की 71वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा जिला मुख्यालय में गैर आवासीय ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था होगी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग बिहार द्वारा इस बाबत दिशा -निर्देश उपलब्ध करा दिया गया है। इस संबंध में जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने बताया कि आवेदन की संख्या और संभावना की दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय में दो केंद्रों का चयन कर केंद्र के प्रधान से सहमति पत्र प्राप्त की जानी है। इसके लिए छात्रावास, मदरसा, वक्फ का जी प्लस भवन, प्राथमिक विद्यालय मध्य एवं उच्च विद्यालयों से हीं चयन करना है। अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी ने यह भी बताया कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से इस बाबत दिशा निर्देश प्राप्त हो गया है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अब जिला स्तर पर गैर आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राएं 71वीं बिहार लोक सेवा आयोग की संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करेंगे। बता दें कि इससे पूर्व अल्पसंख्यक छात्रों को हज भवन पटना में सरकार द्वारा तैयारी करवाया जा रहा था। आवेदन करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में रहेगा। उन्होंने अभी बताया कि सैनिक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन जिला अब संगत कल्याण कार्यालय में किया जाएगा। परीक्षा की तिथि से एक दिन पूर्व किसी प्राधिकृत व्यक्ति को ओएमआर एवं प्रश्नपत्र प्राप्त करने को लेकर हज भवन पटना भेजा जाएगा। परीक्षा समाप्ति के बाद उत्तर पुस्तिका ओएमआर सील बंद कर हज भवन पटना को उपलब्ध कराना होगा। गुना कहा कि विभागीय दिशा निर्देश के अनुसार चाइनीस जिला मुख्यालय स्थित केंद्र पर ऑनलाइन मोड में कक्षा की सुविधा प्राप्त करने हेतु अभ्यार्थियों द्वारा भरे गए विकल्प के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

### माशाल प्रतियोगिता का बीआरसी स्तर पर हुआ भव्य आयोजन



बनियापुर । बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी खेल प्रतिभा खोज योजना जिसका उदेश्य ग्राम स्तर पर छुपी खेल मेघा को राष्ट्र स्तर पर उभारना है, जिसका कार्यक्रम विद्यालय,सीआरसी स्तर के बाद आज 5 जुलाई से 8 जुलाई तक विभिन्न मेघावो मे मशाल कार्य क्रम के तहत इथलीट मे दौड़,फुटबाल कार्य क्रम का आयोजन किया गया ,जहा प्रखड़ विकास पदाधिकारी रमेन्द्र कुमार ,शिक्षा पदाधिकारी रामनाथ बैठा द्वारा संयुक्तरूप से उद्घाटन किया गया,जिसके बाद शारीरिक शिक्षक खेल के जानकर शिक्षकों की उपस्थिति मे इस खेल का विधिवत शुरूआत कर दी गयी,तेज धुप मे शामिल शिक्षकों छात्र छात्राओं को काफी कष्ट तो हुआ पर प्रतिस्पर्धा के इस खेल मे उत्सुकता बरकरार रहा।अगले दिन कब्बडी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,जहा बीआरपी श्रीकांत पाण्डेय कौसर अली गुड्डू सिंह त्रिपुरारी सिंह गुड्डू कुमारी शकील अहमद नसरुद्दीन सहित सभी विद्यालयों के प्रतियुक्त शिक्षक, चयनित सभी छात्र छात्राएं शामिल थी।

# सस्पेंशन ब्रिज बना पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र, सैकड़ों सैलानी प्रतिदिन पहुंचते है यहां

बगहा। सुस्ता का विवादों से चोली दामन का साथ दशकों पुराना है। इस सब के बीच सुस्ता में गंडक नदी पर बने 1571 मीटर ( सस्पेंशन ब्रिज ) झूला पूल पर्यटको के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।यह झूला पूल नदी के ऊपर बना नेपाल का सबसे लंबा झूला पूल है। नेपाल सूत्रों की माने तो प्रतिदिन इस नायाब झूले पूल को देखने के लिए करीब 5 हजार लोग पहुँच रहे है,पर्यटकों में सबसे ज्यादा भारतीय पर्यटकों की बताई जा रही है पर्व,त्यौहार व पूर्णिमा स्नान के समय पर्यटकों की संख्या 10 हजार के करीब हो जाती है। पूल के दोनों छोर पर कई दुकानें खुल गई है।बतादें की यह झूला पूल नारायणी गंडक नदी के ऊपर बनाई गई है जिसकी लम्बाई 1571 मीटर और चौड़ाई करीब साढ़े 4 फिट है। झूले पूल को बनाने में 18 करोड़ नेपाली करेंसी खर्च किए गए है इस झूले पूल से पैदल और बाइक दोनों तरफ से आवागवन किया जाता है इसका डिजाइन अपने आप मे नयाब है यह पिलरों के सहारे सस्पेंशन पर टिका हुआ है इसे बनाने में 9 वर्ष लगे हैं और यह झूला पूल निशुल्क लोगों के लिए खोला गया है बतादें की विवादित सुस्ता गांव गंडक नदी के भारतीय सीमा की तरफ सटे हुए है इसलिए नेपाली लोगों के आवागवन सुविधा के लिए इस झूले पूल का निर्माण किया गया है,जो इस क्षेत्र के लोगो कें लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है।

# बगहा न्यायालय ने अधिवक्ता अपहरण मामले में सुनाया अहम फैसला, अपहर्ता को आजीवन कारावास

प्रात: किरण संवाददाता



बगहा। न्यायालय ने इन्दिनों केस की सुनवाई करते हुए त्वरित कार्रवाही में लंबित मामले में सजा सुना रही है। जिससे पीड़ितों को न्याय के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। इसी क्रम में बगहा न्यायालय द्वारा एक और मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दरअसल बगहा न्यायालय ने अधिवक्ता के अपहरण मामले में अपहर्ता को आजीवन कारावास समेत 10 हजार का आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। बतादें,वर्ष 2008 में अपहताओं ने घर का दरवाजा तोड़कर अधिवक्ता का अपहरण कर लिया था। इस मामले में अपर एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ मानवेंद्र कुमार मिश्रा के कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। अभियोजन पदाधिकारी मन्नू राव ने बताया कि 24 अक्टूबर 2008 को अधिवक्ता रत्नाकर मिश्रा अपने घर पर सोए हुए थे तभी रात्रि में आधा दर्जन अपहर्ता आए और घर का दरवाजा तोड़कर उनका अपहरण कर लिया। इसको लेकर अधिवक्ता की पत्नी रंजू देवी ने सेमरा थाना में कांड संख्या 101/2008 दर्ज कराया था। जिसकी कोर्ट में लगातार सुनवाई चल रही थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के उक्त न्यायाधीश ने आजीवन कारावास समेत 10 हजार की आर्थिक दण्ड की सजा सुनाई है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से अपराधियों में डर का माहौल बनेगा और इस तरह का कुकृत्य भविष्य में करने से बचेंगे।

# चंपापुर हरनाटांड़ मुख्य दोन नहर सड़क मार्ग बुरी तरह से जर्जर

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। थरुहट की राजधानी कहे जाने वाली हरनाटांड़ चंपापुर दोन नहर सड़क मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो गई है। यह सड़क मार्ग हादसों की पहचान बनते जा रही है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण कई बाइक व वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त पूर्व में हो चुके है। बतादें की यह सड़क करीब 10 वर्ष पूर्व कमला कंस्ट्रक्शन के द्वारा बनाई गई थी जो बनने के 6 माह बाद ही कई जगहों से उखड़ कर गड्ढो में तब्दील हो गए है। बतादें,यह नहर सड़क मार्ग चंपापुर,संतपुर,ढंगरहिया, गोनौली,दारुआबारी,कटहरवा आदि परिधि क्षेत्र को थरुहट की कहे जाने वाली राजधानी हरनाटांड़ से जोड़ता है।समाजसेवी व जाने माने चिकित्सक डॉक्टर कृष्णमोहन प्रसाद ने बताया कि इस मार्ग से मेडिकल,व्यवसाय,बच्चों के पठनपाठन व आवागमन आदि के लिए किया जाता है ,जिसपर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का परिचालन होता है।उन्होंने आगे बताया कि यह दोन सड़क मार्ग वाल्मीकिनगर जीरो आरडी से चलकर चंपापुर, हरनाटांड़,लौकरिया,रामनगर व नरकटियागंज से आगे को जाता है।इसके बावजूद यह सड़क मार्ग सरकार के उदासीनता का शिकार बना हुआ है।

# बुद्ध चेतना परिषद का वार्षिकोत्सव संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। बुद्ध चेतना परिषद, छपरा (सारण) का वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन बजरंग नगर, काशी बाजार, छपरा स्थित माँ साइंस इंस्टिट्यूट में आयोजित हुआ । समारोह में वर्ष 2025 में बीएसईबी एवं सीबीएसई बोर्ड से उतीर्ण मैट्रिक एवं इंटर के कुल 59 विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया । मैट्रिक उतीर्ण विद्यार्थियों को सूचित किया गया कि 27 जुलाई 2025 को एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिससे चयनित विद्यार्थियों को 500 प्रति माह की छात्रवृत्ति एक वर्ष दी जाएगी । कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध-स्तुति तथा ध्वज-वंदना से की गई । अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया जबकि मंच संचालन डॉ नागेंद्र कुमार ने किया । सचिव प्रतिवेदन परिषद के सचिव सुशील कुमार सिंह द्वारा दिया गया जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया । ध्वज वंदना स्वीटी तथा श्रेया राज ने पढ़ा । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित प्लास्टिक सर्जन डॉ. शशि कपूर ने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देने का वादा किया जबकि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रत्नेश भास्कर ने इस तरह के कार्यक्रमों के लिए बुद्ध चेतना परिषद को साधुवाद दिया । इस अवसर पर 2024-25 में पंकज कुमार सहित कई नव नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया । पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में सारण नीट टॉपर निकिता कुमारी, 12वीं की जिला टॉपर सिमरन कुमारी, स्वीटी कुमारी, आदर्श रंजन, आदित्य कुमार, सुहानी सिंह, आयुष राज, अमरजीत कुमार, तनिष्क कुमार, रजनीश कुमार, अनूप कुमार आदि शामिल है । वार्षिकोत्सव में एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था ह्लसमाज के युवा पीढ़ी के समग्र विकास में हमारा योगदानह्व । इस विषय पर भैरव भक्त, प्रोफेसर अशोक कुमार सिंह , सुशील कुमार सिंह , राकेश कुमार सिंह, डॉ शत्रुघ्न प्रसाद सिंह, रामेश्वर प्रसाद , डॉ त्रिलोकी नाथ सिंह, बिंदेश्वर सिंह, लक्ष्मण वर्मा , वीरेंद्र प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, राजीव रंजन, जितेंद्र कुमार , चंद्रावती कुमारी , डॉ अशोक कुशवाहा, अवधेश कुमार सिंह, अवध किशोर सिंह, उमेश सिंह सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किया।

# भारत स्काउट और गाइड द्वारा सारण के निजी विद्यालयों का हुआ दल पंजीयन

## जिले के 75 निजी विद्यालयों में 150 स्काउट-गाइड दल गठित

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के पत्र के आलोक में भारत स्काउट और गाइड संगठन की ओर से सारण जिले के निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड के गतिविधियों को विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड में बैठक करके जिले के 75 निजी विद्यालयों में कुल 150 स्काउट और गाइड दलों का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष सह सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व,सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो दलों का गठन किया गया है, जिसमें एक दल स्काउट (लड़कों के लिए) और एक कंपनी गाइड(लड़कियों के लिए) दल शामिल है। भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया कि इस पंजीयन प्रक्रिया के तहत सभी दलों को औपचारिक रूप से प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।आने वाले महीनों में इन दलों के लिए प्रशिक्षण शिविर,सामाजिक सेवा कार्यक्रम और विभिन्न जिला स्तर के शिविर आयोजित की जाएंगी।वही शहर के बड़े निजी विद्यालयों में से एक एच०आर०इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिंह ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।दल पंजीयन में सहयोग भारत स्काउट और गाइड के मुख्यालय आयुक्त प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय,जिला प्रशिक्षक प्रणव,आशुतोष,सोनू, हार्दिक,मनीष एवम गाइड खुशी,चांदनी,अंशु और अन्य का सहयोग सराहनीय रहा।

छपरा कार्यालय। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी(समग्र शिक्षा)के पत्र के आलोक में भारत स्काउट और गाइड संगठन की ओर से सारण जिले के निजी विद्यालयों में भारत स्काउट और गाइड के गतिविधियों को विस्तार देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।शहर के सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल चांदमारी रोड में बैठक करके जिले के 75 निजी विद्यालयों में कुल 150 स्काउट और गाइड दलों का गठन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष सह सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ० हरेंद्र सिंह ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व,सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना है। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो दलों का गठन किया गया है, जिसमें एक दल स्काउट (लड़कों के लिए) और एक कंपनी गाइड(लड़कियों के लिए) दल शामिल है। भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया कि इस पंजीयन प्रक्रिया के तहत सभी दलों को औपचारिक रूप से प्रशिक्षण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे।आने वाले महीनों में इन दलों के लिए प्रशिक्षण शिविर,सामाजिक सेवा कार्यक्रम और विभिन्न जिला स्तर के शिविर आयोजित की जाएंगी।वही शहर के बड़े निजी विद्यालयों में से एक एच०आर०इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य नीरज सिंह ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।दल पंजीयन में सहयोग भारत स्काउट और गाइड के मुख्यालय आयुक्त प्रतिनिधि संदीप पाण्डेय,जिला प्रशिक्षक प्रणव,आशुतोष,सोनू, हार्दिक,मनीष एवम गाइड खुशी,चांदनी,अंशु और अन्य का सहयोग सराहनीय रहा।

# ई.आदित्य सिंह ने भाजपा संगठक प्रशांत अरोड़ा से की भेंट आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर हुई गहन चर्चा

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। अखिल भारतीय हिंदू महासभा (युवा मोर्चा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रवक्ता ई. आदित्य सिंह ने नई दिल्ली स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ संगठक श्री प्रशांत अरोड़ा से सौजन्य भेंट की। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।श्री अरोड़ा ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने जिन प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है, वे अपने-अपने क्षेत्रों में मजबूत जनाधार रखते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी बिहार में पुनः सरकार बनाने की दिशा में संगठित और सशक्त रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। पार्टी कार्यकताओं और युवाओं में जबरदस्त ऊर्जा और उत्साह है।ई. आदित्य सिंह ने भी बिहार के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे कार्यों से युवाओं में विशेष आकर्षण है। उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा गांव-गांव तक पहुँच कर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठनात्मक मजबूती, मतदाता संपर्क अभियान, युवाओं की भागीदारी और आगामी चुनावों में रणनीतिक गठजोड़ जैसे अहम मुद्दों पर भी चर्चा हुई।इस अवसर पर युवा मोर्चा के कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे जिन्होंने संगठन के कार्यों की जानकारी दी एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# छिटपुट घटनाओं के साथ ताजिया का जुलुस शांतिपूर्ण संपन्न

लहलादपुरः प्रखंड क्षेत्रअंतर्गत ताजिया का जुलुस रविवार की देर रात तक शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. इसमें कई गाँवों से ताजिया का जुलुस निकाले गये तथा सारण गांव स्थित कर्बला पहुँचकर संपन्न हुए. इसमें सिप्पड़ बनाने में प्रतिस्पर्धा देखा गया. ताजपुर में मिशाइल की झलक बनायी गयी थी, जो आकर्षक का केंद्र बना हुआ था. ताजिया के दौरान ताजपुर बिहारी मोड़ के समीप आपस में हल्की झड़प देखने को मिली, प्रशासन एवं स्थानीय बुद्धिजीवीओं के हस्तक्षेप से बात आगे बढ़ने से बची, वहीं लहलादपुर गांव स्थित सीओ जयकिशोर प्रसाद के मकान के समीप जुलुस में ले जा रहे मोताबी के बंडल में आग लग जाने से हल्का अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जो आग बुझने पर शांत हुआ. संवेदनशील इलाके में थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार अपने कई पुलिस पदाधिकारी एवं दल-बल के साथ मुस्तैद दिखे. प्रत्येक गांव के ताजिया जुलुस के साथ पुलिस दल तैनात रहे. सीओ शम्मी कुमार एवं बीडीओ नीलेश कुमार भी अपने क्षेत्र में गस्ती देते रहे. बताते चलें कि ताजिया का जुलुस दंदासपुर, हरपुर कोठी, पंडितपुर, दयालपुर, सेंदुआर, लहलादपुर, सारण, सीरिस्तापुर, जलालपुर, ताजपुर,

# अपने वैवाहिक जीवन के 18 वीं वर्षगांठ पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने किया विकास पर्व का आयोजन

## नगर निगम क्षेत्र के जनता की शतत सेवा और विकास में हमारा जीवन समर्पितः गरिमा

● हॉस्पिटल रोड स्थित मित्रा चौक पर महीनों से क्षतिग्रस्त पुलिया सहित बेतिया शहर की अतिआवश्यक कुल 1.60 करोड़ रुपए की 15 योजनाओं का कायार्देश किया वितरित

प्रात: किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने वैवाहिक जीवन के 18वीं वर्षगांठ पर नगर निगम कार्यालय में 1.60 करोड़ से भी अधिक की लागत वाली 15 विकास योजनाओं के कायार्देश का वितरण करते हुए सभी अभियंता, संवेदक और कार्यालय कर्मियों के बीच मिठाई का पैकेट बांट कर विकास पर्व का आयोजन किया। इस मौके पर महापौर ने कुल 1.60 करोड़ लागत वाले कुल 15 विकास कार्यों के कायार्देश का वितरण किया। इस मौके पर महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि हमारा जीवन नगर निगम क्षेत्र की जनता को उनकी शतत सेवा में समर्पित है। इस क्रम में बांटे गए कायार्देशो के बाबत महापौर ने बताया कि नगर निगम के वार्ड 13 में शंकर जी के मंदिर मेन रोड से गोरा दादा के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य एवं मित्रा चौक पर वर्षों से क्षतिग्रस्त पुलिया का 475000/- से निर्माण कार्य शामिल है। वही वार्ड 20 में दरोगा टोला शिव मंदिर से सुभाष सहनी के घर के तरफ जाने वाली मुख्य नाला के निर्माण एवं बसंती देवी के घर से कुल 1259900 लगत से मुख्य नाला के तरफ नाला निर्माण कार्य शामिल है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसके साथ ही वार्ड 22 में अमर राम के घर से साधु चौधरी के घर होते हुए श्याम राम के घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य एवं बेलबाग पिउनी बाग में नागेंद्र सिंह के घर से अरुण यादव के घर तक कुल 12,26800 की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति शामिल है। वार्ड 22 में ही मनोज महतो के घर से अनिल कुमार के घर होते हुए मुख्य नाला तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य दोनों तरफ के नाला निर्माण पर कुल 1222316/ खर्च को स्वीकृति दी गई है। वही वार्ड नंबर 23 में नौरंगा बाग में पायोनियर कोचिंग के मेन रोड से श्री प्रभुनाथ सिंह के घर की ओर जाने वाली सड़क में पीसीसी सड़क एवं आरसीसी नाला निर्माण कार्य का 1271900 की लागत से निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसी प्रकार वार्ड 3 में हाजी नसीम साहब के घर से खैराती मियां के घर तक सड़क निर्माण कार्य पर 1317500 खर्च को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 6 कयूम जी के घर से उतेश साह के घर तक नाला मरम्मति एवं लाल बाबू गुप्ता के घर से रामेश्वर जी के घर तक पीसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य राज अहमद के घर से अफजाल मियां के घर होते हुए शहाबुद्दीन जी के घर तक नाला निर्माण कार्य, राशि-933700/- शामिल है। वार्ड 9 में भोला साह लेहरी के घर से नंदकिशोर प्रसाद के घर होते हुए स्व.ओम प्रकाश राउत के घर तक नाला निर्माण कार्य एवं रंजय श्रीवास्तव जी के घर से चंद्रिका सिंह जी के घर होते हुए बुलाकी सिंह चौक के समीप अधिवक्ता स्व.सत्यदेव सिंह के घर तक नाला निर्माण कार्य एवं संत रविदास नगर स्थित सामुदायिक शौचालय से स्व. सोहन साह के घर से भगत साह के घर तक नाला एवं सड़क निर्माण कार्य पर 1475000 खर्च को स्वीकृति दी गई है। इसी प्रकार वार्ड 10 मो. अतिकुज्ज्मा के घर से मो. सगीर के घर तक आरसीसी नाला एवं पीसीसी सड़क एवं मो. शरीफ के घर से स्व.हैदर साहब के घर होते हुए मो. जोहा के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य पर कुल 702200 खर्च को स्वीकृति दी गई है। वार्ड 10 में मो. शहजाद मंजूर के घर से मो. अफजल के घर होते हुए मोहम्मद बदरुद्दीन के घर तक पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, 375100/- शामिल है। वार्ड नंबर 10 में स्व० कैसर के घर से नजरे आलम के घर होते हुए मो. शहाबुद्दीन के घर तक पीसीसी सड़क एवं मुस्ताक डीलर के घर से मो. नूरैन के घर होते हुए मो. नसर शाह के घर से सुनील कुमार के घर तक आरसीसी नाला पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, राशि-1101600/- है। वार्ड 12 में अरुण कुमार एवं राजू कुमार के घर से वर्तमान पार्षद के घर होते हुए वाया हीरालाल जी के घर से विनोद कुमार के घर तक आरसीसी नाला पीसीसी सड़क निर्माण कार्य, राशि- 895969/- है। वार्ड नंबर 15 में वक्फ वाले मकान से अंशु कुमार के घर से अरशद साहब के घर से डॉ.विश्वनाथ प्रसाद के घर तक आरसीसी नाला स्लैब पुलिया एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को 1314200 से कराया जाना शामिल है।

# टीबी उन्मूलनः टीबी से जंग में अब जन-जन बनेगा योद्धा, निगरानी से लेकर पोषण तक हर कदम मजबूत

## अब आशा और सीएचओ बनेंगे टीबी वॉरियर्स, हर मरीज तक पहुंचेगा इलाज और सहारा

छपरा। देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में अब सारण सहित पूरे बिहार के सभी जिलों में 100 दिवसीय ह्लटीबी मुक्त भारत अभियानह्व को लागू किया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की यह पहल 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक देश के 347 जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चलाई गई थी, जिसकी उल्लेखनीय सफलता को देखते हुए अब इसे राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार दिया जा रहा है। इस अभियान के तहत सारण जिले में भी घर-घर जाकर टीबी मरीजों की पहचान और उपचार की निगरानी की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर टीबी की एक्सरे स्क्रीनिंग की जायेगीःअभियान की सबसे बड़ी ताकत जनभागीदारी होगी। इसके तहत निर्वाचित जनप्रतिनिधि, एनजीओ, मीडिया संस्थान, स्व-सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों को जागरूकता कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। सामुदायिक सहभागिता से टीबी मरीजों को पहचानने, उनकी सहायता करने और उपचार में सहयोग करने की रणनीति को बढ़ावा मिलेगा। कमजोर आबादी की टीबी स्क्रीनिंग और एक्स-रे परीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से एनसीडी मरीजों के लिए टीबी की एक्स-रे स्क्रीनिंग की जाएगी। मातृत्व मृत्यु ऑडिट की तर्ज.पर होगा मौत का विश्लेषणः सभी पंचायतों और कमजोर आबादी वाले क्षेत्रों में 100% टीबी जांच का लक्ष्य। उच्च जोखिम वाले मरीजों की पहचान कर ओीशील्ल३ॅ ळ्ह उंशी को अपनाया जाएगा। सभी पात्र मरीजों को नि-क्षय पोषण योजना का लाभ, नि-क्षय मित्र सहायता और पोषण किट दी जाएगी। मातृत्व मृत्यु ऑडिट की तर्ज.पर टीबी मौतों का विश्लेषण किया जाएगा। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दो टीबी चैंपियन नियुक्त किए जाएंगेः जिला क्षमा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि सीएचओ हर 15 दिन में और आशा कार्यकर्ता साप्ताहिक रूप से टीबी मरीजों के घर जाकर सेवाओं की निगरानी करें। एनजीओ और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से पोषण पोटली की समय पर आपूर्ति। प्रत्येक आयुष्मान आरोग्य मंदिर में दो टीबी चैंपियन नियुक्त किए जाएंगे। नजदीकी संपर्कों को भी टीबी संक्रमण से बचाव हेतु जांच और उपचार मिलेगा। ज़िला स्तर पर कॉल सेंटर की स्थापना कर उपचार की निगरानी होगी। सभी गतिविधियों की समीक्षा कर सुधार के बिंदु चिन्हित किए जाएंगे। अब किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं छोड़ा जाएगा सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि टीबी से मृत्यु दर में तेजी से गिरावट लाने के लिए इस बार स्वास्थ्य विभाग ने ह्लओीशील्ल३ॅ ळ्ह उंशीह्व मॉडल को अपनाया है, जिसके तहत उच्च जोखिम वाले मरीजों की अलग पहचान कर उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाएगा। मरीजों के संपर्क में रहने वाले परिजनों और अन्य लोगों की भी जांच की जाएगी ताकि संक्रमण की चैन को वहीं रोका जा सके।

## पीएमएफएमई, पीएमईजीपी और पीएम विश्वकर्मा योजना को लेकर समीक्षा

# स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र करें भुगतान : एलडीएम

### बेवजह लाभार्थियों के आवेदन को नहीं करें अस्वीकृत, योग्य आवेदकों को दें लोन

**● बैंकों को निर्देश, सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में बैंकर्स निभाएं अपनी भूमिका**

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को एलडीएम नीरज कुमार ने बैंकों के साथ सरकार की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मधु कुमारी भी मौजूद थी। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में बैंकवार प्रगति की उन्होंने जानकारी ली। इस अवसर पर एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एचडीएफसी बैंक के साथ समीक्षा हुई। बता दे कि इसके लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सोमवार से लगातार पांच दिनों तक अलग अलग बैंकों के साथ इन तीनों योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति के पश्चात भुगतान हेतु लंबित एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंकों में अग्रसारित आवेदनों का ऋण स्वीकृति एवं भुगतान मिशन मोड में कराने को लेकर यह समीक्षा की जा रही है। इस दौरान एलडीएम श्री कुमार ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए बैंक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स किसी भी योजना में आवेदन स्वीकृत करने से पहले भौतिक रूप और कागजात की जांच करने के उपरांत ही आवेदन स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि बेवजह किसी लाभार्थी का आवेदन अस्वीकृत नहीं करें, योग्य लाभार्थियों को लोन देना बैंक का कार्य है। एलडीएम ने उपस्थित बैंक अधिकारियों से कहा कि बीते और वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत किए गए आवेदनों का शीघ्र भुगतान करें। वही मंगलवार को पीएनबी, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक और आईसीआईसीआई के साथ नौ जुलाई को बिहार ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, इंडसइंड बैंक और आईडीबीआई के साथ दस जुलाई को बैंक ऑफ बड़ौदा, बंधन बैंक, इंडियन बैंक और एक्सिस बैंक और ग्यारह जुलाई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के साथ समीक्षा करते हुए मिशन मोड में आवेदनों को स्वीकृत और स्वीकृत आवेदनों को भुगतान करवाना है। मौके पर एलडीएम नीरज कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मधु कुमारी, उपप्रबंधक कुंवर अजय प्रताप सिंह, कुमुद रंजन, केनरा बैंक के डीसीओ शिव कुमार गुप्ता, एचडीएफसी से विनय साह, एसबीआई से संतोष कुमार, बीओबी से परशुराम चौरसिया, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, अरविंद कुमार, स्वेता कुमारी समेत डीआरपी आदि मौजूद थे।

# पटना में निजी स्कूल संचालक की हत्या, घर लौटते समय अपराधियों ने सिर में मारी गोली

### नौबतपुर थाना जा रहे सिटी एसपी को सड़क पर दिखा शव, इलाके में सनसनी

प्रात: किरण संवाददाता



खगौल । गोपाल विद्यार्थी` राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस अभी चर्चित कारोबारी गोपाल खेमका मर्डर केस की गुत्थी सुलझा भी नहीं पाई थी कि अब दानापुर में अपराधियों ने एक निजी स्कूल संचालक को गोली मार दी है। बाइक सवार दो अपराधियों ने रविवार की देर रात सगुना-खगौल मुख्य मार्ग पर एक निजी स्कूल संचालक को गोली मार दी। सिर में एक गोली लगने से मुस्तफापुर निवासी नरेश चन्द्र प्रसाद के 50 वर्षीय पुत्र अजीत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल अपराधियों की संख्या का पता नहीं चल सका है, पुलिस मौके से एक खोखा बरामद कर मामले की जांच कर रही है। नौबतपुर थाना की ओर जा रहे एसपी पश्चिमी भानुप्रताप सिंह ने सड़क के किनारे खून से लथपथ शख्स को देख इसकी सूचना खगौल थाने को दी. बाद में मौके पर पहुंची पुलिस अजीत कुमार को अनुमंडल अस्पताल ले गई. वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों के मुताबिक स्कूल संचालक के सिर में एक गोली लगी है. घटना के वक्त वहां कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था.

लिहाजा फिलहाल यह नहीं पता चल सका है कि कितने अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है. एसपी पश्चिमी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि एफएसएल की टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। पुलिस अपराधी की पहचान के लिए घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।

पहचान होते ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक मृतक अजीत कुमार परिवार के साथ मुस्तफापुर में रहते थे। उनका लेखा नगर के पास आरएन सिन्हा नाम से निजी स्कूल है। चचेरे भाई सुशील कुमार ने बताया कि अजीत की पत्नी और दो बच्चे हैं। उनके वृद्ध पिता सगुना मोड़ स्थित एक अपार्टमेंट में रहते हैं।

# सारण होम्योपैथिक कॉलेज का हुआ पुर्नजन्म, डीएम ने किया शुभारंभ



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में ओपीडी कार्य संचालन सोमवार से प्रारंभ हो गया। जिलाधिकारी अमन समीर ने इसका शुभारंभ किया। कभी सारण के शैक्षणिक पटल पर इस कॉलेज की ख्याति पूरे प्रदेश में थीं। बाद के दिनों में खंडहर में तब्दील हो गया। उसके उपरांत भू माफियाओं ने कॉलेज की जमीन का अतिक्रमण कर लिया। कॉलेज प्रबंधन से जुड़े परिजनों के प्रयास से इस महाविद्यालय को पुनः प्रारंभ किया गया है। स्थानीय प्रशासन के प्रयास से कॉलेज को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। उसके उपरांत इस कॉलेज में ओपीडी की शुरूआत निःशुल्क रूप से की गई है। ज्ञात हो कि छपरा नगरपालिका के तत्कालीन चेयरमैन ब्रजेंद्र बहादुर (चेयरमैन साहब) के द्वारा 1967 में इस कॉलेज की स्थापना की गई थी। तब ब्रजेन्द्र बहादुर इस कॉलेज के सचिव एवं अध्यक्ष के रूप में सारण के तत्कालीन डीएम थे। कॉलेज प्रबंधन से जुड़े ब्रजेन्द्र बहादुर के परिजन पूर्व आईएएस प्रणव कुमार ने कहा है कि इस महाविद्यालय के अध्यक्ष के रूप में डीएम को मनोनीत किया गया है। शीघ्र ही इस कॉलेज में कोर्स प्रारम्भ किये जायेंगे। उन्होंने कहा कॉलेज की पुरानी गरिमा को पुनः स्थापित किया जाएगा। कॉलेज में तत्कालीन रूप से जीविका एवं एनआरएलएम की योजनाओं से जोड़ कर जिला प्रशासन के सहयोग से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य किया जाएगा।मौके पर उप विकास आयुक्त,नगर आयुक्त,सदर अनुमंडल पदाधिकारी,प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.अशोक कुमार, एस के वर्मन,नीरज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# भोजपुर के प्रवेश द्वार पर कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत



प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कांग्रेस पार्टी की रणनीतिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार जब रविवार को कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए आरा जा रहे थे तो भोजपुर जिले के कोइलवर स्थित प्रवेश द्वार पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कोइलवर में कांग्रेस कार्यकताओं ने फूल-माला, ढोल-नगाड़े और गाजे-बाजे के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया। स्वागत समारोह का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता रंजीत यादव ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए आरा में कांग्रेस की अहम कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई है उसी बैठक में शामिल होने के लिए हमारे प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार भोजपुर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भोजपुर की धरती ने हमेशा से ही कांग्रेस को समर्थन दिया है, और आगामी चुनाव में भी पार्टी मजबूत स्थिति में रहेगी।इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ओपी सिंह, अवधेश सिंह, सुबोध, वीरमनु , प्रभात कुमार, कुँवर पासवान, मेजर राय समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट,दो नामजद सहित दो अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

तरैया( थाना क्षेत्र के शाहनवाजपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट को लेकर मुरलीपुर गांव निवासी मनजीत कुमार ने दो नामजद सहित दो अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें अफरोज साह व कौशल कुमार को आरोपित किया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि मैं शाहनवाजपुर नेशनल स्कूल के पास बाल कटवाने के लिए गया था कि रास्ते में उक्त लोगों ने लाठी,डंडा,फाइटर बेल्ट एवं हाथ में अवैध हथियार देसी कट्टा लेकर मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे गंभीर रूप से घायल कर दिए।मारपीट के क्रम में मेरे जेब से 1500 रुपए निकल लिए।मेरा इलाज रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया। पुलिस प्राथमिकी दर्ज मामले की जांच कर रही है।

## राष्ट्रीय स्तर का नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर 14 सितंबर को 300 से ज्यादा चिकित्सक लोगों का करेंगे मुफ्त इलाज



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। मेगा हेल्थ कोऑर्डिनेशन कमिटी आरा, भोजपुर के तत्वाधान में आगामी 14 सितंबर को उदवंतनगर प्रखंड क्षेत्र के असनी स्थित गोल्डन एरा इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। राष्ट्रीय स्तर के 22 वें मेगा शिविर स्वास्थ्य का उद्घाटन सूबे के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान करेंगे। 4 जुलाई को राज्यपाल से मेगा हेल्थ कोऑर्डिनेशन कमेटी के कन्भेनर जयप्रकाश नारायण, डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह, कर्नल राणा प्रताप सिंह तथा विकास परिहार ने मुलाकात कर आवेदन दिया, इसके बाद राज्यपाल ने स्वास्थ्य शिविर में आने की सहमति प्रदान की। शिविर में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री के भी आने की संभावना है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आरा, पटना, वाराणसी एवं कोलकाता के सरकारी एवं प्राइवेट अस्पताल के प्रसिद्ध चिकित्सक, सर्जन एवं विशेषज्ञ अपनी टीम के साथ सेवा देंगे। शिविर में एलोपैथ, आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी एवं फिजियोथेरेपी से मरीजों का जांच, इलाज एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता हेतू परामर्श दी जाएगी। मेगा हेल्थ कोऑर्डिनेशन कमेटी के कन्भेनर जयप्रकाश नारायण ने बताया कि वर्ष 1999 से राष्ट्रीय स्तर के मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अब तक लाखों की संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया है। इस बार 22 वां मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह हमारे जिले के लिए गौरव की बात है। वही मेगा हेल्थ कोऑर्डिनेशन कमेटी के ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेट्री सह पूर्व एसीएमओ डॉ. के.एन. सिन्हा ने बताया बताया कि इस शिविर में करीब 300 से ज्यादा चिकित्सको के आने की संभावना है। शिविर में पीएमसीएच, एनएमसीएच, आईजीआईएमएस, एम्स, मेदांता, पारस, रुबन अस्पताल के चिकित्सक मरीजो की जांच कर ईलाज हेतु परामर्श देगें। इस दौरान जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क दवा का भी वितरण किया जाएगा।

शिविर आयोजक मंडल के सक्रिय सदस्य कर्नल राणा प्रताप सिंह ने बताया कि जल्द ही एक बैठक होगी, जिसमें भोजपुर सिविल सर्जन एवं आईएमए भोजपुर ब्रांच से सहयोग की बातचीत होगी। यह शिविर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण होगा, जिसमें लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, रेडक्रॉस सोसायटी, मारवाड़ी समाज सहित विभिन्न संस्थाओं के लोग भी मदद करेंगें।

## विश्वकर्मा महासभा ने राजनीतिक अधिकार रैली की सफल को ले बैठक किया



आरा। भारतीय विश्वकर्मा महासभा बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता अमीरचंद शर्मा ने किया जिसमें बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति भोजपुर के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश पंडित जिला सचिव उमाशंकर पंडित कोषाध्यक्ष सतेंद्र पंडित उपस्थित हुए 30 जुलाई को पटना में विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार रैली को सफल बनाने का निर्णय लिया गया सभा को सम्बोधन प्रदेश उपाध्यक्ष विद्या भूषण शर्मा ने कहा किएक जुट हो कर महारैली को सफल बनाने की बात कहे कवि राज कवि जिला सचिव भोजपुर रंगलाल शर्मा अजय शर्मा उपाध्यक्ष मुनिलाल विश्वकर्मा जिला उपाध्यक्ष सुरीठ शर्मा अरविंद शर्मा श्रीभगवान शर्मा कमल शर्मा संतोष शर्मा हृदयानंद शर्मा और बहुत गणमान्य लोगों उपस्थित हुए।

### जमीन विवाद में हुई मारपीट में छः लोगों पर प्राथमिक दर्ज

तरैया। थाना क्षेत्र के भटगाई गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में चिंता देवी ने छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमें विशाल कुमार,ललिता देवी,सपना कुमारी,गोलू कुमार, बबीता देवी व कोशिला देवी को आरोपित किया है।दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि उक्त लोग गाली गलौज करते हुए हमको लाठी डंडा और रड से मारपीट कर जख्मी कर दिए।मारपीट के क्रम में बोले कि तुमको यहां पर नहीं रहने देंगे। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### 9 जुलाई को भारत बंद को सफल करने हेतु नुक्कड़ सभा आयोजित, निकाला प्रतिरोध मार्च

खगड़िया। 9 जुलाई को आहूत भारत बंद को ऐतिहासिक सफल करने हेतु देश बचाओ अभियान के बैनर तले रेलवे जंक्शन चौक परिसर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया तथा प्रतिरोध मार्च निकाला गया।

नुक्कड़ सभा की अध्यक्षता करते हुए अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने 9 जुलाई को मोदी सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ एवं नोटबंदी की तरह है वोट बंदी करने एवं मतदाता का अधिकार से वंचित करने, नागरिकता समाप्त करने की साजिश करने के विरुद्ध भारत बंद को ऐतिहासिक सफल करने का किसान मजदूर छात्र नौजवान महिला आम जनों से अपील किया।श्री यादव ने खगड़िया राजेंद्र चौक से लेकर पश्चिमी केबिन ढ़ाला तक सड़क निर्माण करने, ओवर ब्रिज पुल जयप्रकाश नगर एवं पटेल चौक से रैक पॉइंट की ओर लेंडिंग करने, रेलवे जंक्शन पर लिफ्ट जल्द निर्माण कर चालू करने, मतदाता सूची पुनरीक्षण पर पूर्णतः रोक लगाने, नोटबंदी की तरह वोट बंदी करने की साजिश बंद करने, मोटरसाइकिल पर टोल टैक्स चालू करने पर रोक लगाने, चारा चोर जगन्नाथ मिश्र का बेटा मंत्री जीवेश मिश्रा द्वारा नकली दवा निर्माण करने पर रोक लगाने आदि की मांग की ।

# मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ आइसा -आरवाईए द्वारा आरा में आक्रोश मार्च निकाला गया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। छात्र संगठन आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा ( आरवाईए) ने राज्यव्यापी आक्रोश मार्च के तहत आज आरा में भाकपा माले पार्टी कार्यालय से मार्च निकाला जो रेलवे परिसर में पहुंच कर सभा में तब्दील हो गया। सभा का संचालन फअ जिला सह सचिव विशाल कुमार ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए फअ राज्य सचिव सह अगिआंव विधायक शिवप्रकाश रंजन ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और मताधिकार की रक्षा के लिए नौजवानों की निर्णायक हस्तक्षेप है। आरोप लगाया है कि यह पूरी प्रक्रिया नए युवा वोटर, गरीब, दलित, मजदूर, प्रवासी और वंचित तबकों को मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश है और इसका सीधा लाभ सत्ताधारी भाजपा-जदयू गठबंधन को पहुंचाना है।जिस राज्य में जन्म प्रमाण पत्र सिर्फ 2.8 प्रतिशत लोगों के पास हो, वहां करोड़ों मतदाताओं से पासपोर्ट, जमीन के कागज, एनआरसी जैसी दुर्लभ और अपवर्गीय दस्तावेज मांगना एक तरह की वोटबंदी है।कहा कि यह पूरा अभियान मतदाता सूची के सामान्य सुधार की आड़ में नागरिकता साबित करने की नई व्यवस्था थोपने जैसा है, जिसकी न तो कोई संवैधानिक वैधता है, न ही लोकतांत्रिक आधार। यह लोकतंत्र को कमजोर करने और संविधान के सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की भावना को कुचलने की कोशिश है। आइसा जिला सचिव विकास कुमार ने कहा कि जब आधार, राशन कार्ड, मनरेगा कार्ड और वोटर आईडी जैसे दस्तावेज सरकारी योजनाओं और पहचान के लिए मान्य हैं, तो उन्हें मतदाता प्रमाण के तौर पर क्यों खारिज किया जा रहा है। भाजपा पिछले वर्ष जो लोकसभा का चुनाव से जीत दर्ज कर मोदी सरकार चल रही है जब ये अवैध नहीं तो बिहार की मतदाता अवैध कैसे हो गई। बिहार में करीब 8 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से करीब 2से 3 करोड़ मतदाता मजदूरी करने दूसरे राज्य में गए हैं इन लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश है भाजपा और नीतीश सरकार को।वहीं आइसा जिला सहसचिव ने कहा कि बिहार का मामला भर नहीं, बल्कि पूरे देश के मतदाताओं के भविष्य का सवाल है और अगर आज चुप रहे तो कल हर राज्य में गरीबों और वंचितों के वोट छीने जाएंगे।

# इंडिया गठबंधन समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न




प्रात: किरण संवाददाता

आरा। इंडिया गठबंधन, समन्वय समिति, भोजपुर की एकदिवसीय बैठक जिला संयोजक सह राजद के भोजपुर जिलाध्यक्ष वीरबल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में 9 जुलाई को मतदाता पुनर्निरीक्षण और ट्रेड यूनियनों के द्वारा मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ होने वाले देशव्यापी हड़ताल के समर्थन के साथ ही साथ भारतीय चुनाव आयोग के साजिश के विरुद्ध बिहार बंद को भोजपुर ज़िले में व्यापक और असरदार बनाने पर चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए राजद के जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने कहा कि मोदी सरकार के इशारे पर साजिशन भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनर्निरीक्षण कराया जा रहा है। यह साजिश बिहार के प्रवासी मजदूरों, गरीबों और आम मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने का है। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार से तकरीबन 3 करोड़ गरीब परिवार के लोग बाहर पलायन कर चुके है उन्हें इस पुनर्निरीक्षण में मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ रहा है।वहीं दूसरी ओर बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधान पार्षद श्री लालदास राय ने कहा कि उक्त मुद्दों पर आयोजित बिहार बंद भोजपुर में काफी असरदार और व्यापक रहेगा। चुनाव आयोग को स्वतंत्र हो कर कार्य करना चाहिए लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि चुनाव आयोग भाजपा और आरएसएस के हाथों की कठपुतली हो गई है। उनकी यह जनविरोधी नीतियों के खिलाफ भोजपुर में इसकी लड़ाई निर्णायक रहेगी।

# राजकीय पोलिटेकनिक गुलजारबाग में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




पटना। राजकीय पोलिटेकनिक गुलजारबाग के परिसर में आईईसी गतिविधियों के तहत सोमवार को भूजल विकास एवं प्रबंधक विषय पर एक टीयर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संस्थान के सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नित्यानंद प्रसाद, मुख्य अभियंता-सह-विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंता विभाग, पटना उद्घाटन सत्र में सम्मिलित हुए। उनके द्वारा उक्त विषय पर विस्तृत रूप से व्याख्यान दिया गया। श्री राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक केन्द्रीय भूमि, जल वार्ड ने सभी का स्वागत करते हुए भूजल के महत्व को बताया तथा बिहार के भूजलीय परिदृश्य पर भी व्याख्यान प्रस्तुत किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ भगवान सिंह द्वारा जल प्रबंधन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। प्राचार्य ने इस प्रकार के कार्यक्रम की आवश्यकता बताते हुए सभी को जल के समूचित प्रयोग पर बल देने की बात कही। कार्यक्रम में भूजल के न्योचित उपयोग के लिए शपथ भी लिया गया। कार्यक्रम में भू-भौतकीय तकनीकी की फील्ड प्रस्तुति भी की गई। केन्द्रीय भूमि जल वोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक, पंकज कुमार, आलोक कुमार सिन्हा, सोमवीर सिंहा, सत्येन्द्र कुमार, रितिक दास, विवेक शर्मा तथा आस्तिक पांजा ने ली व्याख्यान प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन खुशबू आन्नद, वैज्ञानिक (घ) के द्वारा किया गया और मंच का संचालन सुमन, वैज्ञानिक (घ) के द्वारा किया गया।

## एसएन मेमोरियल स्कूल के छात्रों का टेक्सटाइल फैक्ट्री भ्रमण ,स्किल इंडिया मिशन की दिशा में एक सशक्त पहल

प्रात : किरण संवाददाता



गौसगंज, भोजपुर। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि आज के दौर में छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देकर उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी सोच को साकार करते हुए र.ठ. मेमोरियल स्कूल, गौसगंज के कक्षा 8 से 10 तक के विद्यार्थियों ने विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. स्मिता सिंह के नेतृत्व में स्थानीय टेक्सटाइल फैक्ट्री ॒कशाप॒ का शैक्षणिक एवं व्यावसायिक भ्रमण किया।

डॉ. स्मिता सिंह का यह मानना है कि ॒हर बच्चे के भीतर कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, आवश्यकता है उसे पहचानने और तराशने की।॒ उनका यह प्रयास यही दशार्ता है कि वे विद्यार्थियों को सिर्फ अकादमिक सफलता ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और हुनरमंद नागरिक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। समय-समय पर उनके द्वारा कराए जा रहे ऐसे एजुकेशनल इंडस्ट्रियल ट्रिप्स छात्रों के समग्र विकास को नई दिशा दे रहे हैं और उनका यह विजन आज साकार होता दिख रहा है।यह ट्रिप ॒स्किल इंडिया मिशन॒ के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसका मूल उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानना, उन्हें हुनरमंद बनाना और उनके अंदर छिपे कौशल को विकसित करना था। इस यात्रा में छात्रों को फैक्ट्री संचालक मिथिलेश जी ने स्वयं स्वागत किया और उन्हें विभिन्न विभागों का दौरा कराते हुए फैक्ट्री की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।छात्रों ने फैक्ट्री के कुशल कारीगरों के साथ मिलकर लोगो डिजाइनिंग, कपड़ों की पेंटिंग, शर्ट व शॉट्र्स की सिलाई, कपड़ों की कटिंग और मशीनों के संचालन जैसे कार्यों में भाग लिया। इस प्रत्यक्ष अनुभव ने न केवल बच्चों को सीखने का नया दृष्टिकोण दिया, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी उल्लेखनीय वृद्धि की।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण – धीरज कुमार, अमित कुमार, मनोरंजन कुमार, रूबी सिंह, प्रियंका सोनी, निवेदिता घोष एवं प्रगति राज – भी छात्रों के साथ मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

# पुत्र के जन्मदिन पर पिता ने असहायों को आश्रय देने वाली संस्था माहेर ममता निवास में मनाया जश्न, बांटी खुशियां

## मिठाई, केक, खेल-कूद का सामान सहित किया विशेष भोजन का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



रक्सौल। जेकर नाथ भोलेनाथ ऊ अनाथ कैसे होई..भोजपुरी एवं प्रसिद्ध लोकगायिका कल्पना कि एक मनमोहक और वास्तविकता को चरितार्थ करने वाला यह गीत ऐसे ही नहीं है। रक्सौल में भी एक ऐसी संस्था है जो अनाथों और विक्षिप्तों को आश्रय देती है, जिसका नाम माहेर ममता निवास है। जो उन असहायों के जीवन की सहारा है, ऐसे में लगातार कोई न कोई इस संस्था के लिए आगे आकर जुड़ता है और अपनी खुशियों को बांटता है। इसी कड़ी में प्रमुख समाजसेवी सह नेपाल स्पोर्ट्स के संचालक राकेश गुप्ता ने अपने पुत्र जिगर गुप्ता के जन्मोत्सव पर अपनी पत्नी सरिता गुप्ता, पुत्री गुनगुन गुप्ता, बड़े भाई डॉ. सुजीत कुमार एवं मामा राजू गुप्ता एवं दोस्त सुनील कुमार, श्यामबाबू सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता एवं विकाश श्रीवास्तव के साथ माहेर ममता में पहुंच केक काटकर खुशियां बांटी। सभी को केक काटकर मिठाइयां बांट सबके कुशल जीवन की कामना की गई। तत्पश्चात सभी असहायों के बीच विशेष भोजन का आयोजन किया। जिसकी सभी ने भूरी-भूरी प्रशंसा किया। इस संबंध में श्री गुप्ता ने कहा कि घर पर तो सभी जश्न मनाते हैं, परन्तु ऐसे स्थलों पर मन प्रफ्फुलित होता है। वहीं माहेर ममता निवास की तरफ से प्रोजेक्ट इंचार्ज बीरेंद्र कुमार, वूमेन इंचार्ज सुप्रिया भारती, हाउस मदर एस्टर चौधरी, केयर टेकर अमृति कुमारी, वॉचमैन छोटेलाल माली एवं हाऊस मदर मीरा देवी आदि ने श्री गुप्ता एवं उनके परिवार को साधुवाद दिया।

# बिहार में चुनाव को देखते हुए रेल आईजी ने सिंडिकेट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए बनाई योजना, अभियान की हुई समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर अमरेश कुमार के द्वारा बिहार राज्य में आगामी राज्य सभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश से बिहार राज्य में रेल के माध्यम से की जा रही शराब तस्करी के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल, डीडीयू मंडल जेथिन बी. राज द्वारा डीडीयू जंक्शन परिक्षेत्र से बिहार राज्य जाने हेतु शराब तस्करों द्वारा चलाये जा रहे सिंडिकेट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक चन्दौली, आदित्य लांग्हे (आईपीएस) से समन्वय कर शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों द्वारा शराब तस्करी के लिए अपनाये जाने वाले विभिन्न तरीकों पर गहन अध्ययन करते हुए शराब तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कदम उठाये जाने हेतु योजना बनाई गयी तथा उस पर अमल करते हुए निरीक्षक प्रभारी, रेलवे सुरक्षा बल, यात्री सुरक्षा सेल, डीडीयू, गणेश सिंह राणा के नेतृत्व में डीडीयू मंडल के विभिन्न रेसुब पोस्टों से युवा व दक्ष जवानों का चयन करते हुए सीपीडीएस टीम का गठन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सदर, अनन्त चन्द्रशेखर (आईपीएस) तथा अपर पुलिस अधीक्षक सदर चन्दौली व क्षेत्राधिकारी राजीव कुमार सिसोदिया के कुशल पर्यवेक्षण में सीपीडीएस टीम द्वारा शराब तस्करी में संलिप्त अपराधियों की हर गतिविधि पर सटीक आसूचना के माध्यम से निगाह रखते हुए निरीक्षक प्रभारी, रेलवे सुरक्षा बल, डीडीयू पोस्ट, प्रदीप रावत के नेतृत्व में गठित रेलवे सुरक्षा बल डीडीयू की विशेष टीम तथा स्थानीय पुलिस, अलीनगर के सहयोग से रेलगाड़ियों के माध्यम से शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते तथा शराब तस्करी के सिंडिकेट को ध्वस्त करने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया गया है। सीपीडीएस टीम, रेसुब पोस्ट तथा स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाये जा रहे अभियान का यह प्रभाव रहा कि शराब तस्करों द्वारा तस्करी हेतु अपनाये जाने वाले परम्परागत तरीकों में परिवर्तन करते हुए बिहार राज्य की ओर जाने वाली रेलवे की डीएफसीसीआईएल लाईन की मालगाड़ी के माध्यम से शराब तस्करी की जाने लगी, किन्तु यहाँ भी शराब तस्करों के मंसूबों को नाकाम करते हुए विगत माह जून में दो मामलों में रेसुब मानसनगर क्षेत्राधिकार से मालगाड़ी से कुल रू 9,56,000/ मूल्य की शराब जब्त करते हुए एक तस्कर को पकड़ा गया व कानूनी कार्यवाही की गयी है। तस्करों द्वारा शराब तस्करी हेतु महिलाओं का भी प्रयोग किया गया है। महिलाओं द्वारा अपने वस्त्रों में छिपाकर शराब तस्करी की जा रही थी, जिसके लिए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त द्वारा सीपीडीएस टीम में महिला बल सदस्य की तैनाती की गयी, परिणामस्वरूप अबतक कुल आठ महिलाओं को शराब तस्करी करते हुए पकड़ा गया व कानूनी कार्यवाही की गयी। यात्री सुरक्षा सेल द्वारा किये गये सटीक विश्लेषण तथा प्राप्त आसूचना के आधार पर सीपीडीएस टीम तथा स्थानीय थाना अलीनगर द्वारा किये गये त्वरित कार्यवाही का यह परिणाम रहा है कि माह जून से अब तक स्थानीय थाना अलीनगर के सहयोग से संयुक्त कार्यवाही करते हुए रेसुब सीपीडीएस टीम व रेसुब पोस्ट डीडीयू टीम द्वारा कुल 22 मामलों में कुल 1584.76 लीटर शराब मूल्य 22,68,405 बरामद करते हुए कुल 72 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त स्थानीय थाना धीना के साथ संयुक्त छापेमारी करते हुए एक मामले में छः शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए रू 1,00,000.00/ मूल्य की कुल 108.04 लीटर शराब बरामद की गयी तथा राजकीय रेल थाना डीडीयू के साथ मिलकर दो मामलों में 22,000/ मूल्य की 53 लीटर शराब की बरामदगी की गयी है। कुमार ने कहा है कि शराब तस्करी के विरुद्ध सीपीडीएस टीम व रेसुब टीम द्वारा तथा स्थानीय पुलिस के सराहनीय सहयोग से उठाये जा रहे ठोस व प्रभावी कदम का ही यह प्रभाव है कि वर्तमान में डीडीयू स्टेशन से बड़े पैमाने पर होने वाली शराब तस्करी की घटनाओं पर लगाम लगी है। डीडीयू रेलवे स्टेशन से गैंग बनाकर भारी मात्रा में होने वाली शराब तस्करी की घटनायें अब छुटपुट तस्करों तक ही सीमित होकर रह गयी हैं। भविष्य में भी रेलवे सुरक्षा बल तथा स्थानीय पुलिस द्वारा शराब तस्करी के विरूद्ध चलाया जाने वाले अभियान अनवरत जारी रहेगा।

# राज्यपाल को ज्ञापन सौंप हमीद नगर पुनपुन परियोजना बनाने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) वर्षों से हमीद नगर पुनपुन बराज निर्माण की मांग होती रही है लेकिन अब तक किसानो की मांग ठंडा बस्ते में पड़ी है जिसको लेकर शनिवार को सांसद पप्पू यादव व पंडित यदुनंदन शर्मा किसान मजदूर जागृति मंच के अध्यक्ष रोशन शर्मा ने संयुक्त रूप से बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात कर उक्त मांगों का ज्ञापन सोपा।

जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि हमीद नगर पुनपुन परियोजना से स्थानीय किसानो को सिंचाई उपलब्ध कराने को लेकर हमीद नगर पुनपुन बराज परियोजना पिछले 54 वर्षों से लंबित परियोजना है इसकी नींव 1974 में तत्कालीन स्थानीय विधायक जगदेव बाबू ने रखी थी जो अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इस परियोजना से स्थानीय किसानों को खासकर औरंगाबाद अस्वल, गया, जहानाबाद के किसानों को सिंचाई उपलब्ध कराना था।

वर्तमान में नहर के पुराने नक्शे को बदलकर सरकार नए नक्शे से पाइपलाइन के माध्यम से नहर ले जा रही है जिससे स्थानीय किसान को सिंचाई नहीं मिल पा रही है। जिससे स्थानीय किसानों में आक्रोश व्याप्त है यह पूरा क्षेत्र सुखार ग्रस्त है। विगत 100 साल से किसान मालगुजारी सरकार को दे रहे हैं फिर भी इस परियोजना में बकास्त और ब्रह्मोत्तर के नाम पर उनको मुआवजा से वंचित रखा गया है।

यह क्षेत्र किसानों के महान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित यदुनंदन शर्मा जी का रहा है। जिन्होंने किसानों के लिए लगातार संघर्ष किया और किसानों के अधिकार को लेकर अंतिम क्षण तक लड़ते रहे लेकिन अब तक हमीद नगर पुनपुन परियोजना के मामला लंबित रहने के वजह से सैकड़ो एकड़ भूमि सिंचित होने से वंचित रह गया है।

# आज कुर्था के पूर्व विधायक के श्राद्धकर्म में शामिल होंगे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) कुर्था विधानसभा के जनता दल यूनाइटेड के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा के श्राद्धक्रम में आज 8 जुलाई 2025 को शामिल होंगे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उक्त बातों की जानकारी देते हुए जनता दल यूनाइटेड के जिला प्रवक्ता मो0 चांद मलिक ने प्रेस बयान जारी कर जानकारी दी उन्होंने कहा कि कुर्था विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा के निधन के बाद औरंगाबाद जिले के भीमलीचक गांव में आयोजित श्राद्धकर्म में शामिल होने बिहार के मुख्यमंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पूर्व विधायक के श्राद्धकर्म में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे साथ ही पूर्व विधायक के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात करेंगे हालांकि पूर्व विधायक के निधन के दो दिन बाद जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने भी मृत विधायक के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी थी बता दें कि कुर्था विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सत्यदेव सिंह कुशवाहा जो अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में कुर्था विधानसभा क्षेत्र में विकास की एक लंबी लकीरें खींच दी थी उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र में पुलों का जाल बिछा दी थी जिससे उन्हें लोग प्यार से पुलिया बाबा के नाम से भी जानते थे जिनका निधन की खबर सुनते ही कुर्था विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका श्राद्धकर्म औरंगाबाद जिले व अरवल जिले के बॉर्डर पर स्थित भीमलीचक गांव में उनका श्राद्धकर्म 8 जुलाई को आयोजित की जा रही है जहां जनता दल यूनाइटेड के कई वरिष्ठ नेताओं का आगमन होना है।

# सम्राट अशोक के जंयती समारोह में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं जिला प्रभारी मंत्री का किया गया अभिनंदन

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी। गया जी में मानपुर में महान चक्रवर्ती सम्राट राजा अशोक की जयंती पर और सम्मान समारोह में रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया सह अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज भारत जिला अध्यक्ष गया सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष गया द्वारा बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सह मेरे अभिभावक सम्राट चौधरी और बिहार सरकार के वन पर्यावरण मंत्री सह गया जिला के प्रभारी मंत्री सुनील कुशवाहा को भगवान बुद्ध का मोमेंटो और बुके और अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत करते हुए और सभा में अपनी बातों को रखते हुए रंजीत कुशवाहा युवा जेडीयू जिला उपाध्यक्ष गया सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड गया सह अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज भारत जिला अध्यक्ष गया सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष गया।

# भिखारी ठाकुर के 54 वीं पुण्यतिथि पर साहित्यिक संध्या 10 जुलाई को



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण सामाजिक संस्था पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट एवं साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में भारत के महान साहित्यकार भोजपुरी अस्मिता के शान, जन-जन के चितेरे भिखारी ठाकुर जी की 54 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लोक भाषा महोत्सव सह साहित्यिक संध्या का आयोजन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए संस्था के मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि ब्लॉक मोड के समीप पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में 10 जुलाई को अपराह्न में भिखारी ठाकुर जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा के साथ-साथ संध्या में साहित्यिक संध्या का आयोजन किया गया है।जिसमें औरंगाबाद जिले के नामचीन साहित्यिक हस्तियों की गरिमामई उपस्थिति होगी।लोक भाषा में विशेष कार्य करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार दिया

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन अन्नदिता सिंह ने गोह थाना कांड संख्या -88/10, जी आर-438/10,एस टी आर -31/12,275/24 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए नौ अभियुक्तों को भादंवि धारा -323/149 में दोषी करार देते हुए परिवीक्षा का लाभ देते हुए रिहा किया है, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक शकील अहमद सुग्गी बिगहा गोह ने 01/07/2010 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि अपने पिता और भाई के साथ इमामबाड़ा के पास से ईंट बालु ढो रहे थे तो अभियुक्त परमेश्वर यादव,मदन यादव, कामेश्वर यादव, रामेश्वर यादव,नरेश यादव सुखी बिगहा गोह रामसेवक यादव, भोला यादव,सोहन यादव नवी यादव रामपुर कोंच गया ने लाठी डंडे से हमला कर पिता और भाई को घायल कर दिया था, घटना के पिछे का कारण पांच साल पूर्व से चली आ रही जमीनी विवाद बताया गया था,

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि अपराधी परिवीक्षा ऐक्ट 1958 भारत में अपराधियों को सुधारने और समाज में पुनः शामिल करने के उद्देश्य से बनाया गया यह कानून अपराधियों को जेल भेजने के बजाय परिवीक्षा पर रिहा करने का अनुमति देता है परिवीक्षा एक अवधी है जिसमें अपराधियों को परिवीक्षा अधिकारी के देखरेख में कुछ शर्तें के साथ रखा जाता है

# महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से अष्टभुजी धाम पिपरा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 13 को

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित पटना कैनल रोड के समीप अष्टभुजी धाम पिपरा के प्रांगण में 13 जुलाई को महोत्सव रत्न, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष, सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से एक दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। विश्व स्तरीय अस्पताल मेदांता हॉस्पिटल के योग्य एवं अनुभवी डॉक्टरों के द्वारा जरूरतमंद लोगों को निशुल्क इलाज किया जाएगा।उनकी जांच की जाएगी एवं दवाई भी दी जाएगी इसकी तैयारी के लिए एक बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पिपरा पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार ने किया अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन समिति के संरक्षक अजीत मिश्रा,अध्यक्ष विजय कुमार सिंह,सचिव राजा दिलीप सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता के आह्वान पर बैठक में उपस्थित दिलकेश्वर सिंह, उपेंद्र प्रसाद,श्रीपति प्रसाद साव, कर्मदेव पाल,संजय सिंह सुरेंद्र प्रसाद,उप सचिव रामेश्वर भगत, राजेश्वर प्रजापति,अकेला सिंह पुजारी नीरज मिश्रा,देवनंदन राम,त्रिवेणी राम रामजी सिंह, मनीष कुमार, संयोजक सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य सदस्यों ने निर्णय लिया कि 13 जुलाई को आयोजित चिकित्सा शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए ।इसके लिए गांव-गांव जाकर जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों को चिकित्सा शिविर में बुलाया जाएगा। अष्टभुजी धाम महोत्सव आयोजन के बाद से लगातार पिपरा में सामाजिक कार्यों को मूर्त रूप प्रदान किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस एवं सहकारिता विभाग के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में सहकारिता विभाग द्वारा सहकार में समृद्धि थीम पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस के अवसर पर सहकारिता विभाग के चौथे स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने किया है।इस अवसर पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री सह मुख्य अतिथि डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 6 जुलाई हमारे लिए ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के पहल पर कृषि विभाग से सहकारिता विभाग को अलग किया गया था। जिसके नेतृत्व देश के यशस्वी गृह मंत्री माननीय अमित शाह जी कर रहे है ।

साथ ही उन्होंने कहा कि देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सहकारिता एक सशक्त माध्यम है। सहकारिता को एक मूल्य आधारित सशक्त आर्थिक एवं सामाजिक व्यवस्था के रूप में विकसित किया जाना वर्तमान समय की मांग है। भारतीय संविधान के 97 संशोधन द्वारा देश के नागरिकों को सहकारी समिति के गठन का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है और राज्यों को सहकारी समितियां के गठन एवं विकास का दायित्व सोपा गया है

# 20 जुलाई के वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन में आने के लिए पिंटू गुप्ता ने किया अपील



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित सम्राट अशोक भवन के प्रांगण में 20 जुलाई को वैश्य प्रतिनिधि सम्मेलन के निमित्त सभी 11 प्रखंडों में वैश्य समाज के लिए कृत संकल्पित होकर कार्य करने वाले वैश्य समाज के प्रबुद्ध कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा।इस संबंध में शिवशंकर गुप्ता कारगिल शहीद चौक समिति के अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ने बताया कि जिले के सभी क्षेत्रों में भ्रमण करके वैश्य समाज के कार्यकताओं को जागरूक किया जा रहा है एवं वैश्य समाज के लिए जिन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए हैं उन्हें चिन्हित भी किया जा रहा है ताकि उक्त तिथि को उन्हें सम्मानित किया जा सके। सम्मान समारोह के मौके पर ओबरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी वैश्य समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले वैश्य रत्न प्रकाश चंद्रा एवं औरंगाबाद नगर परिषद के वर्तमान अध्यक्ष एवं वैश्य समाज के लिए तन मन धन से सेवा करने वाले वैश्य रत्न उदय प्रसाद गुप्ता की गरिमामई उपस्थिति होगी।

# अधिवक्ताओं ने किया सम्मानित

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज प्रथम, स्पेशल एनडीपीएस सह एससी-एसटी कोर्ट न्यायाधीश इसरार अहमद को जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय महासचिव जगनरायण सिंह सहित तमाम कार्यसमिति सदस्यों ने साल, बुके, माला और मेमेंटो देकर सम्मानित किया और 29/03/25 से 07/07/25 तक किये गये उनके न्यायिक कार्य की प्रशंसा किया, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि पटना हाईकोर्ट ने उनका पदोन्नति करते हुए उनका तबादला व्यवहार न्यायालय मोतिहारी के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश पद पर किया है उपस्थित कार्यसमिति के सभी सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके पदोन्नति पर बधाई दिया और शुभकामनाएं प्रकट किया।

## या हुसैन की सदाओं के बीच निकला मोहर्रम का जुलूस

शेरघाटी। शहर में मुहर्रम की दसवीं तारीख को ताजिया मिलान के बाद दूसरे दिन सोमवार को मुहर्रम का जुलूस शांतिपूर्ण निकाला गया। जुलूस में मर्सिया के साथ या अली या हुसैन की सदाएं फिजा में गूंजती रहीं। इस दौरान अकीदतमंदों ने इतिहास की अजीम शहादत को याद किया। जूलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखी।

समाजसेवी वसीम अकरम आबिद इमाम एवं वसीम रजा ने बताया कि दोपहर बाद शहर के सभी अखाड़ा जुलूस अपने अपने मकाम से ढोल ताशों की मातमी धुनों के साथ तय रूट अनवारगंज रमना काली चौक चट्टी दुर्गा स्थान पिपरपती उर्दू मुहला गढ़ लोदी शहीद काजी मुहल्ला दरबार हाउस नई बाजार शुमाली एवं हटिया मुहल्ला होते हुए आगे की ओर बढ़ता गया।इस बीच जुलूस में शामिल युवकों ने लाठी तलवार का प्रदर्शन किया।

# लालु यादव के राजनीतिक उपज हैं सम्राट चौधरी अंडर एज में मंत्री बनाकर राजनीतिक रूप से जन्म दिया:विनय कुशवाहा

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।राष्ट्रीय जनता दल के प्रांतीय सचिव विनय कुशवाहा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहां की गया जी में सम्राट चौधरी का कुशवाहा का मीटिंग करने से कुछ भी नहीं होने वाला है। कुशवाहा बुद्धिजीवी एवं स्वाभिमानी समाज है देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमला एवं सम्राट चौधरी के झूठे वादों को समझ चुकी है अब ऐसे लोगों के बहकावे में में नहीं आने वाली है। सामाजिक न्याय के पुरोधा लालू प्रसाद यादव जी को गब्बर बोलने वाले सम्राट चौधरी को समझना चाहिए कि उन्हें लालू प्रसाद यादव ने राजनीतिक रूप से जन्म दिया है कम उम्र होते हुए भी लालु यादव ने किसी का परवाह नहीं करके सम्राट चौधरी को मंत्री बनाया था। विनय कुशवाहा ने कहा कि सम्राट चौधरी का वह बयान की कुशवाहा के लिए खून का कतरा कतरा बहा देंगे कहां चला गया है।1 वर्ष के भीतर कई दर्जन कुशवाहा समाज के लोगों की हत्या हुई दीपक कुशवाहा दानापुर सुरभि कुशवाहा पटना स्नेहा कुशवाहा सासाराम अयोध्या कुशवाहा अरवल दीपक टाइगर अंगारी अरवल सत्यम कुशवाहा बेटा सुदर्शन वर्मा पटना मनोज कुशवाहा मुजफ्फरपुर कुंदन आर्च पटना अकाली देवी नवादा गौरव कुशवाहा मुजफ्फरपुर अच्छेलाल कुशवाहा सिवान ऐसे कई दर्जन कुशवाहा नेताओं की हत्या हुई सम्राट चौधरी कहां खून का कतरा बहा रहे हैं ऐसे परिवार के लोगों को सम्राट चौधरी बिहार के उपमुख्यमंत्री हैं लेकिन इंसाफ नहीं दिला सके किसी भी हत्यारे की गिरफ्तारी आज तक नहीं हुई इस पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए सम्राट चौधरी को।विनय कुशवाहा ने कहा कि सम्राट चौधरी को यह भी बताना चाहिए स्नेहा कुशवाहा सासाराम की बेटी बनारस में रहकर मेडिकल की तैयारी कर रही थी वहां के भाजपा समर्थित दबंगों ने उसकी बलात्कार कर हत्या कर दी आज तक अपराधी गिरफ्तार नहीं हुए। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार है बिहार में डिप्टी सीएम है सम्राट चौधरी , उस बेटी का इंसाफ क्यों नहीं दिला सके ।

इनका कहां चला गया खून। सिर्फ लंबा-लंबा बात करके लोगों को भड़काना चाहते हैं लेकिन कुशवाहा समाज सम्राट चौधरी की बात को पूरा समझ चुकी है।

जो व्यक्ति उपमुख्यमंत्री रहते भर में लोकसभा के चुनाव में एक भी कुशवाहा को टिकट नहीं दिलवा पाया वह क्या कुशवाहा समाज का भला करेगा ?विनय कुशवाहा ने कहा भारतीय जनता पार्टी चौधरी का भी वही दुर्गति करने वाली है जैसे उत्तर प्रदेश में केशव मौर्य को किया था चुनाव के समय प्रोपगंडा फैलाया की चुनाव के बाद केशव मौर्य का मुख्यमंत्री बनेंगे इस तरह से बिहार में भी सम्राट चौधरी को आगे करके किसी और को मुख्यमंत्री बनाने की भाजपा का खेल हो सकता है ऐसे में कुशवाहा समाज के लोग सावधान और सचेत रहें।सम्राट चौधरी सिर्फ दिखावे के उपमुख्यमंत्री हैं ।

# 9 जुलाई को बिहार बंद को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने की बैठक

कुर्था (अरवल) मतदाता पुनरीक्षण अभियान में मतदाताओं से खोजे जा रहे विभिन्न प्रकार के कागजातों को लेकर महागठबंधन के नेताओं ने इसे पुरजोर विरोध करते हुए भारत सरकार पर देश के नागरिकों को नागरिकता समाप्त करने के आरोप लगाया ।

कहा कि आगामी 9 जुलाई को बिहार बंद करने का आह्वान किया है इस मौके पर कुर्था विधानसभा के राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व विधायक शिवबचन यादव ने प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों को संबोधित किया।

# आईआईएम बोधगया ने अपने ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरूआत की, 354 छात्रों का किया गया स्वागत

■ 2025-27 बैच में 542 छात्र; ओरिएंटेशन के लिए विविध कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी।आईआईएम बोधगया ने 542 छात्रों को अपने 2025-27 पोस्टग्रेजुएट और पीएचडी कार्यक्रमों में शामिल किया, जिसमें कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने छात्रों के नए समूह को प्रेरित करने के लिए अपने विचार साझा किये ।देश में सबसे तेजी से बढ़ते आईआईएम में से एक, आईआईएम बोधगया ने 5 जुलाई को अपने ओरिएंटेशन प्रोग्राम की शुरूआत की, जिसमें 354 छात्रों का स्वागत किया गया, जिनमें 51 छात्र आईपीएम (इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट) स्ट्रीम के माध्यम से अपने प्रमुख एमबीए के 11वें बैच में शामिल हुए, साथ ही 18 छात्र पीएचडी प्रोग्राम के 6वें बैच में शामिल हुए। एमबीए-डीबीएम (डिजिटल बिजनेस मैनेजमेंट) और एमबीए-एचएचएम (हॉस्पिटल एंड हेल्थकेयर मैनेजमेंट) प्रोग्राम के तीसरे बैच के लिए ओरिएंटेशन 6 जुलाई को शुरू हुआ, जिसमें प्रत्येक में 94 छात्र शामिल थे।आईआईएम बोधगया की निदेशक प्रो विनीता एस सहाय ने दोनों दिन नए बैच का स्वागत किया और संस्थान की जागरूकता को बढ़ावा देने तथा सामाजिक रूप से जिम्मेदार व्यावसायिक नेताओं को विकसित करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है। आईआईएम बोधगया के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष एल. रामकुमार और बीओजी सदस्य संदीप घोष ने उद्घाटन सत्र में छात्रों को संबोधित किया है।आरबीआई इनोवेशन हब में ऑडिट कमेटी के अध्यक्ष श्री मृत्युंजय महापात्रा, एओएन इंडिया में पार्टनर और कंट्री हेड-टैलेंट एंड रिवाड्र्स कंसल्टिंग श्री रूपांक चौधरी, बीसीजी में पार्टनर श्री आशीष कुलकर्णी और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के सीईओ श्री वेंकट चलसानी ने विभिन्न क्षेत्रों में बदलते रुझानों और उभरते अवसरों के बारे में विस्तार से बात की है। इन-स्पेस भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र के निदेशक प्रफुल्ल कुमार जैन, गया के जिला मजिस्ट्रेट शशांक शुभंकर और गया के एसएसपी श्री आनंद कुमार सहित सार्वजनिक सेवा के नेताओं ने छात्रों से इस बात पर विचार करने का आग्रह किया कि किस प्रकार व्यवसाय और शासन व्यापक सामाजिक भलाई के लिए तालमेल बिठा सकते हैं।मध्य प्रदेश के विशेष डीजीपी आईपीएस डॉ. वरुण कपूर ने साइबर अपराधों और साइबर सुरक्षा के महत्व पर जानकारी साझा की गई है। ऑस्ट्रेलिया के एडिथ कोवान विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन डॉ. सुकु सुकुनेसन, ई एंड वाई में सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के आर्थिक विकास सलाहकार पार्टनर जयंत प्रकाश और आईआईएम कलकत्ता के प्रोफेसर विद्यानंद झा ने भी उद्घाटन के दिन छात्रों से बातचीत की है।

दूसरे दिन के मुख्य वक्ता एनईटीएफ नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम और एनबीए (नेशनल बोर्ड ऑफ अक्क्रेडिटशन) के अध्यक्ष डॉ अनिल सहस्त्रबुद्धे, प्रबंध निदेशक और पार्टनर, बीसीजी, हितेश टाक, पार्टनर, केपीएमजी, उदित सेठी, हेड एचआर,अगप्पे डायग्नोस्टिक्स, विनीत पी. मैथ्यू, ग्लोबल हेड ऑफ अलायंस, टाइगर एनालिटिक्स, बद्रीश प्रकाश, एसोसिएट पार्टनर, मकिंसी, देबोप्रियो भट्टाचार्य, सीईओ, एजीडी बायोमेडिकल्स, डॉ. राजेश एम. पटेल और आईएएस, कमिश्नर, मगध डिवीजन, गया, डॉ. सफीना ए.एन जी थे।

अध्यक्ष - एमबीए, प्रोफेसर आशीष शर्मा, अध्यक्ष - एमबीए एचएचएम, स्वप्नराग स्वैन और अध्यक्ष - एमबीए डीबीएम, प्रोफेसर मोल्ला रामिजुर रहमान ने कार्यक्रमों का परिचय दिया। अध्यक्ष - एडमिशंस, प्रोफेसर सी. वी. सुनील कुमार ने बैच प्रोफाइल प्रस्तुत की, जिसमें आने वाली कक्षा की विविधता और क्षमता पर प्रकाश डाला गया है ।स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन और जैव चिकित्सा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ज्ञान के आदान-प्रदान, कैरियर के अवसरों और अनुसंधान-संचालित नवाचार को सुविधाजनक बनाने के लिए आईआईएम बोधगया और एजीडी बायोमेडिकल्स के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

नए एमबीए बैच में 78 छात्राएं और 225 छात्र शामिल हैं। इनमें से 123 छात्रों के पास पहले से कार्य अनुभव है, जिनकी औसत अवधि 23 महीने है। बैच में उल्लेखनीय शैक्षणिक विविधता है, जिसमें 50.83% इंजीनियर और 49.17% नॉन-इंजीनियर हैं।

एमबीए-डीबीएम बैच में 94 छात्र हैं, जिनमें 14 छात्राएं शामिल हैं, जिनमें से 36.17% नॉन-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। एमबीए-एचएचएम बैच में भी 94 छात्र हैं, जिनमें 14 छात्राएं शामिल हैं, जिनमें से 87.23% नॉन-इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से हैं। 18 नए स्कॉलरों का पीएचडी बैच, जिसमें 8 छात्राएं शामिल हैं, इंजीनियरिंग, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और लिबरल आर्ट्स में विविध शैक्षणिक पृष्ठभूमि लेकर आया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कटहल का कोआ खाने से दो सगी बहनों की मौत, घर में पसरा मातम

बनियापुर । सहजीतपुर थाना क्षेत्र के रामधनाव गांव में कटहल का कोआ खाने से दो सगी बहन बीमार हो गई। जिसे आनन फानन में इसुआपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां के चिकित्सकों के द्वारा गंभीर अवस्था को देखते हुए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों सगी बहनों की मौत हो गई। घटना के संबंध मे बताया गया है स्थानीय निवासी राकेश महतो की पुत्री 10 वर्षीय मुस्कान कुमारी तथा 6 वर्षीय निशा कुमारी शनिवार की शाम दोनों कटहल का कोआ खा लिया। जिसके बाद दोनों के पेट में दर्द होने लगा। जिसको पहले स्थानीय चिकित्सकों ने देख स्थिति गंभीर बताया। जिसके बाद इसुआपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बीती रात दोनों सगी बहनों की मौत हो गई। घटना की सूचना पर माता पिता का रो रो कर बुरा हाल है। इधर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि प्रभु मांझी परिजनों से मिल कर परिवार वालों को सांत्वना दिए।

### श्राद्धकर्म पर सभा आयोजित कर दी गई श्रद्धांजलि

गड़खा। प्रखण्ड क्षेत्र के सरपुर पंचायत अन्तर्गत चांदी गांव में सोमवार को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर मूर्ति बनाओ संघर्ष समिति के सदस्य राम के पूर्व प्रधानाध्यापक सभापति राम के श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय पासवान के अध्यक्षता मे आयोजित किया गया इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय राम के तैल्य चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी सभा को संबोधित करते हुए विजय पासवान ने स्व राम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कर्तव्यनिष्ठ लगनशील व मेहनतकश व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे।उनकी लगनशीलता समिति को संबल प्रदान करती रही है।उनका अचानक जाना समिति के लिए अपूरणीय क्षति है।उनकी कमी हमसभी को सदैव खलती रहेगी।श्रद्धांजलि देने वालो मे समिति के संरक्षक देवेन्द्र यादव, राम अयोध्या पासवान, दशरथ शर्मा, ददन पासवान, रमेश यादव, शिक्षक नागेन्द्र सिंह सहित दर्शन लोग शामिल थे।

### रविवार तक 122580 प्रपत्र वितरित, 13137 अपलोड

उदवंतनगर। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार तक 122580 प्रपत्र निर्वाचकों के बीच वितरित की जा चुकी है जबकि निर्वाचकों से प्राप्त 18556 प्रपत्रों में 13137 प्रपत्र आन लाइन किए जा चुके हैं।पुनरीक्षण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। बीडीओ से लेकर बीएलओ तक सभी कार्य निष्पादन के लिए सुबह से देर शाम तक लगे देखें जा सकते हैं। रविवार को भी प्रखण्ड कार्यालय खुला रहा तथा बीएलओ घर-घर जाकर भरे गए प्रपत्र संकलित करते पाए गए।उदवंतनगर प्रखंड क्षेत्र में कुल निर्वाचकों की संख्या 132396 है। कुल उतनी ही संख्या में प्रपत्र छपे थे।छपे प्रपत्रों में 122580 प्रपत्रों का वितरण हो चुका है।शेष प्रपत्रों के वितरण को ले बीएलओ घर-घर जा रहे हैं। वैसे निर्वाचक जो लंबे समय से गांव में नहीं रह रहे हैं अथवा उनके घरों में ताले जड़े हैं की अनुपस्थिति प्रपत्र वितरण में बाधक बन रही है। मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान 26 जुलाई तक चलेगा।

### घर में घुसकर महिला से दुष्कर्म, केस दर्ज

मसौढ़ी।थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में अकेली महिला को देख एक युवक घुस गया और महिला के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी।केस दर्ज कर पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी में जुट गई है।थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला का आरोप है कि एक दिन पहले वह अपने घर में थी। इस बीच गांव का ही गांधी यादव के पुत्र राहुल कुमार घर में घुस गया और महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसका मुंह हाथ से बंद कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया।संतोष कुमार व टुनटुन यादव जान मारने की धमकी दी,

### भाजपा नेता ने किया अभिनन्दन

छपरा कार्यालय। पटना आवास पर राजयसभा सांसद जदूयू राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा जी का स्नेहपूर्ण स्वागत-अभिनंदन भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने अंग वस्त्र बुके और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर स्वागत किया और बधाई दिया और इस अवसर पर लोगो का आने जाने का लगा रहा ताता और लोगो कि समस्या को भी सुना और समाधान किया इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा की इनके कार्यकाल मे पार्टी मजबूती से आगे बढ़ रही है और अब देश से लेकर विदेश तक कार्य की चर्चा हो रही है और उनको सावन मे बाबा हरिहरनाथ मंदिर आने का निमंत्रण दिया और उन्होंने निमंत्रण सहज स्वीकार किया और इसके लिए संजय झा जी ने भी लोगो के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया ।

## सरकार के संसाधनों का रोगियों के लिए बेहतर सेवा दें : प्रमंडल आयुक्त

● डीएम ने कहा की सभी प्रकार की दवाएं आवश्यकता के अनुरूप रोगियों को सुलभ कराए

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। आयुक्त दरभंगा प्रमंडल कौशल किशोर की अध्यक्षता में डीएमसीएच शासी निकाय की बैठक सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सभागार में हुई। अधीक्षक डीएमसीएच डॉ शीला शाह ने पीपीटी के माध्यम से रोगी कल्याण समिति के संबंध में आयुक्त को अवगत कराये।बैठक में आयुक्त ने कहा कि सरकार के संसाधनों का उपयोग मरीज के बेहतर ईलाज (उपचार) के लिए सुनिश्चित करें।उन्होंने डीएमसीएच परिसर में साफ सफाई,पेयजल,प्रकाश डाइट आदि स्वास्थ्य विभाग के मानक के अनुसार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएमएस आईसीएच के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया के निर्धारित गुणवत्ता के अनुसार समय सीमा के अंदर भवनों का निर्माण कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया।उन्होंने अधीक्षक ,डीएमसीएच एवं अन्य सभी विभागों का कार्यालय नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में संचालन कराने का निर्देश दिया। अस्पताल के छतों पर सोलर प्लांट लगाने और इसका उपयोग आकस्मिक सेवा में करने का निर्देश दिए इसके लिए ब्रेडा से बेहतर समन्वय करने को कहा। बीएससी नर्सिंग हॉस्टल के प्राचार्य को निर्देश दिए कि नए हॉस्टल में यथाशीघ्र बी एस सी नर्सिंग छात्राओं को स्थानांतरित करना सुनिश्चित करें पुराना हॉस्टल क्षतिग्रस्त हो गया है,जिसमें रहना सुरक्षित नहीं है। डीएम कौशल कुमार ने कहा कि सभी प्रकार की दवाएं आवश्यकता के अनुरूप रोगियों को सुलभ कराए,बाहर से दवा लाने की आवश्यकता नहीं होगी।सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 750 एएनएम और जीएनएम कार्यरत हैं,यहां कुल बेडों की संख्या 160 है। डीएमसीएच में एमबीबीएस के लिए 120 सीटें उपलब्ध है। आयुक्त महोदय ने दोनों उपाधीक्षकों को लगातार सभी वार्डों और विभागों का औचक निरीक्षण करने का निर्देश दिया, जिससे कि सभी रोगियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार के प्रयास से छपरा में खुला कोऑपरेटिव बैंक: डायरेक्टर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार सरकार के प्रयास से छपरा में कोऑपरेटिव बैंक खोलने का आदेश दे दिया गया है, निबंध सहयोग समितियों द्वारा भी छपरा में बैंक की स्थापना करने का आदेश जारी कर दिया गया है, इसी माह बैंक का उद्घाटन भी हो जाएगा। उक्त बातें एमएलसी,बिहार- झारखंड के भूमि विकास बैंक अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कही। भूमि विकास बैंक डायरेक्टर विजय कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि को ऑपरेटिव बैंक खुलने से छपरा के किसानों को इससे बड़ा फायदा होगा। सहकारिता से जुड़े तमाम लोगों एवं किसानों को इससे बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह भी कहा कि धान एवं गेहूं अधिक अधिप्राप्ति में किसानों को बड़ा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2002 से छपरा में बैंक बंद था। बिहार सरकार के मुखिया नीतीश कुमार, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार एवं मंत्री विजय चौधरी के प्रयास से सहकारिता बैंक खोलने की अनुमति दे दी गई है, इस बाबत निबंधन सहयोग समितियां द्वारा भी छपरा में बैंक खोलने का पत्र जारी कर दिया गया है। बिहार झारखंड के डायरेक्टर विजय कुमार सिंह ने कहा कि छपरा के कोऑपरेटिव बैंक का कार्यकारी अध्यक्ष केशव सिंह को बनाया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहरसा,सुपौल एवं मधेपुरा को मिलाकर एक बैंक बनाया गया है। जबकि दूसरा बैंक छपरा में खुला है। अब तक बिहार में 17 सहकारिता बैंक था, और अब इसकी संख्या बढ़ कर बिहार में कुल 19 बैंक हो गई है। उन्होंने कहा कि जल्द हीं उद्घाटन की तिथि निर्धारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज डीसीओ के साथ बैठक कर बैंक के स्वरूप पर चर्चा भी की गई।

## प्रखंड स्तरीय मशाल खेल कार्यक्रम का किया गया आयोजन



मकेर। उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज कैतुका लच्छी में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका विधिवत उद्घाटन मकेर बीइओ अजय कुमार शर्मा ने किया। मशाल खेल कार्यक्रम के तहत थ्रो बॉल , लॉन्ग जंप, क्रिकेट बॉल थ्रो, दौड़ सहित अन्य खेल का आयोजन किया जिसमें प्रखंड के सभी सीआरसी के विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सभी चयनित अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार शर्मा ने बारीकी से नजर रखते हुए चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से किया। सफल छात्र छात्राओं में अर्पित कुमार सिंह , युवराज सिंह ,नेहा कुमारी ,राखी कुमारी ,बबिता कुमारी नेहा कुमारी के साथ अन्य छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने को आगे रखा इस अवसर पर प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार शर्मा , शिक्षक नेता निजाम अहमद अलका कुमारी ,रेणु कुमारी , शकील अहमद ,मनोज कुमार शर्मा ,प्रीतम कुमार वर्मा , बीरू हसन सहित सैकड़ो शिक्षकों के साथ ग्रामीण मौजूद लोग खेल का लुत्फ उठाया। उक्त खेल कार्यक्रम के तहत सरकार खेल को बढ़ावा देने एवम उन्हें प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया है ।

## मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण तत्काल रद्द करो : आइसा

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा सदर। सोमवार को आइसा सारण के बैनर तले नगरपालिका चौक, छपरा में तीखे नारों के साथ आक्रोश मार्च निकाला गया। इसका नेतृत्व जिला सचिव दीपांकर कुमार और अध्यक्ष कुणाल कौशिक ने किया। वक्ताओं ने कहा कि बिहार चुनाव से ठीक पहले चुनाव आयोग का ह्यविशेष सघन पुनरीक्षणह्ण आदेश करोड़ों छात्र - नौजवानों गरीब, दलित, पिछड़े, मजदूर और अल्पसंख्यक मतदाताओं के मताधिकार को छीनने की साजिश है। आयोग ने पहले 11 तरह के दस्तावेज मांगे थे, जिनमें आधार, मनरेगा, राशन कार्ड जैसे आम दस्तावेज अमान्य कर दिए गए थे। बिहार जैसे राज्य में, जहां सिर्फ 2.8% लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र है, ऐसी प्रक्रिया गरीबों को वोट देने के अधिकार से वंचित करने की चाल है। छात्र नेताओं ने कहा कि जनता के विरोध के दबाव में अब आयोग कह रहा है कि दस्तावेज न होने पर भी नाम काटा नहीं जाएगा और जांच कर जोड़ा जाएगा। यह फैसला जनता की जीत है लेकिन आधा-अधूरा है। जब तक यह ह्यविशेष गहन पुनरीक्षणह्ण पूरी तरह रद्द नहीं होता और पहले की तरह सामान्य वार्षिक अद्यतन के आधार पर ही चुनाव नहीं कराए जाते, तब तक करोड़ों मतदाताओं पर खतरा रहेगा ये शाजिशन रूप से नाम काटने का काम करेंगे। नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग का काम वोटरों को सुविधा देना है, न कि नई अड़चनें खड़ी कर लोकतंत्र को कमजोर करना। आइसा ने चेतावनी दी कि यदि यह जनविरोधी आदेश वापस नहीं लिया गया तो छात्र-युवा पूरे बिहार में बड़ा आंदोलन करेंगे।मार्च में मनीषा कुमारी, विकास कुमार, अभय कुमार, अखिलेश कुमार, रौशन कुमार, सूरज कुमार, जयकिशन , पिंकी कुमारी, प्रीती कुमारी, गुनगुन कुमारी, मिथुन कुमार समेत दर्जनों छात्र-युवा शामिल हुए।

## बुद्ध चेतना परिषद का वार्षिकोत्सव संपन्न

छपरा कार्यालय। बुद्ध चेतना परिषद, छपरा (सारण) का वार्षिकोत्सव सह प्रतिभा सम्मान समारोह-2025 का आयोजन बजरंग नगर, काशी बाजार, छपरा स्थित माँ साइंस इंस्टिट्यूट में आयोजित हुआ ।समारोह में वर्ष 2025 में बीएसईबी एवं सीबीएसई बोर्ड से उतीर्ण मैट्रिक एवं इंटर के कुल 59 विद्यार्थियों को मोमेंटो एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया ।मैट्रिक उतीर्ण विद्यार्थियों को सूचित किया गया कि 27 जुलाई 2025 को एक लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिससे चयनित विद्यार्थियों को 500 प्रति माह की छात्रवृत्ति एक वर्ष दी जाएगी । कार्यक्रम की शुरूआत बुद्ध-स्तुति तथा ध्वज-वंदना से की गई ।अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया जबकि मंच संचालन डॉ नागेंद्र कुमार ने किया ।सचिव प्रतिवेदन परिषद के सचिव सुशील कुमार सिंह द्वारा दिया गया जबकि कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह ने आय-व्यय का ब्यौरा सार्वजनिक किया ।ध्वज वंदना स्वीटी तथा श्रेया राज ने पढ़ा ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित प्लास्टिक सर्जन डॉ. शशि कपूर ने विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देने का वादा किया जबकि विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रत्नेश भास्कर ने इस तरह के कार्यक्रमों के लिए बुद्ध चेतना परिषद को साधुवाद दिया । इस अवसर पर 2024-25 में पंकज कुमार सहित कई नव नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों का सम्मान अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया ।पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों में सारण नीट टॉपर निकिता कुमारी, 12वीं की जिला टॉपर सिमरन कुमारी, स्वीटी कुमारी, आदर्श रंजन, आदित्य कुमार, सुहानी सिंह, आयुष राज, अमरजीत कुमार, तनिष्क कुमार, रजनीश कुमार, अनूप कुमार आदि शामिल है। वार्षिकोत्सव में एक विचार संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया जिसका विषय था समाज के युवा पीढ़ी के समग्र विकास में हमारा योगदान ।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में मदद के लिए मो. सुल्तान हुसैन इदरीसी की अनोखी पहल

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर चल रहे मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण-2025 अभियान के तहत मतदाताओं को हो रही परेशानियों को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल के संस्थापक महासचिव मो. सुल्तान हुसैन इदरीसी ने एक सराहनीय और जनहितकारी पहल की शुरूआत की है। इदरीसी ने अपने कार्यालय में एक हेल्प डेस्क स्थापित किया है, जहाँ पर जिन नागरिकों को अब तक फार्म नहीं मिला है, उन्हें निःशुल्क प्रपत्र डाउनलोड कर उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही जिन मतदाताओं या उनके परिजनों का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची में दर्ज था, उस सूची से उनका नाम खोजकर बिना किसी शुल्क के मुहैया कराया जा रहा है। इस शिविर का लाभ दूर-दूर से लोग उठाने आ रहे हैं। मो. सुल्तान हुसैन इदरीसी ने कहा किः यह अभियान बहुत ही जल्दबाजी में लिया गया निर्णय लगता है। 2003 की मतदाता सूची और वर्तमान सूची में जमीन-आसमान का फर्क है। पुराने और नए बूथ नंबरों में भारी अंतर है। प्रशासन को चाहिए था कि पहले इन दोनों को मिलाकर इछड को या वेबसाइट पर स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराते। लेकिन ऐसा नहीं किया गया, जिससे आम मतदाता अपने और अपने परिजनों का नाम सूची में नहीं खोज पा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कई इलाकों से यह शिकायत मिल रही है कि अब तक बी एल ओ द्वारा प्रपत्र का वितरण नहीं किया गया है, जिससे लोग असमंजस में हैं। विदेशों में रह रहे भारतीय मतदाताओं के लिए भी कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं जारी किया गया है कि वे कैसे इस प्रक्रिया में भाग लें। मो. इदरीसी ने यह सवाल भी उठाया कि जब बी एल ओ स्वयं कह रहे हैं कि बिना किसी दस्तावेज के सिर्फ साइन करके फॉर्म जमा कर दें, तो नाम नहीं कटेगा, तो फिर इतने बड़े स्तर पर इस अभियान की क्या जरूरत थी और इसमें इतने संसाधनों की खपत क्यों की जा रही है? न्याय फाइटिंग फॉर द पीपुल की यह पहल न केवल प्रशासनिक लापरवाहियों की ओर इशारा करती है, बल्कि एक सकारात्मक सामाजिक हस्तक्षेप भी है, जिससे आम नागरिकों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## सिवान की नृशंस हत्या पर सांसद रूडी ने जताया दुःख, सामाजिक शांति बनाये रखने का आह्वान व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सिवान में तीन लोगों की नृशंस हत्या की घटना अत्यंत निंदनीय एवं क्षोभजनक है। सारण सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी ने इस जघन्य कृत्य की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि अपराध, चाहे कोई भी करे, उसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उस पर सख्त कार्रवाई होगी। विदित हो कि सिवान जिले के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया पुल के पास शुक्रवार को कौड़िया गांव के मुन्ना सिंह, रोहित सिंह और कन्हैया सिंह की धारदार हथियार से और गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल है। सांसद श्री रूडी ने इस संबंध में सारण डीआईजी निलेश कुमार एवं सिवान एसपी मनोज तिवारी से बात कर पूरी स्थिति की जानकारी ली तथा दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देशित किया कि क्षेत्र में कोई सामाजिक तनाव न उत्पन्न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जाए तथा शांति एवं सद्भाव बनाए रखा जाए। उन्होंने कहा कि अपराध, अपराध होता है चाहे कोई भी करे, किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई कर रहा है तथा दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिले और समाज में कानून का भय कायम रहे। सांसद श्री रूडी ने इस घटना को अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त की। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे एवं पूरी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं।

## केंद्रीय श्रमिक संघ के आह्वान पर 9 जुलाई को बिहार ग्रामीण बैंक के कर्मी रहेंगे हड़ताल पर

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। केंद्रीय श्रमिक संघो के आह्वान पर वर्तमान सरकार के जन विरोधी एवं श्रमिक विरोधी नीतियों के विरुद्ध बिहार ग्रामीण बैंक के कर्मी 09 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे।इस हड़ताल में बिहार ग्रामीण बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन एवं एम्प्लॉयज फेडरेशन अपने पैरेंट्स यूनियन एआईजीबीओए/एआईजीबीईए के समर्थन में बैंक एवं कर्मी हित से जुड़े विभिन्न मांगों के समर्थन में 09 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल में शामिल होकर सरकार के नीतियों का विरोधी करेगी।इस संबंध में ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक एम्प्लॉय एसोसिएशन के राष्ट्रीय सहायक सचिव सह बिहार ग्रामीण बैंक एम्प्लाई फेडरेशन के महासचिव कुंदन कुमार राय द्वारा बताया गया कि ग्रामीण बैंक के निजीकरण की साजिश जो केंद्र सरकार द्वारा आईपीओ लाकर की जा रही है के विरूद्ध समस्त ग्रामीण बैंक कर्मी एवं ग्राहक एक सुर में विरोध कर रहे है।उन्होंने कहा कि ग्रामीण बैंक की स्थापना लॉ-कोस्ट बैंकिंग के रूप में 1975 में कई गई थी। जिसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा मुहैया कराकर आम जन तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। लेकिन आज सरकार इसे लाभकारी संस्थान बनाने में लगी है। इसको कॉरपोरेट को बेचा जा रहा है। इससे आम जनता का दोहन होगा।उन पर तरह तरह के शुल्क द्वारा अनैतिक लाभ वसूला जाएगा। यह किसी भी रूप से ग्रामीण बैंक के सिद्धांत के अनुसार नही है। सरकार इस आईपीओ योजना को वापस ले ग्रामीण बैंक में पर्याप्त भर्तियां कराएं। आम जनता को सुलभता हेतु ग्रामीण बैंक के तकीनीकी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दे। आम जनता को न्यूनतम ब्याज पर ऋण मुहैय्या कराने की योजना पर कार्य करें। भारत एक लोकतांत्रिक देश है । यहां आम जनता के हितों से सौदेबाजी को स्वीकार नही किया जाएगा। पांच दिवसीय बैंकिंग को शीघ्र लागू करें ।ग्रामीण बैंक में चतुर्थ वर्गीय कर्मी की बहाली सुनिश्चित की जाए सभी दैनिक कर्मी को नियमित किया जाए। आदि विभिन्न मांगों के समर्थन में 09 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल है।

## मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में आम हडताल को सफल बनावें राजद कार्यकर्ता: डॉ फराज फातमी

● 9 जुलाई को बिहार बंद व प्रतिवाद मार्च में अधिक संख्या में भाग लेंगें महागठबंधन समर्थक

प्रात : किरण संवाददाता



सिंहवाडा(दरभंगा)। विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण की प्रक्रिया के विरोध में महागठबंधन के आह्वान पर 9 जुलाई को बिहार बंद रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के आह्वान के साथ राजद कार्यकर्ताओ की बैठक सोमवार को लेकर भरहुल्ली व कलिगांव पंचायत में प्रखंड राजद अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। राजद प्रदेश सचिव सह पूर्व विधायक डा. फराज फातमी ने कहा है कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य गरीबो को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है।इस जटिल प्रक्रिया को पूरी तरह चुनाव आयोग को वापस लेना चाहिए।नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर बुधवार 9जुलाई को बिहार बंद को सफल बनाने को लेकर महागठबंधन कार्यकर्त्ता को एक जुट होकर जनहित के अभियान में उपस्थित होना चाहिए।दो माह में बिहार में विधान सभा चुनाव होने वाले हैं।और ऐसे समय में चुनाव आयोग की ओर से विशेष सघन मतदाता पुनरीक्षण की घोषणा न्याय संगत प्रतीत नहीं होता है।मुखिया महेश झा व राजद प्रधान महासचिव इरशाद आलम ने आरोप लगाया है कि इस प्रक्रिया के तहत आधार कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस को अमान्य घोषित कर दिया गया है।इससे लाखों गरीब और मजदूर मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।इस दौरान राजद के संगठनात्मक विस्तार कर भरहुल्ली राजद पंचायत अध्यक्ष पद पर सोहन राम व सचिव पद पर अमरजीत सहनी व प्रखंड महा सचिव पद पर अमरनाथ यादव व कलिगांव के पंचायत अध्यक्ष बंशी दास को मनोनीत कर पाग चादर व पुष्प से सम्मानित कर पार्टी के निति व सिद्धांत को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।मौके पर पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,नाहिद मुश्ताक अशेशवर राम,शाहीद खान,छोटन ठाकुर, सजीवन मंडल, राम बिलास राम,सेनापति साह सहित अन्य मौजूद थे।

## खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



गडहनी। नगर पंचायत स्थित राम दहिन मिश्र गडहनी के स्टेडियम मे आयोजित प्रखण्ड स्तरीय मशाल 2024-25 खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को सीआरसी स्तर पर चयनित विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओ ने अपनी प्रतिभा का जमकर प्रदर्शन किया और सफलता हासिल की।दुसरे दिन के प्रतियोगिता मे कबड्डी, लंबी कुद, क्रिकेट, थ्रो बॉल का सफल आयोजन खेल प्रभारी शशि भूषण सिंह एवं कार्यालय प्रभारी शशिकांत प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व मे किया गया।इस अवसर पर प्रतियोगिता मे भाग लिए बच्चो ने खेल की भावना से खेला और जीत दर्ज कराई।खेल प्रभारी शशि भूषण सिंह ने बताया कि अन्डर 14 बालक वर्ग से सुधांशु कुमार प्लस टु जनता उच्च विद्यालय बलिगांव प्रथम, मनीष कुमार बालकृष्ण प्लस टु उच्च विद्यालय दुलारपुर द्वितीय, ऋषि राज कुमार उच्च विद्यालय चांदी तृतीय स्थान प्राप्त की।वहीं अन्डर - 14 बालिका वर्ग से ज्योति कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालबाँध प्रथम, अंजली कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय बागवां द्वितीय, निशा मनीषा प्लस टु उच्च विद्यालय चांदी तृतीय स्थान पर रही।वहीं अन्डर-14 बालक वर्ग से धन जी कुमार उत्क्रमित मध्य विद्यालय बराप प्रथम, अमित कुमार प्लस टु उच्च विद्यालय काउप द्वितीय, शिवम कुमार प्लस टु उच्च विद्यालय चांदी तृतीय स्थान पर रहे।वहीं अन्डर - 16 बालिका वर्ग से रौशनी कुमारी पीएम श्री बालकृष्ण प्लस टु विद्यालय दुलारपुर प्रथम, मनीषा कुमारी प्लस टु जनता हाई स्कूल बलिगांव द्वितीय, मोहिनी कुमारी प्लस टु उच्च विद्यालय चांदी तृतीय स्थान प्राप्त किया।खेलकूद प्रतियोगिता को सफल बनाने मे अशोक वर्धन, नागेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, राजेश कुमार, रोहित कृष्ण, रोहित प्रकाश संजीव कुमार विजय कुमार मंडल, हिमांशु कुमार पाल, एकता सिंह, प्रेमलता राय, अकाउंटेंट मुकुंद कुमार, शशि रंजन कुमार, शशिकांत प्रसाद सिन्हा आदि रहे।

## बैंकों को निर्देश, सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में बैंकर्स निभाएं अपनी भूमिका

● बेवजह लाभार्थियों के आवेदन को नहीं करें अस्वीकृत, योग्य आवेदकों को दें लोन

प्रात : किरण संवाददाता




आरा। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक कार्यालय में सोमवार को एलडीएम नीरज कुमार ने बैंकों के साथ सरकार की योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मधु कुमारी भी मौजूद थी। इस दौरान प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में बैंकवार प्रगति की उन्होंने जानकारी ली। इस अवसर पर एसबीआई, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र और एचडीएफसी बैंक के साथ समीक्षा हुई। बता दे कि इसके लिए रोस्टर निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सोमवार से लगातार पांच दिनों तक अलग अलग बैंकों के साथ इन तीनों योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृति के पश्चात भुगतान हेतु लंबित एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में बैंकों में अग्रसारित आवेदनों का ऋण स्वीकृति एवं भुगतान मिशन मोड में कराने को लेकर यह समीक्षा की जा रही है। इस दौरान एलडीएम श्री कुमार ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए बैंक अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि बैंकर्स किसी भी योजना में आवेदन स्वीकृत करने से पहले भौतिक रूप और कागजात की जांच करने के उपरांत ही आवेदन स्वीकृत करें। उन्होंने कहा कि बेवजह किसी लाभार्थी का आवेदन अस्वीकृत नहीं करें, योग्य लाभार्थियों को लोन देना बैंक का कार्य है। एलडीएम ने उपस्थित बैंक अधिकारियों से कहा कि बीते और वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत किए गए आवेदनों का शीघ्र भुगतान करें। वही मंगलवार को पीएनबी, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक और आईसीआईसीआई के साथ नौ जुलाई को बिहार ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, इंडसइंड बैंक और आईडीबीआई के साथ दस जुलाई को बैंक ऑफ बड़ौदा, बंधन बैंक, इंडियन बैंक और एक्सिस बैंक और ग्यारह जुलाई को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ इंडिया के साथ समीक्षा करते हुए मिशन मोड में आवेदनों को स्वीकृत और स्वीकृत आवेदनों को भुगतान करवाना है। मौके पर एलडीएम नीरज कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र मधु कुमारी, उपप्रबंधक कुंवर अजय प्रताप सिंह, कुमुद रंजन, केनरा बैंक के डीसीओ शिव कुमार गुप्ता, एचडीएफसी से विनय साह, एसबीआई से संतोष कुमार, बीओबी से परशुराम चौरसिया, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, अरविंद कुमार, स्वेता कुमारी समेत डीआरपी आदि मौजूद थे।

## परमहंस दयाल के समाधि स्मृति दिवस पर संतों का होगा जमावड़ा, केंद्रीय राज्य मंत्री भी होंगे शामिल

● राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम आज, तैयारी पूरी

छपरा। स्थानीय रावल टोला स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बात करते हुए कार्यक्रम के संयोजक सह अधिवक्ता एवं भाजपा नेता राणा यशवंत प्रताप सिंह कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक सम्राट श्री श्री 1008 परमहंस दयाल अद्वैतानंद जी की भूमि है। छपरा में परमहंस दयाल समाधि स्मृति समारोह एवं पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन राजेंद्र स्टेडियम में सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक 8 जुलाई को होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह 8 बजे से 10 तक भजन - कीर्तन कार्यक्रम एवं 10 बजे से 3 बजे तक प्रवचन तथा व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिसमें जलपान एवं भोजन प्रसाद का भी वितरण होगा। इस कार्यक्रम में देश भर से परमहंस दयाल जी से जुड़े महात्मागण,विद्वान एवं भक्तगण लगभग 25000 की उपस्थित होगी। कार्यक्रम का आयोजन ब्रह्म विद्यालय एवं आश्रम रौजा,छपरा के द्वारा परम पूज्य गुरुदेव महाराज जी के सानिध्य में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक ने यह भी कहा कि सारण के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल , विधायक डॉक्टर सी.एन. गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष भाजपा रणजीत सिंह सहित गणमान्य लोग शामिल होंगे। वहीं गुरुदेव महाराज के आदेश से छपरा से इस कार्यक्रम की तैयारी में लगे हुए भाजपा नेता राणा यशवंत प्रताप सिंह ने कहा कि भारत को गुरु भक्ति की परंपरा जो सनातन की यात्रा को देश और दुनिया में विश्व गुरु बनाने का कार्य करेगी। निश्चित रूप से इसकी शुरूआत छपरा में परमहंस दयाल के समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर संतों के प्रवचन एवं व्याख्यान से उसकी आधारशिला पड़ने जा रही है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ स्नान के पश्चात गुरुदेव महाराज के आदेश पर छपरा के दो गांव में 16 जगह पर सत्संग कार्यक्रम चलाया गया, जिस सत्संग कार्यक्रम के संयोजक राणा यशवंत प्रताप सिंह को बनाया गया था। इस मौके पर सनातन प्रचारक वरिष्ठ समाजसेवी अरुण पुरोहित , नागली साहब मठ से जुड़े मनोज कुमार , नारायण जायसवाल ,छपरा के प्रसिद्ध व्यवसायी जयप्रकाश गुप्ता ,युवा समाजसेवी अमृत तिवारी , समाज सेवी बी.के. पाण्डेय , समाजसेवी शिवाकांत सिंह , संजय पुरोहित और रत्नाकर मिश्रा उपस्थित थे

# भारत की घर से बाहर सबसे बड़ी जीत





- शुभमन बर्मिंघम टेस्ट जीतने वाले इकलौते भारतीय कप्तान
- आकाशदीप ने 10 विकेट लिए, यह रिकॉर्ड भी बने

**एजबेस्टन (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को बर्मिंघम टेस्ट में 336 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। यह भारत की घरेलू मैदान से बाहर रन के अंतर से सबसे बड़ी जीत रही। टीम ने बर्मिंघम में पहली बार ही कोई टेस्ट जीता। आकाशदीप ने मैच में 187 रन देकर 10 विकेट लिए। यह बर्मिंघम में किसी भारतीय गेंदबाज का बेस्ट बॉलिंग रिकॉर्ड रहा।

## बर्मिंघम टेस्ट के टॉप- रिकॉर्ड्स...

- **बर्मिंघम में पहली बार जीता भारत** - भारत ने बर्मिंघम में पहली बार टेस्ट जीता। टीम यहां 1967 से टेस्ट खेल रही है, लेकिन जीत पहली बार ही मिली। भारत ने इससे पहले बर्मिंघम में 8 टेस्ट खेले थे, 7 गंवाए और एक ड्रॉ कराया। कप्तान शुभमन बर्मिंघम में टेस्ट जीतने वाले भारत के पहले कप्तान बने।

### आकाशदीप ने बर्मिंघम में बेस्ट बॉलिंग की

आकाशदीप ने बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट लिए। उन्होंने 187 रन पर 10 विकेट के साथ मैच खत्म किया। वे बर्मिंघम में बेस्ट बॉलिंग करने वाले भारतीय बने। उनसे पहले 1986 में चेतन शर्मा ने 188 रन देकर मैच में 10 विकेट लिए थे।

### घर से बाहर भारत की सबसे बड़ी जीत

भारत ने इंग्लैंड को बर्मिंघम में 336 रन के बड़े अंतर से हराया। यह घरेलू मैदान से बाहर रन के अंतर से भारत की सबसे बड़ी जीत है। टीम ने इससे पहले 2016 में एंटीगुआ के मैदान पर वेस्टइंडीज को 318 रन से हराया था। कप्तान शुभमन की कप्तानी में भारत ने रन के अंतर से इंग्लैंड में भी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले टीम ने 1986 में लीड्स के मैदान पर 279 रन से मुकाबला जीता था।

### भारत ने पहली बार हजार रन बनाए

भारत ने पहली पारी में 587 और दूसरी पारी में 427 रन बना दिए। टीम इंडिया ने मुकाबले में 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ जब भारत ने हजार रन का आंकड़ा पार किया। इससे पहले 2003 में सिडनी टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत ने 916 रन बनाए थे।

### शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय

शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बनाए। यह किसी भारतीय प्लेयर और कप्तान के लिए एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड रहा। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने कप्तानी करते हुए 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे। गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

### गिल इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

शुभमन गिल ने पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 8 छक्के लगाए। उन्होंने 11 सिक्स लगाकर अपनी बैटिंग खत्म की। इसी के साथ वे इंग्लैंड में एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लैंड के एंड्रूयू फ्लिंटॉफ, बेन स्टोक्स और भारत के ऋषभ पंत को पीछे छोड़ा। तीनों के नाम 9-9 छक्के का रिकॉर्ड था।

- **दूसरे टेस्ट में हार के बाद आया कोच मैक्कुलम का बयान, बताया कब हुई बड़ी गलती** - भारत ने एजबेस्टन में इंग्लैंड पर 336 रनों की शानदार जीत हासिल की जिससे 5 मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई। हार के बाद इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने उन्होंने बल्लेबाजी के अनुकूल ट्रैक पर पहले बल्लेबाजी का फैसला न चुनकर बड़ी गलती की। मैक्कुलम ने कहा, मुझे लगता है कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ा, हमने उस टॉस पर विचार किया और कहा कि क्या हमने वहां कोई अवसर खो दिया और यह उचित भी है। मैकुलम ने कहा, हमें उम्मीद नहीं थी कि विकेट इतना अच्छा खेलेगा और इसलिए हम शायद थोड़ा गलत हो गए। लेकिन हमने उन्हें 200 रन पर 5 विकेट गंवाने दिए और हम उस स्थिति का फायदा नहीं उठा पाए और जब आप टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हैं तो आप उम्मीद नहीं करते कि विपक्षी टीम 580 रन बनाएगी और फिर उस स्थिति से हम मैच में पीछे हो जाते हैं।

### गिल को भरोसा था, मेरे पास जीतने वाली टीम है

दूसरे टेस्ट से पहले जब टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल से एक ब्रिटिश पत्रकार ने पूछा था, कि आपको कोई आइडिया है कि भारत ने यहां पर एक भी मैच क्यों नहीं जीता हैं। गिल ने कहा था कि मेरे पास ऐसी टीम है, जो जीत सकती है। गिल की यह कथन सही साबित हुई। कप्तान शुभमन गिल ने दोनों पारियों को मिलाकर 430 रन बनाए। वहीं, आकाशदीप ने 10 विकेट लिए। भारतीय टीम शुरू से इस मैच में इंग्लैंड से आगे रही। टॉप ऑडर के साथ इस बार मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने अच्छी शुरुआत को बड़ा स्कोर बदलने में साथ दिया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 587 रन बनाए थे। शुभमन गिल ने 269 रनों की पारी खेली। गिल के अलावा ओपनर यशस्वी जायसवाल 87 रन बनाए तो निचले क्रम में रवींद्र जडेजा ने 89 और वाशिंगटन सुंदर ने 42 रन बनाकर गिल का साथ दिया। जवाब में इंग्लैंड पहली पारी 407 रन पर सिमट गई। मोहम्मद सिराज ने 6 और आकाशदीप ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। भारत ने अपनी दूसरी पारी 6 विकेट पर 427 रन के स्कोर पर घोषित कर दी। गिल फिर टॉप स्कोरर रहे और 161 रन बनाए। केएल राहुल ने 55 और ऋषभ पंत ने 65, रविंद्र जडेजा ने नाबाद 69 रन की पारी खेली। वहीं, 606 रन के टारगेट करने उतरी इंग्लैंड टीम को भारतीय गेंदबाजों ने 271 रन पर रोक दिया। आकाशदीप ने 6 विकेट लिए। वहीं, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर ने 1-1 विकेट लिए।

## आकाशदीप ने एजबेस्टन में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया, कमिंस को पछाड़ बने नम्बर 1 गेंदबाज

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में हरा कर एतिहास रच दिया। भारत की और से बल्लेबाजी में कप्तान शुभमन गिल ने दोनो पारियो में कुल मिलाकर 430 रन बनाए जिसमें पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाकर अच्छी बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। वही भारत की गेंदबाजी से आकाशदीप ने इस मैच में कुल 10 विकेट अपने नाम किए जिसमें पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट शामिल थे। इसी के साथ ही आकाशदीप बर्मिंघम में चौथी पारी में इंग्लैंड के खिलाफ पारी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में पैट कमिंस का रिकॉर्ड तोड़ा है।

आकाशदीप ने बर्मिंघम में टेस्ट मैच की चौथी पारी में 5 विकेट लेने वाले पहले मेहमान तेज गेंदबाज बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया। इस प्रभावशाली प्रदर्शन में आकाशदीप ने दूसरी पारी में 6/99 के शानदार स्पेल से केवल इंग्लैंड की बल्लेबाजी को तहस-नहस किया बल्कि टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक नया अध्याय भी लिख दिया।



आकाशदीप के प्रभावशाली आंकड़ों ने बर्मिंघम में चौथी पारी में किसी मेहमान तेज गेंदबाज द्वारा किए गए पिछले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन को पीछे छोड़ दिया जो 2019 के बाद से पैट कमिंस (4/32) के नाम था। कमिंस के अलावा तीसरे नम्बर पर क्लाइव लॉयड, चौथे पर वसीम अकरम और पांचवें पर भारत के वेंकटेश प्रसाद हैं जिन्होंने 2-2 विकेट लिए हैं।

गौर हो एजबेस्टन टेस्ट की तो भारत ने पहली इनिंग में गिल के दोहरे शतक की बदौलत 587 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड 407 रन पर ढेर हो गई और भारत ने 180 रन की बढ़त बनाई। दूसरी इनिंग में भी टीम ने 427/6 का बड़ा स्कोर बनाते हुए इंग्लैंड को 608 रनों का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में इंग्लिश टीम अपनी दूसरी इनिंग में सिर्फ 271 रन ही बना पाई और ऐसे टीम इंडिया ने ये मैच 336 रनों से जीता। पांच मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है जिसका तीसरा टेस्ट लॉड्स में खेला जाएगा।

**बर्मिंघम में चौथी पारी में विदेशी तेज गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े : (सभी इंग्लैंड के खिलाफ)**

| |
|---|
| 6/99 - आकाशदीप (2025)* |
| 4/32 - पैट कमिंस (2019) |
| 2/26 - क्लाइव लॉयड (1973) |
| 2/41 - वसीम अकरम (1987) |
| 2/50 - वेंकटेश प्रसाद (1996) |
| 2/61 - इमरान खान (1987) |
| 2/71 - ज्योफ अलॉट (1999) |
| 2/74 - जसप्रीत बुमराह (2022) |

## डीपीएल नीलामी में दिग्वेश राठी पर लगी भारी भरकम बोली, आईपीएल 2025 से ज्यादा मिलेंगे पैसे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में भारी भरकम कीमत पर खरीदा गया है। हैरानी की बात यह है कि उन्हें डीपीएल में इंडियन प्रीमिर लीग (आईपीएल) 2025 से ज्यादा पैसे मिलेंगे। दिग्वेश को आईपीएल में 30 लाख रुपए में खरीदा गया था जबकि डीपीएल में उन पर 38 लाख रुपए की बोली लगी जिससे जोकि दूसरी सबसे ऊंची बोली थी।

दिग्वेश ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 38 लाख रुपए में खरीदा है। उन्हें खरीदने का मुख्य कारण आईपीएल में उनकी सफलता है। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए खेलते हुए दिग्वेश ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट अपने नाम किए और यही नीलामी में उनकी भारी भरकम बोली की एक बड़ी वजह रही। दिग्वेश ने आईपीएल 2025 में 13 मैचों में 52 ओवर डाले। इस दौरान उन्होंने 429 रन लुटाते हुए 30/2 के साथ 8.25 की इकोनॉमी से 14 विकेट चटकाए। राठी डीपीएल 2024 में भी खेल चुके हैं। उन्होंने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते 10 मैचों में 7.82 की इकॉनमी रेट और 21.71 की गेंदबाजी औसत के साथ 14 विकेट लिए जो टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और स्पिनरों में दूसरे स्थान पर रहे। विशेष रूप से उन्होंने एक उच्च स्कोरिंग मैच के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को नियंत्रण में रखा, जिसमें अतिरिक्त उछाल निकालने और रन फ्लो को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता का पता चलता है।



इस बीच तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह डीपीएल 2025 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने तेज गेंदबाज को 39 लाख रुपए में साइन किया। ऋषभ पंत को पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर नीलामी से पहले उन्हें अपने मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा था। इसके अलावा भारत के धमाकेदार ओपनर बल्लेबाज और पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 8 लाख रुपए की मोटी रकम में खरीदा।

## संजोग गुप्ता आईसीसी के नए सीईओ बने

### 2500 उम्मीदवारों में चुने गए, ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाने का लक्ष्य

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने संजोग गुप्ता को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। वे सोमवार से ही कार्यभार संभालेंगे। संजोग, आईसीसी के इतिहास में 7वें सीईओ होंगे। यह सिलेक्शन ऐसे समय हुई है जब क्रिकेट ओलिंपिक की ओर आगे बढ़ रहा है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने ऐलान करते हुए कहा, संजोग का खेलों की रणनीति और कॉमर्शियलाइजेशन को लेकर अनुभव, क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगा।



**2,500 उम्मीदवारों में चुने गए** -इस पद के लिए मार्च 2025 से 25 देशों से 2,500 से ज्यादा आवेदन आए। आईसीसी की एचआर और रेम्यूनरेशन कमेटी ने 12 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया। अंतिम चयन नॉमिनेशन कमेटी ने किया, जिसमें, आईसीसी डिप्टी चेयर इमरान ख्वाजा, ईसीबी चेयर रिचर्ड थॉम्पसन, श्रीलंका क्रिकेट प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया शामिल थे। यहां आईसीसी बोर्ड ने सर्वसम्मति से संजोग गुप्ता को चुना।

संजोग गुप्ता वर्तमान में जियो स्टार में स्पोर्ट्स और लाइव एक्सपीरिएंस के सीईओ हैं। उन्हें इस फील्ड में 20 साल से ज्यादा का अनुभव है। संजोग ने करियर की शुरुआत पत्रकार के रूप में की थी। 2010 में वे स्टार इंडिया से जुड़े। 2020 में डिज्नी स्टार के स्पोर्ट्स हेड बने। 2024 में वाइकाम-18 और डिज्नी स्टार के मर्जर के बाद जियो स्टार स्पोर्ट्स के सीईओ बने।

**आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने क्या कहा** - संजोग की मीडिया-एंटरटेनमेंट समझ बेहतरीन है। उनके पास क्रिकेट फैन की सोच को समझने की गहरी क्षमता है। हमारा लक्ष्य ओलिंपिक में क्रिकेट को रेगुलर खेल बनाना और क्रिकेट को कोर मार्केट से बाहर ले जाना है। संजोग इसमें अहम भूमिका निभाएंगे।

**यह मेरे लिए सम्मान की बात है- संजोग** - संजोग गुप्ता में कहा, यह मेरे लिए सम्मान की बात है कि मैं इस जिम्मेदारी को संभाल रहा हूं, खासकर उस समय जब क्रिकेट विस्तार की ओर है। दुनिया में करीब 2 अरब फैंस इस खेल को प्यार करते हैं। रु 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की एंट्री, महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता और टेक्नोलॉजी के तेज उपयोग। इन सब में मुझे योगदान देने का मौका मिलेगा। मैं आईसीसी के सभी मेंबर बोर्ड्स के साथ मिलकर क्रिकेट के अगले चरण में योगदान देना चाहता हूं।

आईसीसी के एजेंडे में क्या है आगे?
क्रिकेट को अधिक देशों में पहुंचाना।
महिला क्रिकेट को मेनस्ट्रीम में लाना।
फैन एक्सपीरियंस को बेहतर करना।
ओलिंपिक में स्थायी एंट्री पाना।
डिजिटल और टेक्नोलॉजी के जरिए युवा दर्शकों से जुड़ना।

## विंबलडन क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं नंबर-1 एरिना सबालेंका

- जर्मनी की लौरा सिगमंड भी जीतीं
- मेंस डबल्स में वर्ल्ड नंबर-3 जोड़ी उलटफेर का शिकार



**बेलारुस (एजेंसी)।** विंबलडन के राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में रविवार को वर्ल्ड नंबर-1 एरिना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। उन्होंने विमेंस सिंगल्स के मैच में बेल्जियम की एलिस मर्टेंस को सीधे सेट में हरा दिया। मेंस सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-5 टेलर फ्रिट्ज ने भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना लिया।

**विमेंस सिंगल्स में 3 प्लेयर्स जीतीं** - वर्ल्ड नंबर-1 बेलारूस की एरिना सबालेंका न मर्टेंस को 6-4, 7-6 (7-4) के अंतर से हरा दिया। विमेंस सिंगल्स में उनके अलावा रूस की एनास्तासिया पाव्ल्यूचेंकोवा ने ब्रिटेन की सोनाय कार्टाल को 7-6 (7-3), 6-4 से हराया। वहीं जर्मनी की लौरा सिगमंड ने अर्जेंटीना की सोलाना सिएरा को 6-3, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

**मेंस डबल्स में नंबर-1 जोड़ी जीतीं** -मेंस डबल्स में अर्जेंटीना के मार्सेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मैट पाविच ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।

## डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंचा भारत

- ऑस्ट्रेलिया वेस्टइंडीज को हराकर नंबर-1
- इंग्लैंड 12 पॉइंट्स के साथ चौथे स्थान पर

**दुबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया ने 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) साइकल में पहली जीत दर्ज की है। भारत ने इंग्लैंड को एजबेस्टन टेस्ट में 336 रन से हराया। इस जीत के साथ भारत को 12 डब्ल्यूटीसी अंक मिले और उनका पॉइंट परसेंटेज (पीसीटी) 50.00 हो गया है। भारत अब डब्ल्यूटीसी टेबल में इंग्लैंड के साथ तीसरे स्थान पर है।

डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर ऑस्ट्रेलिया है। टीम ने वेस्टइंडीज को उन्हीं के घर पर लगातार 2 टेस्ट हराए हैं। ऑस्ट्रेलिया के 24 पॉइंट्स हैं। दूसरे नंबर पर बांग्लादेश को दूसरे टेस्ट में हारने वाली श्रीलंकाई टीम है। श्रीलंका के 2 मैच में एक ड्रॉ और एक जीत के साथ 16 पॉइंट्स हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 की बढ़त ले ली है। तीसरा टेस्ट मैच किंग्स्टन में 13 जुलाई से खेला जाएगा।

### डब्ल्यूटीसी टेबल की सिचुएशन

- डब्ल्यूटीसी 2025-27 की शुरुआत श्रीलंका-बांग्लादेश के पहले मैच से हुई। यह मैच ड्रॉ रहा था। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच हेडिंग्ले से इस सीरीज की शुरुआत की। टीम को में 5 विकेट से हार मिली थी।
- न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका ने इस सीजन अभी एक भी टेस्ट नहीं खेला है।



- ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर- 100 प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज, वेस्टइंडीज के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीत ली है, एक मैच बाकी है।
- श्रीलंका दूसरे स्थान पर- 66.67प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज, बांग्लादेश के खिलाफ 1 जीत और 1 ड्रॉ।
- भारत और इंग्लैंड तीसरे और चौथे- संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। दोनों के 50.00प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज हैं। सीरीज में अभी 3 मैच बाकी है।
- बांग्लादेश पांचवें स्थान पर- श्रीलंका के खिलाफ एक ड्रॉ और एक हार के बाद बांग्लादेश 16.67प्रतिशत पॉइंट परसेंटेज के साथ पांचवें स्थान पर है।
- वेस्टइंडीज छठे स्थान पर- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2 मैच हारने के बाद वेस्टइंडीज 0 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं।
- न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका- अभी तक डब्ल्यूटीसी 2025-27 साइकिल की शुरुआत नहीं की है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीढ़ियों पर पटका, बाल पकड़कर घसीटा; इंजीनियर बहू ने मां के साथ मिलकर सास को बेरहमी से पीटा



**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के गोविंदपुरम में बहू ने मां के साथ मिलकर बुजुर्ग सास को बेरहमी से पीटा। ससुर ने शिकायत दी, लेकिन कविनगर पुलिस ने छह दिन तक केस दर्ज नहीं किया। रविवार को वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बहू और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। गोविंदपुरम में रहने वाले सत्यपाल सिंह केंद्रीय विद्यालय दिल्ली के रिटायर टीचर हैं। परिवार में तीन शादीशुदा बेटियों के अलावा इकलौता बेटा अंतरिक्ष है, जो गुरुग्राम में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। उन्होंने ढ़ाई साल पहले बेटे की शादी स्वर्ण जयंतीपुरम निवासी आकांक्षा के साथ की थी। आकांक्षा भी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है, जो एक साल से वर्क फ्रॉम होम कर रही है। सत्यपाल सिंह का कहना है कि बहू आकांक्षा उन्हें लंबे समय से परेशान कर रही है। बहू के पिता दिल्ली पुलिस में दरोगा हैं, वह हमेशा पिता की धमकी देती है। गृह क्लेश से तंग आकर बेटे ने घर आना छोड़ दिया और गुरुग्राम में ही रह रहा है। सत्यपाल सिंह का कहना है कि एक जुलाई को आकांक्षा ने अपनी मां को घर बुलाया और उनकी पत्नी सुदेश को पीटना शुरू कर दिया। उसने उनकी पत्नी को बाल पकड़कर घसीटा। मारपीट में आकांक्षा की मां ने भी साथ दिया। आरोप है कि आकांक्षा ने पहले उनकी पत्नी को पीटा फिर उन्हें मारने के लिए दौड़ी। उसके हाथ में चाकू था, लिहाजा उन्होंने कमरे में घुसकर जान बचाई। घटना के संबंध में उन्होंने कविनगर थाने में शिकायत दी, लेकिन छह दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, रविवार को बहू द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। एसीपी कविनगर भास्कर वर्मा ने बताया कि आरोपी बहू तथा उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### वनतारा की तर्ज पर गुरुग्राम में भी बनेगी जंगल सफारी, ष्टस्सैनी ने बताई सरकार की योजना



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुजरात के जामनगर स्थित विश्व प्रसिद्ध वनतारा जंगल सफारी और पुनर्वास केंद्र की तर्ज पर गुरुग्राम में प्रस्तावित एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनाने की योजना है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश के वन मंत्री राव नरबीर सिंह ने दो दिन पहले वनतारा का दौरा किया। वहां की तकनीकों, संसाधनों और प्रबंधन प्रणालियों के बारे में जानकारी हासिल की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि गुरुग्राम में प्रस्तावित जंगल सफारी को एशिया की सबसे बड़ी जंगल सफारी बनाने की योजना है। वनतारा जंगल सफारी का दौरा करने के बाद केंद्रीय मंत्री खट्टर ने अंबानी परिवार द्वारा विकसित इस केंद्र को एक मिसाल बताया। उन्होंने कहा कि हम गुरुग्राम में भी ऐसा ही कुछ बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली के निकट होने के कारण गुरुग्राम में इस तरह की सफारी न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगी, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि दौरे का मुख्य उद्देश्य यह समझना था कि गुरुग्राम में जंगल सफारी स्थापित करने के लिए किन-किन संसाधनों, तकनीकों और प्रबंधन प्रणालियों की आवश्यकता होगी।

# मानसी और नंदिनी बन करते थे प्यार की बातें, शादी के नाम पर ठगने वाले 2 लोग दबोचे

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया पर लड़की बनकर दोस्ती और शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक युवक को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उससे साढ़े चार लाख रुपये की ठगी की थी।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सूरजपुर कस्बे में एक मेडिकल स्टोर पर काम करने वाले एक युवक ने पुलिस से शिकायत की थी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि एक युवक ने लड़की बनकर फेसबुक, इंस्टाग्राम, वॉट्सएप के माध्यम व भिन्न-भिन्न मोबाइल नंबरों से संपर्क करते हुए खुद को अविवाहित लड़की बताकर विवाह का प्रस्ताव दिया। पीड़ित को विश्वास में लेकर मेडिकल इमरजेंसी, पारिवारिक संकट, शादी की तैयारी आदि बहाने बनाकर करीब 4,50,000 रुपये की ठगी कर ली गई। इसके बाद दो युवक उससे मिलने आए और गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते करीब बीस हजार रुपये लेकर भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज किया और मोबाइल की कॉल डिटेल और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान अमित उर्फ आरव निवासी केशवपुरम, दिल्ली और मोहम्मद रिजवान निवासी पीतमपुरा दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल और एक बाइक बरामद की है। पुलिस को पीड़ित ने बताया था कि वह एक मेडिकल स्टोर पर नौकरी करता है। आरोपियों ने उसकी कई साल की कमाई हड़प ली। वह धीरे-धीरे कर अपनी शादी के लिए पैसे जोड़ रहा था। उसने सैलरी के पैसे इकट्ठे किए थे। आरोपियों ने एक झटके में उसका सारा पैसा हड़प कर लिया। घटना के बाद से पीड़ित काफी परेशान हैं।



पकड़े गए आरोपी अमित और रिजवान पीड़ित से मानसी और नंदिनी बनकर बात करते थे। मानसी, संजू व नंदनी के नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना रखी थी। पुलिस के मुताबिक, अमित दिल्ली में फास्ट फूड की स्टाल लगाता है, जबकि रिजवान बीए की पढ़ाई कर रहा है। दोनों ने मिलकर युवक को जाल में फंसा कर ठगी की थी। पुलिस के मुताबिक अमित व रिजवान ने इंस्टाग्राम पर पीड़ित से दोस्ती कर शादी का झांसा दिया था। इसके बाद पीड़ित से ऑनलाइन पैसा मांगना शुरू कर दिया। जब पीड़ित द्वारा शादी करने की जिद की गई तो आरोपियों द्वारा कथित लड़कियों के भाई बनकर गंदी बात करने को लेकर जेल भिजवाने की धमकी दी गई। पीड़ित से मिलकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए 20 हजार रुपये लिए गए थे। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह सोशल मीडिया पर अजनबी व्यक्तियों से दोस्ती करते समय अत्यधिक सतर्कता बरतें।

## कांग्रेस सांसद शशि थरूर को हिंदू होने पर है गर्व, वीडियो शेयर कर समझाया

**तिररूवंतपुरम एजेंसी।**
कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वे हिंदू धर्म के बारे में बात करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उन्होंने कहा कि उन्हें हिंदू होने पर गर्व है। उन्होंने हिंदू धर्म को 33 करोड़ दिव्य रूपों की आस्था और स्वीकृति में निहित धर्म बताया है।

वीडियो में, थरूर ने हिंदू धर्म को एक ऐसी आस्था बताया है जो बेहद व्यक्तिगत है और कठोर संरचनाओं से मुक्त है। शशि थरूर ने वीडियो में कहा, मैं एक हिंदू हूं और यह मूल रूप से मेरे और मेरे निर्माता की मेरी अवधारणा के बीच है। ऐसे 33 करोड़ तरीके हैं जिनसे आप ईश्वर का नाम ले सकते हैं और उनकी कल्पना कर सकते हैं। अपने हिसाब से चुनें, जो आपको पसंद हो, आधा दर्जन या एक दर्जन चुनें...हमारे पास कोई हिंदू पोप नहीं है, कोई रविवार नहीं है, और आप सचमुच सप्ताह के किसी भी दिन अपने देवता उनके लिए उपवास कर सकते हैं या उनके लिए प्रार्थना कर सकते हैं या जो भी आप चाहें कर सकते हैं।

वीडियो को सबसे पहले एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर यूजर सिमरन भाटिया ने पोस्ट किया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, हिंदू धर्म को पूरी तरह से समझने वाले व्यक्ति शशि थरूर। यह सच है कि हिंदू धर्म कठोर नहीं है, ईश्वर से जुड़ने के अनंत तरीके हैं और यह भी उतना ही सच है कि हिंदू धर्म सभी को आत्मसात करता है और इसमें अतिवाद और कट्टरता के लिए कोई जगह नहीं है, ठीक कहा सर।

वीडियो में, कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा कि उन्हें स्वामी विवेकानंद की तरह हिंदू होने पर गर्व है, उन्होंने कहा कि यह किसी हिंदुत्व कट्टरपंथी का गर्व नहीं है। उन्होंने आगे कहा, आप यह भी तय कर सकते हैं कि आपको निर्गुण ब्रह्म का विचार पसंद है। ईश्वर बिना रूप, बिना गुण, बिना आकार के हैं। इसलिए हिंदू धर्म द्वारा आपको दिए जाने वाले ये सभी विकल्प, मेरे विचार से, बिल्कुल अद्भुत हैं। इस अर्थ में, मुझे हिंदू होने पर बहुत गर्व है, और मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है।

## बादलों की दस्तक से डगमगाया राजस्थान, जयपुर में जलजमाव तो श्रीगंगानगर में हादसा

**जयपुर एजेंसी।** राजस्थान में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। सोमवार सुबह से राजधानी जयपुर में रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते शहर की कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के 2 जिलों में ऑरेंज और 22 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश का यह सिलसिला आने वाले दिनों में और तेज हो सकता है। रविवार को प्रदेश में बारिश की रफ्तार कुछ धीमी जरूर हुई, लेकिन राहत की उम्मीद कम ही नजर आ रही है। जयपुर, भरतपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में रविवार को हल्की धूप खिली, जिससे तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं, बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। माउंट आबू में रविवार सुबह 5 से 7 बजे के बीच हल्की बारिश हुई, जिससे ठंडक का अहसास हुआ। वहीं, श्रीगंगानगर जिले के श्रीविजयनगर में शनिवार रात बड़ा हादसा हो गया। रात करीब 11:30 बजे तेज बारिश के बीच दो मकानों की छत गिर गई, जिसमें 5 साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई और 5 लोग घायल हो गए। बूंदी जिले के नमाना क्षेत्र में भी बारिश ने खतरा बढ़ा दिया। श्यामू पुलिया पर करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे एक कार उसमें फंस गई और घोड़ा पछाड़ नदी में बह गई। गनीमत रही कि कार में सवार पिता-पुत्र समय रहते बाहर निकल आए। बाद में क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला गया। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का अगला दौर और अधिक असरदार हो सकता है। पश्चिम बंगाल के ऊपर बना एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन अब उत्तर-पश्चिम भारत की ओर बढ़ रहा है। इसके प्रभाव से 8 और 9 जुलाई से जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में फिर से तेज बारिश शुरू हो सकती है।

# पाकिस्तानी जासूस ज्योति पर बड़ा खुलासा, किसके बुलाने पर गई केरल; उठ रहे सवाल

**चंडीगढ़ एजेंसी।** हरियाणा की ज्योति मल्होत्रा को लेकर नया खुलासा हुआ है। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में बंद ज्योति केरल सरकार के बुलावे पर वहां गई थी। यह बात सामने आई है एक आरटीआई में। इसके मुताबिक ज्योति मल्होत्रा केरल टूरिज्म डिपार्टमेंट के ऑफिशियल डिजिटल कैंपेन का हिस्सा थी। अपने यूट्यूब चैनल ट्रैवल विद जो के लिए जानी जाने वाली ज्योति को केरल सरकार ने चुना था। केरल सरकार ने सोशल मीडिया इंफ्लुएंशर्स के बीच से उसको चुना था। ज्योति का काम केरल को ग्लोबल ट्रैवल डेस्टिनेशन के रूप में प्रमोट करना था।

ज्योति के साथ केरल सरकार ने कोलैबोरेशन किया था। इस तरह सरकार उसके ट्रैवेल, ठहरने समेत विभिन्न खर्च उठाती थी। साल 2024 से 2025 के बीच ज्योति केरल की विभिन्न जगहों पर गई। इसमें कन्नूर, कोझिकोड, कोच्चि, अलापुझा और मुन्नार शामिल हैं। ज्योति ने जो कंटेंट बनाए, उसे बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। लेकिन पाकिस्तान से जासूसी के आरोपों ने ज्योति मल्होत्रा की केरल यात्रा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ज्योति के ऊपर आरोप हैं कि उसने पाकिस्तान की कई बार यात्रा की थी। इसके अलावा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों से संपर्क रखने के आरोप भी उसके ऊपर हैं।



भारत में पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारियों से उसके संबंधों पर भी सवाल हैं। बताया जाता है कि ज्योति से जुड़ा यह खुलासा होने के बाद पाकिस्तानी अधिकारी को निकाल दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद देशभर में छापेमारी हुई है। इसमें कुल 12 संदिग्ध पकड़े गए हैं। यह संदिग्ध पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से संबंध रखने वाले हैं। बताया जाता है कि यह सभी डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और इंफ्लुएंसर नेटवर्क का इस्तेमाल खुफिया सूचना जुटाने में करते थे।

# बिलावल पर भड़का आतंकी हाफिज सईद का बेटा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पॉलिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है। उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है? तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा- हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है। पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है। हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।



हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने के बारे में पूछे जाने पर बिलावल ने दावा किया था कि हाफिज सईद जेल में है, जबकि मसूद अजहर के बारे में कोई जानकारी नहीं है शायद वह अफगानिस्तान में है। अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में बिलावल ने कहा- अगर भारत यह जानकारी दे कि अजहर पाकिस्तान में हैं, तो पाकिस्तान को उसे गिरफ्तार करने में खुशी होगी। मसूद अजहर भारत में 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले, 2016 के पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों में शामिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने उसे 2019 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था। बिलावल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब दो महीने पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मसूद अजहर ने इसके बाद बयान जारी कर कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता।

## नाइजीरिया के बोर्नो राज्य के एक गांव में इस्लामी चरमपंथी बोको हरम का हमला, नौ लोगों की मौत



**अबुजा, एजेंसी।**
नाइजीरिया में इस्लामी चरमपंथी संगठन बोको हरम का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इसी क्रम में एक बार फिर उत्तर-पूर्वी बोर्नो राज्य में बोको हरम ने एक गांव पर जोरदार हमला किया। हमला इतना खतरनाक था कि इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और चार से ज्यादा लोग घायल हो गए। यह जानकारी राज्य के गवर्नर बाबगाना जुलुम ने रविवार को दी। यह हमला मलम फातोरी नामक गांव में हुआ, जो चाड की सीमा के पास स्थित है और बोर्नो की राजधानी मैदुगुरी से करीब 270 किलोमीटर दूर है।

बता दें कि इस हमले के बाद गवर्नर की ओर से उनके प्रतिनिधि और स्थानीय निकाय मंत्री सुगुन माई मेले ने गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव वालों को चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति बोको हरम आतंकियों से मिलकर समुदाय के खिलाफ साजिश करता पाया गया, तो उन्हें उनका बुरा परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसे हमलों को रोकने के लिए सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। बीते कुछ महीनों में बोको हरम के हमले फिर से बढ़ गए हैं। आतंकियों ने कई बार सेना की चौकियों पर हमला किया है, सड़कों पर बम लगाए हैं और आम लोगों के गांवों को निशाना बनाया है। इससे 2009 के चरम बोको हरम आतंक के दौर की वापसी का डर फिर से बढ़ने लगा है, जबकि सेना लगातार अपनी कामयाबी के दावे कर रही है। पिछले महीने भी बोर्नो के कोंडुगा इलाके में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने एक रेस्टोरेंट में विस्फोट कर कम से कम दस लोगों की जान ले ली थी और कई घायल हुए थे। गौरतलब है कि बोको हरम ने 2009 में हथियार उठाकर पश्चिमी शिक्षा का विरोध करना और कट्टर इस्लामी कानून लागू करना शुरू किया था। इस हिंसा में अब तक करीब 35,000 लोग मारे जा चुके हैं और 20 लाख से ज्यादा लोग बेघर हो चुके हैं। इस समय नाइजीरिया न सिर्फ उत्तर-पूर्व में आतंकवाद से जूझ रहा है, बल्कि उत्तर-मध्य और उत्तर-पश्चिम इलाकों में भी हिंसा और हमलों से देश में सुरक्षा संकट गहराता जा रहा है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच यमन में इस्राइल का हवाई हमला, हूती विद्रोहियों का पलटवार

**दुबई, एजेंसी।**
इस्राइल ने अब ईरान का साथ देने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस्राइली सेना ने सोमवार सुबह यमन में हवाई हमला किया। इस्राइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों, बंदरगाह और अन्य स्थानों पर मिसाइल दागी। जवाब में हूती विद्रोहियों ने भी इस्राइल पर मिसाइल हमला किया।

इस्राइल ने हमला हूतियों के लाल सागर में एक जहाज पर किए गए संदिग्ध हमले के बाद किया। हूतियों के हमले के बाद जहाज में आग लग गई और वह पानी में डूब गया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने हूतियों के कब्जे वाले होदेदा, रास ईसा और सालिफ बंदरगाहों पर हमला किया। सेना ने कहा कि इन बंदरगाहों का उपयोग हूती आतंकवादी ईरानी शासन से हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए करते हैं। इन हथियारों का उपयोग बाद में इस्राइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है।

इस्राइली सेना ने कहा कि उसने गैलेक्सी लीडर नामक वाहन पर हमला किया, जिसे हूतियों ने नवंबर 2023 में जब्त कर लिया था। जब उन्होंने इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में अपने हमले शुरू किए थे। हूतियों ने जहाज पर एक रडार प्रणाली स्थापित की है और इसका उपयोग वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर नजर रखने के लिए कर रहे हैं, ताकि आगे की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके। इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज़ ने आगे भी हमले की धमकी दी। काट्ज ने कहा कि जो ईरान के लिए सच है, वही यमन के लिए भी सच है। जो कोई भी इस्राइल के खिलाफ हाथ उठाएगा, उसका हाथ काट दिया जाएगा। हूतियों को अपने कामों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसके बाद हूतियों ने इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को रोकने की कोशिश की, लेकिन कोशिश सफल न हुई। हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वहीं हूतियों ने इस्राइली हमलों की बात स्वीकार की, लेकिन नुकसान की जानकारी नहीं दी। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि उनके वायु रक्षा बलों ने इस्राइलियों का बेहतर तरीके से सामना किया। यमन के हूती विद्रोही पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उनका दावा है कि वे गाजा में इस्राइल के हमले के विरोध में ऐसा कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक, नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हूतियों ने 100 से ज्यादा जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इनमें से दो जहाज डूब गए और चार नाविकों की मौत हुई। इस कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग पर असर पड़ा, जहां हर साल लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है। बता दें कि, मार्च 2025 में अमेरिका ने हूती ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद हूतियों ने अपनी खुद के घोषित संघर्ष विराम को तोड़ दिया। हालांकि इसके बाद से उन्होंने सीधे किसी जहाज को नहीं निशाना बनाया।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129